सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 13 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 99, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## महंगाई के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। } 10

## भारत में पेटेंट आवेदनों की संख्या बढ़कर हुई 1.43 लाख

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में बौद्धिक संपदा अधिकारों के तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के कारण पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या 30 .2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गयी है। } 12



# दिग्गज गायिका आशा भोसले का निधन

## राष्ट्रपति, पीएम मोदी, सीएम योगी समेत वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

एजेंसी



1933 – 2026

मुंबई। अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उन्होंने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी।

भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने यह जानकारी दी थी। भोसले ने परंपराओं को तोड़ते हुए सिनेमा में महिलाओं की आवाज को गहराई दी, चाहे वह हम इंतजार करेंगे में विरह से भरी मीना कुमारी हों या पिया तू अब तो आजा में बेबाक और मदहोश हेलेन हों। उनके बेटे आनंद ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांदे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आजा, आजा पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर करने वाली और उतनी ही कुशलता से चैन से हम को कभी में बिछड़े प्रेम का दर्द भी महसूस कराने वाली उनकी आवाज ने कई पीढ़ियों तक भारतीयों के बचपन और युवावस्था को संवारा। और अब उनके निधन पर लाखों लोग शोक में डूबे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दशकों तक विस्तारित भोसले की असाधारण संगीतमय यात्रा ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक, आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनके साथ हुई बातचीत की यादें मेरे दिल में हमेशा बसी रहेंगी। उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता विफल, एक दूसरे पर जड़े आरोप

## राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को बताया जिम्मेदार, होर्मुज की सैन्य नाकेबंदी का किया एलान

एजेंसी





इस्लामाबाद। वैश्विक ऊर्जा व्यवधान का कारण बने पश्चिम एशिया संघर्ष को समाप्त करने के लिए इस्लामाबाद में हुई ऐतिहासिक वार्ता में दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हो पाने के बाद अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधिमंडल रविवार को पाकिस्तान से रवाना हो गए।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि वार्ता शांति समझौते तक पहुंचने में विफल रही। उन्होंने तेहरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को नहीं छोड़ने को इसकी प्रमुख अड़चनों में से एक बताया। वेंस ने वार्ता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम यहां से एक बहुत ही सरल प्रस्ताव लेकर जा रहे हैं, एक ऐसा तरीका जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि यह हमारा अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव है। हम देखेंगे कि ईरानी इसे स्वीकार करते हैं या नहीं। वेंस संवाददाता सम्मेलन संबोधित करने के लगभग एक घंटे बाद रवाना हुए। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी उन्हें विदाई देने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल भी पाकिस्तान से रवाना हो चुका है। सुरक्षा कारणों से ईरानी प्रतिनिधिमंडल के रवाना होने के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने भी एक्स पर बताया कि कई दौर की बातचीत के बाद ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से रवाना हो गया है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण इस्लामाबाद वार्ता विफल रही। हालांकि, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने इस बात पर जोर दिया कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। ईरानी प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंचा था, जबकि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शनिवार तड़के पहुंचा था। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि ईरान-अमेरिका शांति वार्ता पहले पाकिस्तान के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से और बाद में दोनों पक्षों के बीच प्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से संपन्न हुई। पाकिस्तान की मध्यस्थता में वार्ता शनिवार को दोनों पक्षों द्वारा छह दिवसीय युद्धविराम की घोषणा के चार दिन बाद शुरू हुई। वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान और अमेरिका के बीच यह पहली सीधी, उच्च स्तरीय वार्ता थी। मीडिया के साथ एक संक्षिप्त बयान में, पाकिस्तान के विदेश मंत्री डार ने कहा कि उनके देश ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

### लापरवाही बरतने पर तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

जालौन। जिले के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में गुमशुदगी के एक मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्री सिंह ने बताया कि पिछली 27 मार्च को ग्राम रूद्रपुरा निवासी कमल प्रताप सिंह उर्फ कुक्के के लापता होने का मामला अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया था। आरोप है कि गुमशुदा की तलाश और बरामदगी के लिए पुलिस ने अपेक्षित स्तर पर कोई ठोस और प्रभावी प्रयास नहीं किए। इसी बीच आठ अप्रैल को कमल प्रताप सिंह का शव आरोपी रोहित याज्ञिक के बाड़े में मिट्टी के नीचे दबा हुआ बरामद हुआ।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने नष्ट किये अवैध बंकर

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में सुरक्षा बलों ने 21 अवैध बंकर नष्ट कर दिए है। पुलिस ने रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। उखरुल जिले में हाल में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की गोली लगने से मौत हो गई थी। सुरक्षा बलों ने एक अलग अभियान में तेंगनौपाल जिले से 13 आईईडी भी बरामद किए। बयान के अनुसार, सुरक्षा बलों ने शनिवार को लिटान थाना क्षेत्र के सिकिबंग गांव में 14 और मोंगकोट चेपु गांव में सात बंकर को नष्ट किया।

# माफिया व गुंडों की पसली तोड़ता है बुलडोजर

## ○ बंगाल की धरती पर गरजे मुख्यमंत्री योगी ○ टेरर, तुष्टिकरण, माफियाराज व कटमनी का जवाब है भाजपा सरकार

विशेष संवाददाता




पूर्वी मेदिनीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की चुनावी जनसभाओं में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर प्रहार किया। कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अपनी तीसरी जनसभा में उन्होंने कहा कि कोलकाता का मेयर कहता है कि यहां की आधी आबादी से उर्दू बुलवाएंगे, मैं उससे बोल रहा हूं कि यहां की जनता उर्दू नहीं, बांग्ला बोलेगी। यहां कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलने दी जाएगी। कोई भी माई का लाल बंगाल की संस्कृति, आन-बान-शान से खिलवाड़ नहीं कर सकता। मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश बंगाल वासियों के साथ खड़ा है। हम टीएमसी के देशद्रोही मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। जिस तरह भाजपा की डबल इंजन सरकार ने यूपी को अराजकता, दंगा व कर्फ्यू मुक्त बनाया है, सरकार बनने पर वैसे ही बंगाल को भी बनाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि बंगाल वंदे मातरम की धरती है। यह धरती तूफानों से टकराकर भी हार नहीं मानती। सीएम ने गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, जगदीश चंद्र बसु, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे राष्ट्रनायकों को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश-एक संविधान का जो सपना देखा था, उसे पीएम मोदी ने साकार किया। अब बंगाल का नौजवान भी कश्मीर में संपत्ति खरीद सकता है। सीएम ने कहा कि कभी भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन रहे बंगाल को पहले कांग्रेस, फिर वामपंथियों और 15 वर्ष से तृममूल कांग्रेस ने कंगाल बनाकर रख दिया है। यहां चक्रवात में मिली सहायता और गरीबों के हक का पैसा भी टीएमसी के गुंडे खा जाते हैं। मछुआरों व किसानों से झूठे वादे किए जाते हैं। यहां विकास नहीं, सिर्फ वसूली तंत्र हावी है। कभी शिक्षा, संस्कृति, कला व उद्यम की भूमि बंगाल अब बदहाल है, कंगाल है। टीएमसी मां-माटी-मानुष का नारा देती है, लेकिन उसका ...शेष पृष्ठ 10 पर

### तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार भाजपा के पास : योगी

सोनामुखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे। सोनामुखी, नंदकुमार व कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित तीन जनसभाओं में कांग्रेस, वामपंथी दलों व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर कड़े प्रहार किए। उन्होंने टीएमसी के मां-माटी-मानुष के नारे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आज बंगाल में मां-बहन असुरक्षित हैं, माटी घुसपैठियों के कब्जे में और मानुष भयभीत व असहाय है। बंगाल में तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार सिर्फ भाजपा के पास है। टीएमसी का पूरा मतलब तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी है। सीएम ने कोलकाता के मेयर को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### घाटी में लश्कर के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश

श्रीनगर/नयी दिल्ली। लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूह के अंतरराज्यीय नेटवर्क पर कार्वाई तेज करते हुए, जम्मू कश्मीर पुलिस ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय में हरियाणा और राजस्थान से कई लोगों को हिरासत में लिया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने आतंकियों को पासपोर्ट समेत फर्जी पहचान पत्र हासिल करने में मदद की थी। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों ने आधार कार्ड, स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्ड और मतदाता कार्ड जैसे दस्तावेज बनाकर आतंकवादियों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

इस जांच का नेतृत्व श्रीनगर पुलिस ने किया, जिसने पूरी खुफिया जानकारी जुटाई। हालांकि, जैसे-जैसे इस अभियान का दायरा और इसके व्यापक सुरक्षा प्रभाव स्पष्ट होते गए, मामले में केंद्रीय एजेंसियों और अन्य राज्यों की पुलिस को शामिल किया गया, ताकि देश के विभिन्न हिस्सों में फैले इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। आधिकारियों... शेष पृष्ठ 10 पर

## नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प ही समाधान

प्रमुख संवाददाता



हल्द्वानी (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नशे का बढ़ता दायरा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिसका सबसे अधिक असर युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि परिवार और सामाजिक संरचना को भी कमजोर कर देती है। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में आयोजित नशामुक्ति जागरूकता ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीएम योगी के नेतृत्व में लखनऊ का तेजी से हुआ विकास




लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में प्रवास के दूसरे दिन रविवार को वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में लखनऊ वासियों से अपनी बात साक्षा की। उन्होंने कहा, लखनऊ में आकर हमेशा सुखद अनुभव होता है। दिल्ली में भी जब लखनऊ के लोग मिलते हैं, तो मेरी कोशिश रहती है कि उनसे मुलाकात जरूर हो। राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है, लेकिन लखनऊ हमेशा उनके जहन में रहता है। आपने मुझे संसद में भेजा है और मुझे जो जिम्मेदारी दी है, मैं पूरी कोशिश करता हूं कि उसे पूरी कर सकूं। उन्होंने लखनऊ के पिछले 10-12 वर्षों में हुए विकास की भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

**पुण्यतिथि पर दी गयी विनम्र श्रद्धांजलि, बांटे गये प्रसाद और फल, जगह–जगह लगे भंडारे, बीबीडी ग्रुप, सामाजिक, राजनैतिक व खेल जगत की हस्तियों ने डॉ . अखिलेश दास गुप्ता को किया नमन**

# 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गये पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ . अखिलेश दास गुप्ता

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राजधानी लखनऊ के पूर्व मेयर तथा बीबीडी ग्रुप के संस्थापक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी में आयोजित अखिल ज्योत कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई।

○ बीबीडी यूनिवर्सिटी के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में डिजिटल ग्रोथ पर एआई से सम्बन्धित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का हुआ आयोजन

इस अवसर पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास एवं श्रीमती देवांशी दास, बीबीडीयू के वाइस चांसलर, प्रो वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, सभी सम्मानित अतिथि, सभी डायरेक्टर, डीन्स, फैकल्टी एवं छात्र - छात्राओं द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने भी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया ...शेष पृष्ठ 10 पर














फोटो : अमित वर्मा

C M Y K

# विद्यार्थियों का प्रेरणादायक प्रयास, दिखा सेवा और शिक्षा का सुंदर संगम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के कुछ विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, फैजुल्लागंज, बाराबंकी का शैक्षिक भ्रमण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन के साथ विधिवत रूप से की गई, जिससे वातावरण में श्रद्धा एवं उत्साह का संचार हुआ।

इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने वहां के बच्चों के साथ सहभागिता करते हुए उन्हें विभिन्न शैक्षिक सामग्री एवं प्रोजेक्ट्स प्रदान किए। इन सामग्रियों में विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों से संबंधित प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ स्टेशनरी सामग्री जैसे पेंसिल बॉक्स, क्ले एवं कॉपियां शामिल थीं। विद्यार्थियों द्वारा इस प्रकार की पहल ने वहां के बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और उत्साह को बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान दोनों विद्यालयों के बच्चों के बीच आत्मीय संवाद एवं सहयोग की भावना देखने को मिली। सभी बच्चे इस गतिविधि से अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित दिखाई दिए। अंत में सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसके पश्चात अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक विदा किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।







# 24 साल बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ आधुनिकीकरण कार्यों की सराहना की





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। उनके आगमन पर विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। लगभग 24 वर्षों पश्चात विधानसभा का भ्रमण करने आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां किए गए व्यापक नवाचारों, सुदृढ़ व्यवस्थाओं तथा आधुनिकीकरण कार्यों की सराहना की।

दोपहर लगभग 12 बजे विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह ने सर्वप्रथम डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा के गौरवमयी इतिहास पर आधारित एक विशेष फिल्म देखी। इस फिल्म के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध लोकतांत्रिक परंपरा, ऐतिहासिक निर्णयों और विधायी विकास यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने इस पहल को युवा पीढ़ी के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया।

साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा में किए गए ये नवाचार जनप्रतिनिधियों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जिससे विधायी कार्यों में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

इसके पश्चात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा परिसर में विकसित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने हेलिकॉप्टर अनुभव, आधुनिक गलियारों तथा नवीन व्यवस्थाओं को देखा और उनके सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की सराहना की।

भ्रमण के दौरान उन्होंने समिति कक्ष, टंडन हाल, सुसज्जित दर्शक दीर्घा, मंडप कक्ष, गैलरी में प्रदर्शित महापुरुषों के चित्रों का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने नवीनीकृत मीडिया कक्ष तथा ऐतिहासिक महत्व के भित्ति चित्रों को भी देखा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन सभी व्यवस्थाओं से विधानसभा की गरिमा और कार्यक्षमता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही उन्होंने भव्य प्रवेश द्वार और समग्र परिसर के सुदृढ़ एवं आकर्षक स्वरूप की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ एक डिजिटल आत्म-चित्र भी लिया, जो इस महत्वपूर्ण अवसर की स्मृति का प्रतीक बना। कार्यक्रम के अंत में राजनाथ सिंह को उत्तर प्रदेश विधानसभा में दिए गए महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन पर आधारित एक विशेष पुस्तक भेंट की गई। इस पुस्तक में प्रदेश की विधायी परंपराओं, ऐतिहासिक बहसों और महत्वपूर्ण निर्णयों का विस्तृत संकलन प्रस्तुत किया गया है। रक्षा मंत्री ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। अंत में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा ने परंपरा और आधुनिकता का उत्कृष्ट संतुलन स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि श्री महाना के प्रयासों से विधानसभा न केवल तकनीकी रूप से सशक्त हुई है, बल्कि यह जनहितकारी विधायी कार्यों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में विकसित हो रही है।

# 49 बस स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- **स्वच्छ, सुरक्षित और डिजिटल सुविधाओं से लैस होंगे बस टर्मिनल**

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर फेज-2 बस स्टेशन विकास परियोजना को स्वीकृति मिल गई है, जिसके तहत प्रदेश के 49 प्रमुख बस स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इन बस स्टेशनों को आधुनिक, विश्वस्तरीय एवं बहुउद्देश्यीय बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां यात्रियों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परियोजना के अंतर्गत शीघ्र ही डेवलपर्स के चयन के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जो पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक होगी।

## स्वच्छता और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पीपीपी मॉडल के तहत बनने वाले इन बस स्टेशनों में स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल सूचना प्रणाली की बेहतर व्यवस्था होगी। इसके साथ ही सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और सहायक सेवाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे स्मार्ट और टिकाऊ अवसंरचना विकसित की जा सके। उन्होंने बताया कि यह परियोजना डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) ढांचे पर आधारित होगी, जिसमें राज्य सरकार पर कोई प्रत्यक्ष पूंजीगत व्यय नहीं आएगा। निजी निवेश के माध्यम से बस स्टेशनों का विकास किया जाएगा, जबकि भूमि का स्वामित्व निगम के पास रहेगा।

## इन बस अडडों का होगा कायाकल्प

आगरा में फाउंड्री नगर, अम्बेडकरनगर में अकबरपुर (डिपो कार्यशाला) अमेठी में अमेठी, अयोध्या में अयोध्या (ओल्ड बस स्टेशन) आजमगढ़ में तरवा, बलिया में रसड़ा और बेल्थरा रोड, बलरामपुर में बलरामपुर (डिपो कार्यशाला) बाराबंकी में हैदरगढ़, बस्ती में बस्ती (डिपो कार्यशाला) बिजनौर में नहटौर, बदायूं में बदायूं, बुलंदशहर में बुलंदशहर (पुराना) और खुर्जा, देवरिया में देवरिया, एटा में एटा, फिरोजाबाद में फिरोजाबाद और शिकोहाबाद, गौतमबुद्धनगर में नोएडा (डिपो कार्यशाला) गाजियाबाद में गढ़ और लोनी, गोंडा में गोंडा (डिपो कार्यशाला) हरदोई में हरदोई बस स्टेशन को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा।

**द्वितीय चरण में लखनऊ के जानकीपुरम में भी बनेगा बस स्टेशन :** इसके अलावा हाथरस में हाथरस, जौनपुर में जौनपुर, मछलीशहर और बादशाहपुर, झांसी में झांसी (नयी भूमि) कानपुर देहात में माती, कौशांबी में सराय आकिल, लखीमपुर खीरी में गोला, लखनऊ में कैसरबाग और जानकीपुरम, महाराजगंज में सुनौली और निचलौल, मिजार्पुर में विंध्याचल, मुरादाबाद में मुरादाबाद (पीतल नगरी) मुजफ्फरनगर में मुजफ्फरनगर (नई भूमि) पीलीभीत में पीलीभीत, प्रतापगढ़ में कुंडा, रामपुर में रामपुर, श्रावस्ती में भिनगा, सीतापुर में नैमिषारण्य और सिधौली, सोनभद्र में रॉबर्टसगंज (सोनभद्र) अमेठी में जगदीशपुर, उन्नाव में उन्नाव, वाराणसी में काशी (गोलगडडा) और चंदौली में चंदौली बस स्टेशन द्वितीय चरण के अंतर्गत विकसित किया जाएगा।

# यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप दिखना शुरू हो गया है। गर्मी बढ़ते ही बिजली की मांग भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए योगी सरकार अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने अधिकारियों को सचेत किया कि गर्मियों में सभी को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सके, इसके लिए अभी से पूरी तैयारी कर ली जाय। साथ ही ट्रांसफार्मर खराब न हों, इसके लिए भी पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

**ट्रांसफार्मर फुंकने पर होगी कार्रवाई :** डॉ. गोयल ने बताया कि ट्रांसफार्मर के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त धनराशि दी गई है। फ्यूज एवं टेललेस यूनिट हर ट्रांसफार्मर पर लगे, इसके लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अगर ट्रांसफार्मर फुकेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अधूरे कामों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर भी कार्य काफी पीछे हैं, वहां फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाये। साथ ही अधिकारियों और अवर अभियंताओं पर भी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाय। अध्यक्ष डॉ. गोयल ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में गर्मी अभी और बढ़ेगी। इसके लिए तैयारी उसी के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में कर्मी उपलब्ध हैं। इसलिए कहीं भी आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। सबको शिड्यूल के अनुरूप बिजली प्राप्त हो।

**राजधानी में ट्रिपिंग न होने देने के सख्त निर्देश :** उप्र पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष ने कहा कि ट्रांसफार्मर पर जीरो डैमेज नीति है और विद्युत आपूर्ति में ट्रांसफार्मर की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। लापरवाही के कारण अगर विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी तो जिम्मेदारी तय करके कार्रवाई की जाएगी। राजधानी लखनऊ में बिजली व्यवस्था सुचारु बनी रहे, इसको लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। राजधानी में ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्युत दुर्घटनाओं पर भी जीरो टॉलरेंस नीति लागू है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आधारभूत ढांचे का होगा विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

- **व्यवस्था में व्यापक और ठोस सुधार सुनिश्चित कर रही प्रदेश सरकार**
- **रिक्त पदों भरे जायेंगे, रोटी मेकिंग मशीन, सोलर गीजर व वाशिंग मशीन की मिलेगी सुविधा**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) व्यवस्था में व्यापक और ठोस सुधार सुनिश्चित किया है। हालिया आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में एक ओर जहां रिक्त पदों को तेजी से भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर आधारभूत ढांचे और छात्राओं की दैनिक सुविधाओं के विस्तार में भी प्रगति दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता लाने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। अब बेसिक शिक्षा विभाग खाद्यान्न, दैनिक उपयोग सामग्री एवं स्टेशनरी की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।

सरकार की नीतिगत सख्ती, सतत निगरानी और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली के चलते केजीबीवी अब आवासीय विद्यालय के साथ-साथ सुरक्षित, सुसज्जित और आधुनिक शैक्षिक परिसरों के रूप में विकसित हो रहे हैं। यह परिवर्तन प्रदेश की बेटियों को बेहतर अवसर, सुविधाएं और सशक्त भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में केजीबीवी के अंतर्गत एकेडमिक हॉस्टल, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। आंकड़ों के अनुसार कई जिलों में इन कार्यों को पूर्ण कर छात्राओं को बेहतर आवासीय एवं शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया गया है। केजीबीवी के रिक्त पदों में सुधार की प्रक्रिया तेज है। आंकड़े बताते हैं कि प्रयागराज (43), बलिया (42), उन्नाव (39) और एटा (35) जैसे जनपदों में उच्च रिक्तियों को चिह्नित कर उनकी पूर्ति की प्रक्रिया तेज की गई है। ऐसे जनपदों में आवेदकों की स्क्रीनिंग प्रगति पर है। वहीं श्रावस्ती, रायबरेली, आजमगढ़, ललितपुर जैसे कई जनपदों में कोई भी पद रिक्त नहीं। ऐसे जिलों में रिक्तियों की संख्या शून्य होना प्रभावी मॉनिटरिंग और जवाबदेही आधारित व्यवस्था का संकेत है। छात्राओं के दैनिक जीवन को सुगम बनाने के लिए रोटी मेकिंग मशीन, सोलर गीजर, जेनसेट एवं वाशिंग मशीन जैसी सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही फोक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट, ओपन जिम और 'एक केजीबीवी-एक खेल' जैसी पहलें भी छात्राओं के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए लागू की जा रही हैं। भवन मरम्मत कार्यों में भी तेजी आई है। वर्ष 2025-26 में बलरामपुर में 80% कार्य प्रगति दर्ज की गई है। अन्य जनपदों में भी मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। निर्माण कार्यों से जुड़े आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में केजीबीवी के अंतर्गत आधारभूत ढांचे का विस्तार तेज गति से हुआ है और अब अधिकांश कार्य हैंडओवर की अंतिम प्रक्रिया में हैं।



# यूपी भाजपा संगठन में बदलाव की तैयारी

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पहुंचे लखनऊ, वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन में नई टीम के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े रविवार दोपहर लखनऊ पहुंचे। पार्टी कार्यालय में उन्होंने कई वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मुलाकात कर संगठनात्मक बदलाव और राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर चर्चा की।

लखनऊ प्रवास के दौरान विनोद तावड़े ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने कैबिनेट मंत्री राज्यमंत्री रजनी तिवारी और महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान से भी बातचीत की।

इन बैठकों में संगठन और सरकार से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। तावड़े ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति और विभिन्न राजनीतिक पदों पर संभावित बदलावों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से भी उनकी मुलाकात प्रस्तावित है। सूत्रों के अनुसार, विनोद तावड़े सोमवार को भी लखनऊ में रुककर कार्यकर्ताओं और



विधायकों से जमीनी फीडबैक लेंगे।

बताया जा रहा है कि इस दौरान उच्च स्तरीय बैठक हो सकती है। इसके बाद वह अपनी रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को सौंपेंगे। माना जा रहा है कि इसी रिपोर्ट के आधार पर यूपी भाजपा की नई टीम और राजनीतिक नियुक्तियों पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। इस बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी रविवार को दिल्ली पहुंचे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इस बैठक में प्रदेश संगठन के गठन, राजनीतिक नियुक्तियों और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा हुई। इससे पहले पंकज चौधरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी। इस पूरे घटनाक्रम पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि भाजपा में संगठनात्मक प्रक्रिया लगातार चलती रहती है और यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य किए जाते हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय स्तर पर नए नेतृत्व के गठन के बाद अब राज्यों में भी संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की रणनीति पर काम हो रहा है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश में करीब तीन साल बाद संगठनात्मक बदलाव की तैयारी की जा रही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि नई टीम में लंबे समय से पदों पर बने कुछ पदाधिकारियों को हटाया जा सकता है और नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है।

नई टीम के गठन में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि पूर्वांचल क्षेत्र का प्रभाव पहले से अधिक होने के चलते अब पश्चिमी यूपी, अवध, बुंदेलखंड और काशी क्षेत्र को संगठन में ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। यह बदलाव आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए करने की तैयारी है।

# आवास पर मिले राजनाथ से विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से उनके लखनऊ प्रवास के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मंडलों ने 5 ए कालिदास मार्ग आवास पर भेंट की, इनमें साहित्य सभा का डा. सर्वेश अस्थाना, उ०प्र० राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ एवं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधि मण्डल से संजय शुक्ला, आदर्श व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय गुप्ता, राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधि मण्डल उमेश कुमार शर्मा, सौरभ शर्मा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री अतुल मिश्रा, उत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष महेन्द्र मोहन भट्ट, उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सदस्य राज्य महिला आयोग से राजेश सिंह एवं ऋतु सहाय, लखनऊ गेस्ट हाउस एवं रेस्टोरेंट ओनर एसोसिएशन से सुरेन्द्र शर्मा, राष्ट्रीय सहारा प्रतिनिधि मण्डल से कलानिधि मिश्र, प्रशांत दीक्षित, उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधि मण्डल से प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा, डायोसिस आफ लखनऊ क्राइस्ट चर्च हजरतगंज से प्रतिनिधियों ने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यों को कराए जाने का अनुरोध किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

## ऑपरेशन सिंदूर में शहीद परिवार की भेंट

रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने शहीद सुनील कुमार की धर्मपत्नी सुजाता कुमारी, पुत्र सौरभ, शिवेश के साथ निशांत, सुशांत, अखिलेश परिवार सदस्यों ने भेंट किया। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने परिवार का हाल चाल जानने के बाद परिवार को सदस्यों को आशीर्वाद दिया।

## पार्षद रानी कनौजिया को अर्पित की श्रद्धांजलि

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महानगर पूर्व महामंत्री राम अवतार कनौजिया के ठाकुरगंज स्थित आवास गए और उनकी धर्मपत्नी दौलतगंज वार्ड पार्षद स्वर्गीय रानी कनौजिया के निधन के उपरांत चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों से भेंट करके शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की।



## सीलिंग कार्रवाई के खिलाफ रक्षामंत्री से मिले व्यापारी

लखनऊ। तेलीबाग, पत्रकारपुरम सहित राजधानी के प्रमुख बाजारों में एलडीए की ओर से की जा रही सीलिंग की कार्रवाई और पुराने भवनों का नक्शा मांगे जाने के विरोध में व्यापारियों ने रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से शिकायत की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि एलडीए की ओर से गोमती नगर विवेक खंड और तेलीबाग जैसे क्षेत्रों में दशकों पुराने भवनों को नोटिस देकर नक्शा मांगा जा रहा है और सीलिंग की धमकी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में 90 प्रतिशत से अधिक व्यावसायिक गतिविधियां हो रही हैं, उन्हें सरकार द्वारा मार्केट स्ट्रीट घोषित किया जाए। इसमें गोमती नगर विवेक खंड, पत्रकारपुरम, तेलीबाग, कपूरथला और सीतापुर रोड के बाजारों को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। जिस तरह अवैध कॉलोनियों को नियमित किया जाता है, उसी तर्ज पर 15 साल से अधिक पुराने भवनों को नियमित किया जाना चाहिए। वहीं रक्षामंत्री ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि इस मामले का उचित और न्यायसंगत समाधान निकाला जाएगा।

# सांस के रोगियों के उपचार में आधुनिकता की आवश्यकता : डा. सोनिया नित्यानंद



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित रेस्पिकॉन सम्मेलन के दूसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि श्वसन रोगों के बढ़ते मामलों के बीच आधुनिक तकनीकों और जनजागरूकता का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उन्नत चिकित्सा पद्धतियाँ रोगों की शीघ्र पहचान और बेहतर उपचार में सहायक हैं, लेकिन इसके साथ-साथ लोगों में लक्षणों की समय पर पहचान, प्रदूषण से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता भी जरूरी है। ब्राउनहाल में आयोजित इस कार्यक्रम में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सामुदायिक जागरूकता और जन भागीदारी पर विशेष बल दिया। जिस प्रकार दवाइयाँ और स्वस्थ जीवनशैली जरूरी हैं, उसी प्रकार स्वच्छ हवा भी अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है। भारत के कई शहर, विशेषकर दिल्ली और लखनऊ, लगातार अत्यधिक वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। डा. सूर्यकान्त के अनुसार उनके दैनिक चिकित्सा अनुभव में अस्थमा, एलर्जी, लगातार खांसी और सांस फूलने के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

शोध बताते हैं कि प्रदूषित शहरों में बच्चों में अस्थमा का खतरा काफी बढ़ गया है, और लगभग हर तीन में से एक बच्चा फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी से प्रभावित हो सकता है। सत्र की अध्यक्षता डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा और डॉ. गौरव श्रीवास्तव द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, जयपुर के डा. वी के जैन, केजीएमयू एल्मनाई एसोशिएशन के अध्यक्ष डा. एसडी पाण्डेय तथा सचिव डॉ. पीके शर्मा ने भी अपने विचार रखें।

# एमएसएमई में सुधार से बढ़े रोजगार के अवसर : पाठक

## उद्योग संवाद के प्रमुखों को उद्यम रत्न अवार्ड से किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उद्योग संवाद के तत्वावधान में रविवार को गोमती नगर स्थित होटल में आयोजित ओडीओसी समिट/एक्सपो का उद्घाटन करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में हुए बदलावों से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि एक जनपद एक व्यंजन योजना को भी आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे स्थानीय खाद्य उत्पाद देश के विभिन्न जिलों तक पहुंचेंगे और नए रोजगार सृजित होंगे। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने उद्योग संवाद के प्रमुख अमित गुप्ता के साथ रितेश अग्रवाल, मनोज गोयल और रोहित महेश्वरी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उद्यम रत्न अवार्ड से सम्मानित किया।

अमित गुप्ता ने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत सबसे अधिक कार्य उत्तर प्रदेश में हुआ है। इसी तर्ज पर एक जिला एक व्यंजन के अंतर्गत जौनपुर की इमरती, बांदा का सोहन हलवा और आगरा का पेठा जैसी स्थानीय खाद्य परंपराओं को लोकल से वोकल के माध्यम से देशभर में पहचान दिलाई जा रही है। उन्होंने व्यापारियों से जिले से बाहर व्यापार बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। कार्यक्रम में आईएएस मुकेश मेश्राम ने कहा कि प्रदेश संभावनाओं से भरपूर है और पशुधन, मत्स्य पालन तथा मुर्गी पालन जैसे क्षेत्रों में सरकार सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि पशुधन विभाग ने वाट्सएप चैनल शुरू किया है तथा जल्द ही स्वर्ण दुग्ध महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिससे लोग रोजगार शुरू कर सकेंगे और सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे। एमएसएमई-डीएफओ कानपुर के संयुक्त निदेशक बी.के. वर्मा ने बताया कि एमएसएमई पंजीकरण अब पोर्टल या



मोबाइल के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। सरकार की ओर से व्यापारियों के उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग में भी सहयोग दिया जा रहा है। समिट में लखनऊ की चिकनकारी, चंदौली की जरी-जरदोजी, प्रतापगढ़ का आंवला मुरब्बा, बांदा का सोहन हलवा व बालूशाही, जौनपुर की इमरती और आगरा के लेदर उत्पाद सहित विभिन्न जिलों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में प्रदेश व देश के विभिन्न हिस्सों से आए व्यापारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, गुलशन डंग, अनीता अग्रवाल, रवीन्द्र जायसवाल, रितेश अग्रवाल, गोविंद बाबू टाटा, आलोक आर्या, जगत नारायण अग्रवाल, पवन अग्रवाल, आशीष गोयल, पंडित गजेंद्र शर्मा सहित उत्तर प्रदेश और देश के विभिन्न प्रदेशों के व्यापारियों ने भाग लिया।

## स्वयं सेवकों ने गोमती से निकाला 10 कुंतल कचरा



लखनऊ। गोमती नदी की स्वच्छता को लेकर स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को झूलेलाल घाट के पास गोमती तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया। नदी से 10 कुंतल से अधिक कचरा, बड़ी मात्रा में पालीथीन, विसर्जन सामग्री और सैकड़ों की संख्या में देवी-देवताओं की मूर्तियां बाहर निकाली गईं। संगठन के संयोजक रंजीत सिंह के नेतृत्व में अर्चना सिंह, कृपा शंकर वर्मा, रामकुमार, ललित कश्यप, संयोजक रंजीत सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोमती नदी में गिर रहे 35 नालों को बंद कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक नालों का गंदा पानी नदी में जाता रहेगा, तब तक सफाई अभियान का स्थायी प्रभाव नहीं दिखेगा।

## बिना नेमप्लेट की गाड़ी चलाई तो डीएल होगा निरस्त

लखनऊ। सड़क पर दो पहिया वाहन से हो रही दुर्घटना को देखते हुए आरटीओ के अधिकारी सख्त कदम उठा रहे है फिर भी वाहन चालन नही मान रहे है। कोई स्पीड राइडिंग कर रहा है तो कोई धीमे गति से चलने पर भी दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहा है। ऐसे मे आरटीओ के तरफ से अभियान चलाकर बिना नम्बर प्लेट की गाड़ियों को पकड़कर पहले तो डीएल निरस्त करने की तैयारी है और उसके बाद गाड़ी को सीज भी किये जाने का प्रारुप तैयार कर लिया गया है। आरटीओ के तरफ से 1090 चौराहा, लोहिया पार्क, जी 20 चौराहा सहित अन्य जगहो पर स्पीड से गाड़ी चलाने वाले बच्चो और बिना नम्बर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाते पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की तैयारी चल रही है। लखनऊ आरटीओ संजय तिवारी ने बताया कि पहले भी कई बार अभियान चलाया गया है जिसमें अभी भी बिना नम्बर प्लेट के सैकड़ो दो पहिया वाहनो को थाने में बंद कराया गया है।

# राज्य स्तरीय महिला युवा संसद का आयोजन

## नारी शक्ति पर दिया गया जोर

लखनऊ। मेरा युवा भारत, उत्तर प्रदेश, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से रविवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में नारी शक्ति विकसित भारत की आवाज विषय पर राज्य स्तरीय महिला युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई युवतियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ. बबीता सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। वंदे मातरम की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय निदेशक श्री अनिल कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर युवाओं की ओर से संगीतमय प्रार्थना भी प्रस्तुत की गई। अपने संबोधन में डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि देश की सशक्त नींव युवा पीढ़ी है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल देते हुए युवाओं से समानता की सोच विकसित करने और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।



द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने युवतियों को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के योगदान को सराहते हुए उनके परिश्रम और समर्पण को समाज की रीढ़ बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत नारी शक्ति महिला युवा संसद में प्रतिभागियों ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। समापन समारोह में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति शुक्ला ने किया।

## बिजली कर्मचारियों के उत्पीड़न पर होगा प्रदर्शन

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें बिजली कर्मचारी एवं अभियंता पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि आंदोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस नहीं ली गईं, तो आने वाली भीषण गर्मियों में बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की पूरी जिम्मेदारी पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन की होगी। बैठक में यह भी स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि प्रबंधन अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए किसी भी कर्मचारी या अभियंता पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करता है, तो बिजली कर्मी कार्यस्थल पर काम छोड़कर बाहर आने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति ने 15 अप्रैल से 21 मई तक प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान चलाने की घोषणा की है। इन सभाओं के माध्यम से बिजली कर्मियों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध जनसमर्थन जुटाया जाएगा तथा आम उपभोक्ताओं को यह अवगत कराया जाएगा कि 501 दिनों से चल रहे आंदोलन के बावजूद बिजली कर्मियों ने उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी।

# मोटापा अब कई बीमारी का बन रहा कारण : डा. भुवन

लखनऊ। मोटापा अब केवल शरीर से जुड़ी समस्या नहीं, बल्कि कई डिजीज का कारण बनता जा रहा है। अधिक वजन वाले लोगों में हार्ट का खतरा काफी बढ़ जाता है। मोटे लोगों को हार्ट अटैक की संभावना दुबले-पतले लोगों की तुलना में कहीं ज्यादा होती है। यह बात लोहिया संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग प्रमुख वरिष्ठ डा. भुवन चन्द्र तिवारी ने अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) की कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दी। डॉ. तिवारी ने बताया कि शरीर में एक्स्ट्रा फैट जमा होने से कोलेस्ट्रॉल और बीपी बढ़ने लगता है, जिससे हार्ट पर प्रेशर पड़ता है। यही नहीं मोटापा डायबिटीज का भी प्रमुख कारण बनता है। लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. गौरव चौधरी ने बताया कि तेज आवाजें शरीर में तनाव (स्ट्रेस) को बढ़ाती हैं। जिससे ब्लड प्रेशर में वृद्धि होती है पीजीआई के डॉ. आदित्य कपूर ने बताया कि यदि सीने में दर्द, सांस फूलना, थकान या धड़कन अनियमित लगे। तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। 30 साल की उम्र के बाद नियमित दिल की सेहत की जांच करानी चाहिए।

**पीजीआई फैकल्टी फोरम के अध्यक्ष पद पर डा. मोहन गुर्जर तो सचिव पद पर डा. विवेक सिंह को मनोनीत...**

लखनऊ। संजय गांधी पीजीआई फैकल्टी फोरम के अध्यक्ष पद पर क्रिटिकल केयर मेडिसिन के डाक्टर मोहन गुर्जर एवं सचिव पद पर रेडियोलॉजी विभाग के डा. विवेक सिंह को मनोनीत किया गया। एसजीपीजीआई के चुनाव परिणामों की घोषणा मुख्य चुनाव अधिकारी डा. उत्तम सिंह ने फैकल्टी फोरम चुनावों के परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिया हैं। इन चुनावों में संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही, कुल 141 वोट डाले गए, जिनमें से एक वोट अमान्य घोषित किया गया।

## सरोजनी नगर विधानसभा बन रही विश्वस्तरीय खेलों का उभरता केंद्र : डॉ. राजेश्वर



लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच आज एकाना स्टेडियम में खेला गया मुकाबला उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का अद्भुत संगम रहा।

दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम और रोमांचक माहौल ने इस मैच को एक यादगार अनुभव बना दिया। उन्होंने कहा कि लखनऊ तेजी से विश्वस्तरीय खेल आयोजनों का केंद्र बन रहा है, जो न केवल शहर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस तरह के आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं और खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों के समर्पण और प्रदर्शन को देखना भावुक करने वाला क्षण था, जो यह विश्वास दिलाता है कि सरोजिनी नगर में जमीनी स्तर पर तैयार की जा रही युवा प्रतिभाएं भी एक दिन इसी मंच पर देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि सरोजिनी नगर विधानसभा में क्रिकेट सहित सभी खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि हर स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले से नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आएं। इस अवसर पर राजीव शुक्ला, प्रमोद तिवारी, संजीव गोयनका तजिंदर पाल सिंह बिट्टू, उदय सिन्हा, रामेश्वर सिंह एवं आरपी सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# वीडियो कॉल पर हो रही है गाड़ी ट्रांसफर, नियम नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अगर आपको गाड़ी ट्रांसफर करना है और आपके पास आरटीओ जाने का समय नही है फिर भी आपकी गाड़ी दूसरे को बेची जा सकती है। जी हां लखनऊ आरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन वीडियो कालिंग करके बिना गाड़ी मालिक के आरटीओ कार्यालय के बाबू गाड़ी ट्रांसफर कर देरहे है। जब इस बारे में एआरटीओ से एक महिने पहले बात किया गया तो उन्होंने बताया कि बुजुर्ग गाड़ी मालिक के लिए यह सुविधा है लेकिन ज्यादातर गाड़ियों का ट्रांसफर को रहा है तो यह गलत है। जबकी सूत्रो का कहना है कि वीडियों कॉल करने पर गाड़ी मालिक को नही आना पड़ता है। इसी बात के लिए गाड़ी मालिक मनमाना पैसे देते है। वीडियों कॉल से गाड़ी ट्रांसफर होने के आकड़ो पर नजर डाले तो एक माह में सैकड़ो गाड़िया ट्रांसफर होती है। पांच नम्बर और छह नम्बर काउंटर पर इसकी संख्या ज्यादा होती है। वैसे देखा जाय तो ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय का कोई भी ऐसा काउंटर नही है जहां




पर महिने में सैकड़ो फाईल वीडियों कॉल पर न होती हो। सूत्र बताते है कि ऐसे भी वीडियो कॉल होता है जिसमें पहले से वीडियों बना कर रख लिया जाता है और बाबू उसी वीडियो को देखकर गाड़ी को ट्रांसफर कर देता है। कुछ बाबू ऐसे भी है जो वीडियों कॉल के फाईल को करने में ज्यादा पसंद करते है। नियमो के मुताबिक देखा जाय तो ऐसा कोई नियम नही है। जिसमें वीडियो के तहत कोई भी गाड़ी ट्रांसफर किया जा सके।

# बाल फिल्मों के जरिए जीवन मूल्यों का संदेश, महोत्सव का समापन

## आईसीएफएफ-2026 सम्पन्न, देश-विदेश की बाल फिल्मों को मिला पुरस्कार

लखनऊ। सिटी मोंटेसरी स्कूल द्वारा आयोजित सात-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.-2026) का भव्य समापन रविवार को सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन किया और देश-दुनिया की सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों में नगद पुरस्कार प्रदान किए।

समारोह में सचिव मुख्यमंत्री सूर्यपाल गंगवार तथा विशेष सचिव मुख्यमंत्री नवनीत सिंह चहल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए अभिनेता रोहित भट्ट, फिल्म निर्देशक सुशेन भटनागर और बाल कलाकार स्वरा मिश्रा भी मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। मुख्य अतिथि संजय प्रसाद ने कहा कि शैक्षिक बाल फिल्में बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और ऐसे आयोजन बच्चों को





सकारात्मक जीवन मूल्यों की सीख देते हैं। सी.एम.एस. की प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि फिल्म महोत्सव का उद्देश्य बच्चों में चरित्र निर्माण, भाईचारे और विश्व नागरिकता की भावना विकसित करना है।

अन्तर्राष्ट्रीय ज्यूरी ने विभिन्न देशों की फिल्मों का चयन किया। बेस्ट चिल्ड्रेन फीचर फिक्शन अवार्ड रूस की फिल्म फॉलो द सन को मिला, जबकि बेस्ट फीचर एनीमेशन का पुरस्कार ईरान की ड्रीमलैंड को दिया गया। बेस्ट शॉर्ट एनीमेशन फिल्म का पुरस्कार मैक्सिको की एजुलेसिपिया और ताइवान की पिग्गी हाफ को संयुक्त रूप से मिला। बेस्ट शॉर्ट फिक्शन फिल्म का पुरस्कार भारत की अवनि को प्रदान किया गया। स्पेशल ज्यूरी अवार्ड साउथ कोरिया की नेल फ्लावर को मिला, जबकि प्रो. गीता गांधी ऑडियंस अवार्ड भारतीय फिल्म मेरा स्कूल को प्रदान किया गया। सभी विजेता फिल्मों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में फेस्टिवल डायरेक्टर अहमद हमीद शेख ने आयोजन की सफलता के लिए लखनऊ के नागरिकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस महोत्सव में प्रदर्शित शैक्षिक फिल्में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

# आरएमएलआई के यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट विभाग ने 300 रोबोटिक सर्जरी पूरी



लखनऊ। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के मूत्रविज्ञान एवं किडनी प्रत्यारोपण विभाग ने शुरूआती एक वर्ष में रोबोटिक सर्जरी का तीन सौ का आकड़ा छू लिया। विभागाध्यक्ष प्रो. ईश्वर राम धायल ने बताया कि यह उपलब्धि न्यूनतम आक्रामक (मिनिमली इनवेसिव) मूत्रविज्ञान सर्जरी के क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित करती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को समारोह मनाने के लिए गोमती नगर स्थित होटल में समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न इस कार्यक्रम में विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी, हैदराबाद के ख्याति

**नैतिक दृष्टिकोण सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : डा. अलका सिंह...** डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शिक्षिका डा. अलका सिंह ने रविवार को संगोष्ठी में कहा कि सतत विकास केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन, आर्थिक संतुलन, सांस्कृतिक संरक्षण और नैतिक उत्तरदायित्व से जुड़ी व्यापक अवधारणा के रूप में पढ़ा और समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जलवायु परिवर्तन, संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और बढ़ती असमानताओं जैसी चुनौतियाँ मानवता के सामने गंभीर प्रश्न खड़े कर रही हैं।

प्राप्त मूत्रांग विशेषज्ञ प्रो. मल्लिकार्जुन ने मुख्य व्याख्यान दिया।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# मेट्रो के आगे युवती कूदी ट्रामा में चल रहा है इलाज

- मेट्रो सुरक्षाकर्मियों की सक्रियता से बचाई गई जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग मेट्रो स्टेशन पर रविवार दोपहर एक करीब 30 वर्षीय युवती आत्महत्या के इरादे से मेट्रो स्टेशन के आगे छलांग लगा दी, मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए युवती को ट्रैक से बाहर निकाला और सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने मेट्रो सुरक्षाकर्मियों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवती को ट्रामा से भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे ने मेट्रो स्टेशन सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी राजेंद्र कुमार यादव के अनुसार महिला के पास से ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग स्टेशन का टोकन मिला है लेकिन महिला आलमबाग स्टेशन पर ही उतर गई थी और पीछे से आ रही दूसरी मैट्रो ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी। आलमबाग इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक महिला आलमबाग मैट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी रहकर मेट्रो ट्रेन का इंतजार कर रही थी और जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, वह उसके आगे कूद गई। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद मेट्रो स्टाफ और गार्ड्स ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए महिला को बाहर निकाला।

इसके बाद पुलिस की मदद से उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। महिला की पहचान नहीं हो सकी है और न ही कोई दस्तावेज मिले हैं, महिला की हालत में सुधार होने के बाद ही उससे पूछताछ कर उसकी पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से दादी की मौत, पोता घायल

- हिंदनगर चौराहे पर दर्दनाक हादसा, चालक फरार, परिवार में मचा कोहराम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हिंदनगर चौराहे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बस ने एक दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उनका पोता घायल हो गया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कृष्णानगर क्षेत्र के न्यू इन्द्रपुरी निवासी गौरव शर्मा अपनी 66 वर्षीय दादी कमलेश शर्मा को लेकर शनिवार सुबह लगभग 9:15 बजे टीवीएस स्पोर्ट बाइक से ममता गैस एजेंसी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हिंदनगर चौराहे के पास पहुंचे, तभी कानपुर रोड की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ने उनकी बाइक में बाईं ओर से जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में कमलेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने केजीएमयू रेफर कर दिया। उपचार के दौरान रविवार सुबह करीब 8:30 बजे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को टीपी नगर चौकी पर खड़ा करवा दिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित परिवार ने थाना सरोजनीनगर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर है और क्षेत्र में भी घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

## घरेलू विवाद में पत्नी को पीटा, साले का पैर तोड़ा

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के रायभान खेड़ा गांव में घरेलू विवाद के चलते युवक ने पत्नी की पिटाई कर साले पर भी जानलेवा हमला किया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। युवक की सास ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। रायभान खेड़ा गांव निवासी प्रेमा ने बताया उनकी बेटी दीपाली की शादी करीब 4 साल पहले छिबऊ खेड़ा मजरा मऊ निवासी महाबली के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दीपाली ससुराल में रह रही थी। आरोप है कि 4 अप्रैल को दीपाली ने फोन कर बताया कि उसके पति ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। गला दबाने का प्रयास किया।

सूचना मिलने पर वह अपने बेटे के साथ बेटी की ससुराल पहुंचीं। वहां पहुंचते ही महाबली ने उनके बेटे पर लाठी से हमला कर दिया। सीने में दांत से काट लिया, जिससे खून बहने लगा। इस दौरान महाबली का भाई देवसरन ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचा। पीड़ित महिला के अनुसार, महाबली उनके बेटे को पीटते हुए ट्रैक्टर की तरफ ले गया, जिससे वह गिर पड़ा और ट्रैक्टर का पहिया उसके पैर पर चढ़ गया। उसका पैर टूट गया। इसके बाद देवसरन ने भी ट्रैक्टर से उतरकर बेटे को लात-घूंसों से पीटा। जिससे उसके शरीर पर कई चोटें आईं। पीड़ित महिला का आरोप है कि हमलावरों ने घटना के बाद उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज का कहना है मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## ट्रकों की अवैध पार्किंग से हो रहीं दुर्घटनाएं

**लखनऊ।** राजधानी में आउटर रिंग रोड्स पर रात में ट्रकों की अवैध पार्किंग जानलेवा साबित हो रही है। बेतरतीब खड़े भारी वाहनों के कारण कई बार हादसे हो रहे हैं, जिसमें चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो रही है। स्थानीय लोग पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। अभी तक एक दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

जाम से राहत देने वाला किसान पथ अब जानलेवा साबित हो रहा है। आउटर रिंग रोड पर रात में ट्रकों की अवैध पार्किंग बन गई है। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े भारी वाहन हादसों की वजह बन रहे हैं। तेज रफ्तार वाहन इन खड़े ट्रकों और कंटेनरों में पीछे से टकरा रहे हैं। कई हादसों में चालक संभलने का मौका तक नहीं पा रहे और मौके पर ही जान गंवा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस सब जानकर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से सड़कों से ट्रैफिक लोड कम करने के लिए 104 किमी लंबी आउटर रिंग रोड तैयार हुई जो सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड और कानपुर रोड समेत कई प्रमुख मार्गों को जोड़ता है।

इसी मार्ग पर पुलों, फ्लाईओवर और अंडरपास के पास भारी वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जो हादसों का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा, बिजनौर के अनूपखेड़ा एवं माती तथा काकोरी के उदितखेड़ा अंडरपास जैसे स्थान हादसों के लिहाज से बेहद संवेदनशील बन चुके हैं। यहां सड़क किनारे खड़े वाहन पीछे से आने वाले वाहनों के लिए खतरा बन रहे हैं। कई बार टक्कर इतनी भीषण होती है कि चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस इस समस्या से भली भांति परिचित है, फिर भी नियमित चेकिंग अभियान नहीं चला रही है और न ही सड़क किनारे वाहन खड़ा करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सरोजनीनगर, बिजनौर और काकोरी थाना क्षेत्र में अब तक ऐसे हादसों में करीब एक दर्जन चालक व क्लीनरों की जान जा चुकी है।

हादसों में जान गवांने वाले लोगों में 2024 से अभी तक हमीरपुर निवासी चालक शफीक अहमद, क्लीनर रामसेवक, चालक महेंद्र जागिड़ और राजू सैनी, सीतापुर निवासी नैमिष पाल और उनके साथी रजनीश पाल उर्फ गोलू गंभीर रूप से घायल हुआ। इसी तरह नवंबर 2025 में काकोरी के उदितखेड़ा अंडरपास के पास राजस्थान निवासी खुशराज मीणा (28) का कंटेनर सड़क किनारे खड़े ट्रक में टकरा जाने से मौत हो गई और मार्च 2026 में सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा के पास हादसे में चालक राममोहन (38) और क्लीनर राजू की मौके पर ही मौत हुई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चरथरी विकास खण्ड मिठवल जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत चरथरी विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय चरथरी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तेः-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत चरथरी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत चरथरी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत चरथरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अवधेश, प्रधान, ग्राम पंचायत चरथरी, सिद्धार्थनगर।

रविकपूर राव, सचिव, ग्राम पंचायत चरथरी, सिद्धार्थनगर।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। महिला से उसके परिवार वालों में गत शनिवार को किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। उसके बाद महिला को उल्टियां होने लगी, जिसे परिवारीजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां कोई आराम न मिलने पर घर वाले माल सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर भेज दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डाक्टरों ने महिला को मृत बता दिया।

थाना क्षेत्र के अटारी गांव निवासी सुक्खा रैदास के बेटे रमेश की पत्नी रूपाली (28) का शनिवार को परिवार में विवाद हो गया था। सूत्रों की मानें तो विवाद के बाद हाथा पाई भी हुई थी, जिससे रूपाली ने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया था। जिससे उसे पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां आराम न मिलने पर उसे माल सीएचसी लेकर गये। जहां से डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार से पहले ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका का पति रमेश रैदास पुणे में रहकर मजदूरी करता है। रमेश अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का है। जिसने रूपाली से प्रेम विवाह किया था। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आई नहीं है वह सोमवार को मिलेगी, तभी मौत का वास्तविक पता चलेगा।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ में संतान सुख न मिलने से परेशान होकर महिला ने फंदा लगा लिया। परिजन ने फंदे से नीचे उतारकर महिला को सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीजीआई के तेलीबाग निवासी राम सुमिरन ने बेटी सरिता सैनी (36) की शादी करीब आठ साल पहले मोहनलालगंज के मऊ गांव निवासी ऑटो चालक जीतू सैनी से करायी थी। जीतू ऑटो लेकर काम पर चला गया था। घर पर पत्नी सरिता, मां दिनेश कुमारी और पिता राजेश मौजूद थे। दोपहर में सासबहू सरिता को बुलाने कमरे में गई। बहू को पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका देखा तो चीख पड़ी। शोर सुनकर परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में सरिता को फंदे से नीचे उतारा और सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंचे। सरिता की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही पति व मायके से पिता राम सुमिरन और भाई हेमराज भी आ गए। परिजन ने पुलिस को बताया कि शादी के आठ साल होने के बाद भी सरिता को संतान का सुख नहीं मिल पा रहा था।

## कनेक्टिंग फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों का हंगामा

**लखनऊ।** सऊदी एयरलाइंस की जेद्दा जाने वाली फ्लाइट एसवी-893 से 54 यात्रियों को लखनऊ एयरपोर्ट पर ही उतार दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, ये सभी यात्री लखनऊ से जेद्दा जाते। वहां से दुबई कनेक्टिंग फ्लाइट एसवी-588 से जाना था, लेकिन कनेक्टिंग फ्लाइट को अचानक रद्द कर दिया गया।

इस वजह से यात्रियों के टिकट रद्द कर दिए गए और उन्हें लखनऊ में ही रोक दिया गया। यह घटना बीती रात करीब 12:30 बजे हुई। उड़ान का निर्धारित समय तड़के 2:30 बजे था। यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें समय रहते सूचना नहीं दी गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। शुरूआत में रिफंड न मिलने से वो आक्रोशित भी थे। बाद में एयरलाइन अधिकारियों ने रिफंड का आश्वासन दिया, जिसके बाद यात्री घर लौट गये।

## चिकित्सा शिविर में जांच कर दी दवाएं



**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित संगत बाबा हजाराबाग उदासीन आश्रम में महा मंडलेश्वर स्वामी हरि प्रकाश उदासीन और महंत स्वामी हरेंद्र मुनि के सानिध्य में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर लगा। स्वामी हरि प्रकाश ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के जरुरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में शुगर, बीपी, आंख समेत अन्य प्रकार की जांचें की गईं। लोगों को दवाएं भी दी गईं। स्वामी हरि प्रकाश ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। स्वामी हरेंद्र मुनि ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम मंदिर में किए जाएंगे।

## सतरंगी सम्मान से विभूतियां सम्मानित




**लखनऊ।** जे.पी.एस.स्टार 11 के तत्वावधान में आज शाम मलिक काम्पलेक्स ओपन प्रांगण, वृंदावन योजना में आयोजित जीवन में खुशियों के रंग द फैमिली फेस्टिवल में अनेक विभूतियां सतरंगी सम्मान से सम्मानित हुईं। समारोह में अरविन्दसक्सेना ने के.मलिक, प्रदीप श्रीवास्तव, अनिल कुमार, संजय खन्ना, अभिषेक, मनीषा यादव, जेबा खान, सुमित सिंह, रमन दीक्षित, अनित, अमित, उजाला पाल और नेहा वर्मा को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर सतरंगी सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर मनीषा यादव के निर्देशन में घुघरू डांस अकादमी के कलाकारों ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अगले क्रम में दिव्य आशीष योग संस्थान के अपने योगा करतबों से लोगों में बेहतर स्वास्थ्य के प्रति रूचि जागृत की। हृदय के सुप्त कपाट को झकझोर देने वाली इस पेशकश के बाद आराध्या, अविका, आराधना, अनन्या और नित्या ने पर्वतीय नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। इसके अलावा आराध्या, अविका और अनन्या ने घर मोरे परदेसिया एवं आराध्या और अविका ने कालबेलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित वारण्टी राम सिंह गिरफ्तार

**लखनऊ।** गुडम्बा पुलिस ने यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित वारण्टी राम सिंह (30) पुत्र हनुमान यादव को गिरफ्तार किया है। वह ग्राम गुडम्बा थाना गुडम्बा का रहने वाला है। गुडम्बा पुलिस का कहना है कि अभियुक्त को हिरासत में लिया गया और न्यायालय से वारंट होने की जानकारी देकर गिरफ्तार किया गया।

# नशीला पदार्थ पिलाकर युवती का बनाया अश्लील वीडियो

**लखनऊ।** इंस्टाग्राम के दोस्त ने युवती को मिलने के लिए पार्क में बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाया और उसका अश्लील वीडियो बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे कई बार कमरे पर बुलाया। उसका शोषण किया। इसके बाद रुपयों की मांग की। प्रताड़ना से पेशान होकर युवती ने घरवालों को जानकारी दी। युवती की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पीजीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे पकड़ लिया। आरोपी नाबालिग है।

पीजीआई थाने के इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के मुताबिक युवती की उम्र 20 वर्ष है। उसने उसकी दोस्ती एक लड़के से हुई थी। उससे बातचीत होने लगी। चार अप्रैल को उसने मिलने के लिए एक पार्क में बुलाया। वहां उसने नशीला पेय पिलाया। इसके बाद अश्लील वीडियो अपने दोस्त की मदद से बना लिया। हालत सामान्य होने पर सिर भारी था। किसी तरह घर पहुंच गई। अगले दिन उसने फोन किया।

अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह ब्लैकमेल करने लगा। मिलने के लिए दबाव बनाने लगा। उसने सात अप्रैल को मिलने के लिए कमरे पर बुलाया। वहीं उसने शोषण किया। हाल ही में उसने रुपयों की भी मांग शुरू कर दी। प्रताड़ना से त्रस्त होकर घटना की जानकारी परिवारीजनों को दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पकड़े जाने पर पता चला कि वह नाबालिग है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सोनफेरवा बुजुर्ग के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 20.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तेः-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

हफीजुरहमान, प्रधान, ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग, सिद्धार्थनगर।

अंकित कुमार, सचिव, ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग, सिद्धार्थनगर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बंराव नानकार विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बंराव नानकार विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 18.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बंराव नानकार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 18.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तेः-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बंराव नानकार के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बंराव नानकार कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बंराव नानकार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आदिल अहमद, प्रधान, ग्राम पंचायत बंराव नानकार, सिद्धार्थनगर।

अंकित कुमार, सचिव, ग्राम पंचायत बंराव नानकार, सिद्धार्थनगर।

# डीसीपी ने बंथरा व बिजनौर थानों का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** उपायुक्तदक्षिणी जोन अमित कुमार आनंद ने रविवार को थाना बंथरा और थाना बिजनौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानो की कार्य प्रणाली, साफ सफाई, अभी लेखों के रख रखाव और सुरक्षा ब्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।

थाना बंथरा मे निरीक्षण के दौरान डी सी पी ने महिला हेल्प डेस्क, माल खाना, बैरक, शस्त्रगार, हवालात, एवं साइबर हेल्प डेस्क का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित अभिलेखों के रख रखाव को चेक करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए. महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतो के त्वरित और संवेदनशील निस्तारण पर विशेष फोकस किया। साथ ही पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत डी सी पी दक्षिणी ने थाना बिजनौर का भी औचक निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, माल खाना, बैरक, शस्त्र, हवालात, एवं साइबर हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख रखावऔर लबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। डी सीपीसाउथ ने दोनों थानो के प्रभारी निरिक्षकों को निर्देशित किया की थाने मे आने वाले फरियादियों की समस्यायो को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाय और उनका गुण वत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने साफ सफाई, अनुशासन और ड्यूटी के प्रति सजगता बनाये रखने पर भी बल दिया।

# नकली सोने के साथ ज्वेलर्स की दुकान पहुंची महिला पुलिस हिरासत में

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के अर्जुनगंज में स्थित श्री राधे ज्वैलर्स में नकली सोना लेकर पहुंची महिला को दुकानदार ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने महिला को हिरासत के लेकर पूछतांछ में जुटी है। अर्जुनगंज बाजार स्थित श्री राधे ज्वेलर्स प्रतिष्ठान के मालिक संजय निगम के अनुसार वह रोज की तरह रविवार को भी अपने प्रतिष्ठान पर थे। लगभग 12.15 बजे एक महिला 4.090 ग्राम पुराना सोना (कान का झाला) लेकर बेंचने आई और उसके बदले 2.52 ग्राम की सोने की अगूंठी खरीदने के लिए पसंद की। इस पर दुकानदार ने उस महिला से आधार कार्ड मांगा तो उसने आधार कार्ड देने से मना कर दिया। इस पर दुकानदार को कुछ शक हुआ तो महिला द्वारा दिये गए पुराने सोने की जांच कराई तो वह नकली निकला। यह देख महिला वहां से भागने लगी तो प्रतिष्ठान में कार्यरत महिला कर्मचारी ने उसे पकड़ लिया। दुकानदार ने डायल 112 पर शिकायत की। जिसके बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल में महिला की बैग से मिले आधार कार्ड से पता चला कि उसका नाम सीता है जो बिक्सी पोस्ट भुइली खास बिकासी मिजार्पुर अदलहाट की रहने वाली है। इस संबंध में सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि जूलरी शॉप के मालिक द्वारा महिला के विरुद्ध नकली सोना बेचने की शिकायत के आधार पर महिला को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जा रही है।

# चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, जेवर व नकदी उड़ायी

**लखनऊ।** गुडंबा में चोरों ने रिटायर्ड बैंक अधिकारी और किराएदार कारोबारी के बंद घर को निशाना बनाया। चोरों ने दोनों हिस्सों का ताला तोड़कर करीब 44 मिनट तक आलमारी और बेड को खंगाला। चोरों ने कारोबारी के हिस्से से नकदी व करीब 12 लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, मकान मालिक के आने के बाद यह साफ होगा कि उनके यहां कितने की चोरी हुई है।

ससुराल से शनिवार को लौटे कारोबारी ने घर में चोरी देख डॉयल-112 व मकान मालिक को सूचना दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर पड़ताल की। इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। सीसीटीवी कैमरे में तीन आरोपी कैद हुए हैं। जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी मुकेश चंद्रा रिटायर्ड बैंक मैनेजर हैं। पीड़ित ने बताया कि पत्नी मंजू का मायका सीतापुर में है। ससुर को कैंसर की बीमारी है। वे 10 अप्रैल को पत्नी और बच्चों को छोड़ने सीतापुर गए थे। 11 अप्रैल की सुबह वह घर पहुंचे तो मेन गेट का ताला बंद था। उसे खोलकर वे घर के अंदर गए तो देखा कि कमरे का दरवाजे का ताला टूटा था। सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर 50 हजार रुपये और करीब 12 लाख के जेवर चोरी किए हैं। कारोबारी विनय ऊपर मकान मालिक के कमरे में गए तो वहां भी ताला टूटा मिला।

**रि. कांस्टेबिल के घर पर दबंग भाइ व साथियों ने किया हमला, 80 हजार लूटे :** सआदतगंज के वजीरबाग निवासी रिटायर्ड हेड कांस्टेबल नन्हा लाल के घर में दबंग भाई 20-25 साथियों संग घुस गये। दबंगों ने परिवार पर हमला किया। आरोप है कि पिटाई के बाद गल्ला खरीदने के लिए रखे गये 80 हजार रुपये लूट लिये। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले में पीड़ित ने सआदतगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस के अुनसार मामले की जांच की जा रही है।

**साइबर ठगों ने बैंक खाते से उड़ाए 11.05 लाख रुपये :** साइबर ठगों ने महानगर के विवेकानंदपुरी स्थित हाईराइज हाइट्स अपार्टमेंट निवासी कुमार विक्रम के बैंक खाते से चार बार में 11.05 लाख रुपये उड़ा लिए। मेल के माध्यम से शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# खुशी से लेकर उदासी तक... हर अहसास की आवाज हुई खामोश

## मशहूर गायिका आशा भोसले के निधन से संगीत जगत में शोक की लहर, सोशल मीडिया पर प्रशंसक दे रहे श्रद्धांजलि



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खुशी से लेकर उदासी भरे नगमों तक और पॉप से लेकर गजलों तक, हर संगीत को अपने सुरों से अमर करने वाली आशा भोसले के निधन के साथ ही भारतीय संगीत की वह बहुरंगी आवाज खामोश हो गई। उन्होंने पीढ़ियों तक श्रोताओं के दिलों पर राज किया। अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं।

आशा भोसले के निधन पर फिल्म और संगीत जगत के साथ-साथ राजनीतिक नेताओं ने भी गहरा शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर प्रशंसक उनके गीतों और यादों को साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

आशा भोसले ने अपनी बहन एवं महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी। दोनों बहनों ने मिलकर करीब सात दशक तक हिंदी पार्श्वगायन को अपने सुरों से समृद्ध किया। वह एक ऐसे भारत की पहचान बनीं, जो बदलते समय के साथ दुनिया से कदमताल कर रहा था। लता और आशा दोनों ऐसी आवाजें थीं, जिन्होंने पूरे उपमहाद्वीप पर राज किया। ऐसी साझा पहचान बनाई, जो सीमाओं से परे थी। यह संयोग ही है कि संगीत के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली दोनों बहनों ने 92 वर्ष की आयु में ही दुनिया को रविवार (12 अप्रैल) के दिन अलविदा कहा। बड़ी बहन लता मंगेशकर को पहले शोहरत मिली। लेकिन जिंदादिल आशा ने भी जल्द ही अपनी अलग जगह बना ली और अपनी जीवंतता एवं अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा से संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया।

**12,000 गीत गाए:** उन्होंने करीब 12,000 गीत गाए, जिनमें से ज्यादातर हिंदी में थे। लेकिन उन्होंने इसके अलावा लगभग 20 अन्य भाषाओं में भी गीतों को आवाज दी। यह एक ऐसा विराट सफर है, जिसे एक साथ समेट पाना आसान नहीं। आशा और उनके भाई-बहनों- लता, उषा, मीना और हृदयनाथ के लिए संगीत केवल पेशा नहीं, शायद नियति भी था। जहां लता और उषा गायिका थीं। वहीं मीना और हृदयनाथ संगीतकार हैं।

**10 साल की उम्र में गाया पहला गाना:** वर्ष 1933 में जन्मीं आशा को उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर ने अपने अन्य बच्चों की तरह शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी। उन्होंने अपने पिता के निधन के बाद मात्र 10 वर्ष की उम्र में अपना पहला गीत रिकॉर्ड किया। यह 1943 में फिल्म 'माझा बाल' के लिए गाया मराठी गीत 'चला चला नव बाला' था। उन्होंने 1948 में 'चुनरिया' के लिए 'सावन आया..' गीत के साथ हिंदी फिल्म गायन के क्षेत्र में कदम रखा।

फिल्म जगत में उनके शुरूआती वर्ष संघर्ष भरे रहे। उन्हें शुरूआत में कमतर दर्जे की फिल्मों में गाने के लिए ही चुना जाता था। पहले से ही अपनी मजबूत पहचान बना चुकी लता की छाया से बाहर आना भी उनके लिए चुनौती थी। लेकिन आशा ने कुछ ऐसा किया, जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। उन्होंने पार्श्वगायिका होने के मायने ही बदल दिए। उन्हें बड़ी सफलता 1950 के दशक में मिली। उन्हें खासकर संगीतकार ओ. पी. नैयर के साथ उनके जोशीले और चुलबुले गीतों ने नयी पहचान दी। उस समय पार्श्वगायन पर शास्त्रीय शुद्धता की ज्यादा छाप थी। लेकिन आशा ने उसमें अदा, शोखी और आधुनिकता का रंग भरा।

वह क्लब गीतों, कैबरे गीतों और प्रेम गीतों की आवाज बन गईं। ये ऐसे क्षेत्र थे, जिन्हें अपनाने में अन्य गायक संकोच करते थे। उनके करियर का अगला मोड़ तब आया जब 1960 और 1970 के दशक में आर. डी. बर्मन के साथ उनकी साझेदारी ने हिंदी फिल्म संगीत को नयी दिशा दी।

**फेमस गाने:** 'पिया तू अब तो आजा' और 'दम मारो दम' जैसे गीतों ने उनकी बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा को सामने रखा। उनकी आवाज में मादकता भी थी, शरारत भी, विद्रोह भी था, प्रेम भी और दर्द भी लेकिन हर बार उसमें भावों की गहराई थी। आशा ने 'मांग के साथ', 'अभी न जाओ छोड़ कर', 'पिया तू अब तो आजा', 'दम मारो दम' और 'मेरा कुछ सामान' जैसे कई यादगार गीत गाए।

आशा ने 'दिल चीज क्या है' जैसी गजलों, शास्त्रीय गीतों, पॉप संगीत के क्षेत्रों के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई। उन्हें कई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, अनेक फिल्मफेयर पुरस्कार, भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वैश्विक संगीत इतिहास में संभवतः सबसे लंबे समय तक सक्रिय रहने वाली गायिकाओं में शामिल आशा का निजी जीवन भी उनके पेशेवर जीवन की तरह साहसी फैसलों से भरा रहा।

**इंटरनेशनल पहचान:** आशा ने केवल फिल्मी गीतों के लिए ही आवाज नहीं दी। उन्होंने 1990 के दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने बॉय जॉर्ज के 'बाउ डाउन मिस्टर' में अपनी आवाज दी और बॉय बैंड 'कोड रेड' के साथ भी गाया। उसी वर्ष उन्हें 'लेगेसी' के लिए पहली बार ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। उन्होंने 'इंडीपॉप' को भी उसी निडरता के साथ अपनाया। उनके 1997 में रिलीज हुए गैर-फिल्मी एलबम 'जानम समझा करो' का 'रात शबनमी' गीत काफी लोकप्रिय हुआ। इस गीत ने उन्हें एमटीवी और चैनल वी पुरस्कार दिलाए। साथ ही ऐसे श्रोताओं की पीढ़ी तक पहुंचाया, जो रीमिक्स के दौर में बड़ी हुई थी।

**सम्मान और उपलब्धियां:** अपने लंबे करियर में आशा भोसले को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, फिल्मफेयर पुरस्कारों के अलावा भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान से भी नवाजा गया। उनकी लोकप्रियता भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई और भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर पहुंचाया।

**संगीत से परे एक जीवंत व्यक्तित्व:** संगीत के अलावा आशा भोसले अपने जीवंत स्वभाव और पाक-कला के शौक के लिए भी जानी जाती थीं। उन्होंने अपने नाम से रेस्तरां भी शुरू किए, जो उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। जीवन में कई कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने संघर्ष से एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की।

## हर दौर की आवाज बनीं आशा भोसले : अनूप जलोटा



**लखनऊ।** जानेमाने गायक व संगीतकार अनूप जलोटा ने कहा कि आशा भोसले का जन्म एक संगीत परिवार में हुआ था। वह महान गायिका लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। शुरूआती दौर में तुलना के बावजूद उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई और अपने अनोखे अंदाज से संगीत जगत में खास मुकाम हासिल किया। उनका करियर सात दशकों से भी अधिक समय तक चला, जिसमें उन्होंने हजारों गीतों को अपनी आवाज दी।

हिंदी के अलावा मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी सहित कई भारतीय और विदेशी भाषाओं में भी उन्होंने गाया। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें हर शैली में सफल बनाया। आशा भोसले की जोड़ी मशहूर संगीतकार आरडी बर्मन के साथ बेहद सफल रही, जो बाद में उनके जीवनसाथी भी बने। दम मारो दम, पिया तू अब तो आजा और महबूबा महबूबा जैसे गीत आज भी लोकप्रिय हैं। उन्होंने गजल, शास्त्रीय और आधुनिक गीतों में भी अपनी गहरी पकड़ दिखाई। बदलते समय के साथ खुद को ढालने की उनकी क्षमता ने उन्हें हमेशा प्रासंगिक बनाए रखा।

## संगीत के आशा युग का अवसान : डॉ. एस.के. गोपाल



**लखनऊ।** भारतीय संगीत जगत के लिए 12 अप्रैल का दिन गहरे शोक और स्मरण का दिन बन गया। भारतीय चित्रपट जगत की मशहूर पार्श्वगायिका आशा भोंसले ने सदा के लिए अपनी आंखें मूंद लीं। परंतु यह कहना अधूरा होगा कि वे चली गईं। वे अपने सुरों में, अपने गीतों में, हमारी स्मृतियों में सदा जीवित रहेंगी। उनका स्वर केवल ध्वनि नहीं अपितु भावनाओं का ऐसा प्रवाह था जिसने पीढ़ियों को जोड़ा, संवेदनाओं को दिशा दी और जीवन के हर रंग को संगीत में ढाल दिया। उनके जाने की खबर ने संगीत जगत को स्तब्ध कर दिया किंतु उसी क्षण उनके गीतों की अनुगूंज ने यह विश्वास भी जगाया कि कुछ आवाजें समय की सीमाओं में नहीं बंधतीं। वे पीढ़ियों के बीच सेतु बनकर जीवित रहती हैं और आशा भोंसले का स्वर ऐसा ही एक सेतु था, जो अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ता है।

आशा भोंसले केवल एक पार्श्वगायिका नहीं थीं वे भावों की अनंत साधिका थीं। उन्होंने प्रेम, विरह, उल्लास, वेदना, चंचलता और भक्ति, हर भाव को अपनी आवाज में इस प्रकार ढाला कि वह श्रोता के भीतर उतरकर उसकी अपनी अनुभूति बन जाता था। अभी न जाओ छोड़कर में प्रेम की कोमलता और बिछुड़ने की कसक है, पिया तू अब तो आजा में जीवंत चंचलता और उन्मुक्त ऊर्जा, तो दिल चीज क्या है में उनकी नजाकत और शास्त्रीय गरिमा का अद्भुत संतुलन दिखाई देता है। इन आंखों की मस्ती के मस्ताने हजारों हैं में भाव की गहराई है, जो सीधे आत्मा को स्पर्श करती है। यही बहुरंगी स्वर-संसार उन्हें विशिष्ट बनाता है। वे केवल गीत नहीं गाती थीं बल्कि हर बार एक नई अनुभूति रचती थीं, एक ऐसा भावलोक निर्मित करती थीं जिसमें श्रोता स्वयं को विलीन पाता था। आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी शक्ति यह थी कि वे जीवन के हर मोड़ पर हमारे साथ खड़े रहते थे। सुख के क्षणों में उनके स्वर आनंद को और अधिक गहरा करते थे तो दुख के समय वही आवाज संबल बन जाती थी। ये मेरा दिल प्यार का दीवाना जैसी चंचलता जीवन की सहजता का बोध कराती है, तो चुरा लिया है तुमने जो दिल को में प्रेम की मधुरता और आत्मीयता झलकती है। रात अकेली है में एकाकीपन की धड़कन सुनाई देती है, जबकि दम मारो दम में समय की युवा चेतना और उन्मुक्तता का विस्फोट दिखाई देता है। ओ मेरे सोना रे और जाने जान ढूंढता फिर रहा जैसे गीतों में उनकी आवाज एक अलग ही सहजता और आत्मीयता के साथ सामने आती है। यही कारण है कि उनके गीत केवल मनोरंजन नहीं रहे बल्कि जीवन के अनुभव बन गए। ऐसे अनुभव जो हर सुनने वाले के भीतर अलग-अलग रूपों में आकार लेते रहे।

# सिंफोरिया म्यूजिकल नाइट में जीवंत हुआ लक्ष्मीकांत प्यारेलाल का गोल्डन एरा






● प्रॉमिनेंट मॉल में आयोजित सिम्फोरिया म्यूजिकल नाइट का जलवा देर शाम तक हर उम्र वाले संगीत के दीवानों पर चढ़ा रहा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिवांजना और भारतीयम् के सिम्फोरिया म्यूजिकल नाइट में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के सुमधुर गीतों ने फिल्मी जगत के गोल्डन संगीत युग को जीवंत किया। अमित श्रीवास्तव और राजीव रंजन द्वारा इस यादगार शाम का भव्य आयोजन सीतापुर रोड स्थित प्रॉमिनेंट मॉल में किया गया था। रीमिक्स के दौर में सुपरहिट फिल्मी गीतों के मूल स्वरूप ने संगीत के दीवानों को अपना मुरीद बना लिया।

वर्ष 1984 से संगीत के क्षेत्र में स्थापित हो चुका सुपरिचित नाम वायलेंट द म्यूजिकल बैंड के कलाकारों ने इस यादगार शाम को सजाया। इस शाम में खासतौर से मुम्बई से लोकप्रिय गायक आलोक काटदरे और गुल सक्सेना के साथ मशहूर ड्रमर, जॉन टी. हंट को आमंत्रित किया गया था। जॉन टी. हंट ने आर.डी. बर्मन और जतिन ललित के कई गानों को अपनी बेहतरीन ड्रमिंग से संवारा है। प्रॉमिनेंट मॉल परिसर में तालियों की गूंज ने बता दिया कि यह शाम आगंतुकों के लिए यादगार रही। इसमें मुम्बई के लोकप्रिय गायक आलोक काटदरे और गुल सक्सेना के साथ लखनऊ के पसंदीदा गायक कुलदीप चौहान और दिव्यांशी मौर्या ने इस शाम को लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के कई सदाबहार गीतों को सुनाकर यादगार बना दिया। बात सोलो गायन की करें तो गुल सक्सेना ने सत्यम शिवम सुंदरम, तेरे मेरे बीच में, आ जाने जा, हवा हवाई, एक दो तीन, आलोक काटदरे ने मेरी उमर के नौजवानों, मैं आया हूं ले के साज, हाल क्या है दिलों का, एक हसीना थी, कुलदीप चौहान ने चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे, मस्त बहारों का मैं आशिक, पर्दा है पर्दा और दिव्यांशी मौर्या ने मेरे नसीब में तू है कि नहीं, बिन्दिया चमकेगी सुनाकर सीधे दर्शकों के दिलों पर सुरों की शीतल बरसात की।

इस शाम में युगल जोड़ियों ने भी धमाल मचाया। कुलदीप और दिव्यांशी ने ज़िहाल-ए-मुस्किन, ढपली वाले, जुम्मा चुम्मा दे दे, कुलदीप और गुल ने एक प्यार का नगमा है आलोक और गुल ने मैं तेरे प्यार में पागल, जाओ तुम चाहें जहां, आलोक और कुलदीप ने बने चाहें दुश्मन आलोक और दिव्यांशी ने ओ मेरी जान बोल मेरी, दिव्यांशी और गुल ने हंसता हुआ नूरानी चेहरा, चोली के पीछे, सुनाया तो माहौल में जोश भर गया। इसके साथ ही श्रोताओं की फरमाइशों को पूरा करते हुए कलाकारों ने एजी ओजी, नायक नहीं, मैं जट्ट यमला पगला जैसे सुपरडुपर हिट नगमें भी सुनाकर शाम को परवान चढ़ाया। शिवांजना के प्रमुख राजीव रंजन सिंह के अनुसार वर्तमान में यू-ट्यूब पर शिवांजना म्यूजिक नाम से चैनल उपलब्ध है। इस पर कोई हमदर्द और खूबसूरत तुम जैसे कई लोकप्रिय गीत सुने जा सकते हैं। भारतीयम् और शिवांजना द्वारा संगीत और थिएटर के आयोजन किये जा रहे हैं। बीते साल शिवांजना द्वारा 19 नवम्बर को पंचम धारा आर.डी. बर्मन म्यूजिकल नाइट और 20 नवम्बर को द क्लाउन-विदूषक हास्य नाटक का प्रदर्शन संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में किया जा चुका है। इसके साथ ही बीते महीने 14 मार्च को डैडी नाटक भी इसी ऑडिटोरियम में प्रायोजित किया गया था।

## 'दूतवाक्यम' के जरिये मंच पर उतरी महाभारत की कथा



**लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में रविवार को संस्कृत नाटक दूतवाक्यम् का मंचन किया गया। नाटक में महाभारत काल के उस हिस्से का वर्णन है जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और फिर अज्ञातवास बिताकर इंद्रप्रस्थ लौटकर आते हैं। पांडवों ने जब कौरवों से प्रतिज्ञा के अनुसार आधा राज्य मांगा तो उसने इन्कार कर दिया। इसके बाद पांडवों की ओर से भगवान श्रीकृष्ण दूत बनकर हस्तिनापुर जाते हैं। महाकवि भास रचित इस नाटक में दिखाया जाता है कि दुर्योधन की सभा में जब श्रीकृष्ण पांडवों का प्रस्ताव लेकर जाते हैं तो दुर्योधन उन्हें बंदी बनाने का प्रयास करता है। इस पर श्रीकृष्ण इतना क्रोधित हो जाते हैं कि वे सुदर्शन चक्र उठा लेते हैं। तब सुदर्शन ही उन्हें शांति मार्ग की सलाह देते हैं। अंत में नाटक अहंकार का विनाश, शांति के महत्व और धर्म की विजय का संदेश देता है। नाटक का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया। संस्कृत संस्थान की अध्यापिका डॉ. ममता पांडेय ने नाटक के कुछ अंश का संस्कृत में अनुवाद किया। नाटक 'दूतवाक्यम' महाभारत के एक मार्मिक प्रसंग पर आधारित है। इसमें पांडवों द्वारा वनवास और अज्ञातवास पूरा करने के बाद इंद्रप्रस्थ लौटने और कौरवों से आधे राज्य की मांग करने का वर्णन है। दुर्योधन के इनकार के बाद, भगवान श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचते हैं।

**दुर्योधन ने सुई की नोक बराबर भूमि देने से मना किया:** सभा में उनकी पहले आधे राज्य और फिर पांच गांवों की मांग भी ठुकरा दी जाती है। अहंकार में डूबे दुर्योधन द्वारा सुई की नोक बराबर भूमि भी देने से मना करने का दृश्य दर्शकों के लिए विशेष रूप से प्रभावशाली रहा। इसके बाद, कृष्ण के विराट रूप और सुदर्शन चक्र के प्रकट होने का दृश्य तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रस्तुत किया गया। नाटक का समापन धृतराष्ट्र की क्षमा याचना और धर्म की विजय के संदेश के साथ हुआ।

### अब लोक-लाज के नाम पर कोई और देहरी नहीं बनेगी

**लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में रविवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी के रंगमण्डल की ओर से पद्मा सचदेव के प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास पर आधारित अब न बनेगी देहरी नाटक का मंचन बीएनए के सभागार में किया गया। कहानी स्त्री शोषण, ऑनर किलिंग और सामाजिक रूढ़ियों पर गहरा प्रहार करती है। नायिका रेवती एक परम सुंदरी युवती है, जो कम उम्र में विधवा हो जाती है। समाज की क्रूरता और लोक-लाज के भय से त्रस्त होकर वह आत्महत्या करने का निर्णय लेती है और घर से भाग जाती है। रास्ते में वह एक शिव मंदिर पहुंचती है, जहां महंत गिरिबाबा उसे बचाते हैं। रेवती महंत से रूहानी प्रेम करने लगती है। उसकी बाल विधवा बुआ को भी प्रेम के कारण ऑनर किलिंग का शिकार बनाकर मार डाला गया था और उसकी समाधि (देहरी) बना दी गई थी। रेवती इस अन्याय के खिलाफ प्रण लेती है कि अब लोक-लाज के नाम पर कोई और देहरी नहीं बनेगी। उपन्यास महिलाओं के संघर्ष, ब्रह्मचर्य के द्वंद्व और सामाजिक बंधनों की गहन पड़ताल करता है। नाटक के मंचन ने दर्शकों को गहरे तक छू लिया। भारतेन्दु नाट्य अकादमी के कलाकारों ने संवेदनशील विषय को जीवंत रूप दिया, जिससे स्त्री अधिकारों और रूढ़िवादी परंपराओं पर विचार करने को मजबूर होना पड़ा।

## खालसा सजना दिवस को समर्पित प्रतियोगिता में जसरीत कौर प्रथम



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज गुरुद्वारा सदर में खालसा सजना दिवस को समर्पित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किए गए। इस अवसर पर सिख प्रश्नोत्तरी मुकाबला आयोजित किया गया, जिसमें सीनियर एवं जूनियर डिवीजन के लगभग 50 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी सिख इतिहास एवं सिख धर्म पर आधारित रही, जिससे बच्चों को अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी प्राप्त हुई।

इसके अतिरिक्त गुरबाणी पर आधारित कीर्तन मुकाबला भी आयोजित किया गया, जिसमें जूनियर एवं सीनियर डिवीजन के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कीर्तन प्रतियोगिता में निर्णायक (जज) की भूमिका वीर दविंदर सिंह जी ने निभाई। विशेष उल्लेखनीय रहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 69 वर्ष की महिला प्रतिभागी ने भी भाग लेकर अत्यंत मधुर स्वर एवं रागों में कीर्तन प्रस्तुत किया, जिसे संगत द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम जसरीत कौर, द्वितीय तनप्रीत कौर, तृतीय जसलीन सीनियर डिवीजन (15 से 40 वर्ष) प्रथम प्रभगुन कौर द्वितीय जसलीन कौर, द्वितीय गुनवीन कौर, तृतीय जस्मीत कौर सीनियर डिवीजन (40 वर्ष से अधिक) प्रथम परविंदर कौर, द्वितीय रविंदर कौर, द्वितीय परविंदर कौर, तृतीय सतिंदर कौर रहीं।

इस अवसर पर गुरुद्वारा सदर के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि खालसा सजना दिवस सिख इतिहास का अत्यंत गौरवशाली दिवस है, जो हमें गुरु साहिबानों की शिक्षाओं पर चलने तथा नई पीढ़ी को अपने धर्म एवं इतिहास से जोड़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों से बच्चों में गुरबाणी एवं सिख इतिहास के प्रति रुचि बढ़ती है, जो समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं गुरुद्वारा सदर के सचिव सरदार तेजपाल सिंह रोमी ने कहा कि खालसा सजना दिवस के अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी एवं कीर्तन प्रतियोगिताएं बच्चों एवं संगत के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहीं। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा सदर में 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल 2026 को विशेष गुरमत समागम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से विख्यात कीर्तनी भाई राय सिंह जी अपनी कीर्तन सेवा प्रदान करेंगे तथा प्रसिद्ध कथा वाचक ज्ञानी मान सिंह जी विशेष रूप से संगत को गुरमत विचारों से निहाल करने हेतु पधारेंगे। इस आयोजन में मुख्य रूप से इंदरजीत सिंह (कोषाध्यक्ष), नरिंदर सिंह, हरदीप सिंह (धार्मिक सचिव), नवलजीत सिंह (सदस्य एवं ऑडिटर), महिंदरपाल सिंह, हरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, महंगा आर.एस. बिंद्रा सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## सभ्यता से जुड़ने का मौका देती है कला : राजेश

### मदर सेवा संस्थान कई स्थानों पर खोलेगा बच्चों और युवाओं के लिए चबूतरा थियेटर पाठशाला: किरन लता

● ग्रीष्मकालीन में बच्चों को मिलेगा मंच, दिखायेंगे एक्टिंग, डांस, सिंगिंग से अपनी प्रतिभाः महेश चंद्र देवा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज मदर सेवा संस्थान द्वारा संचालित चबूतरा थियेटर पाठशाला , वाल्मीकि पार्क, महामाया नगर, तकरोही, इंदिरा नगर में शाम 5 बजे नियमित कार्यशालाओं का शुभारंभ किया गया ' जिसमें फिल्म अभिनेता और युवा रंगकर्मी महेश चंद्र देवा ने अभिनय की बेसिक जानकारी बच्चों को दी, मिरर एक्सरसाइज से बच्चों को फेस एक्सप्रेशन की जानकारी दी, वॉयस मॉड्यूलेशन का अभ्यास कराया कई एनिमल एक्सरसाइज से बच्चों में जंगल टॉक की रिहर्सल कराई। वही कथक नृत्य रजनी वर्मा ने चबूतर के सभी 5 से 15 साल के युवाओं को लोक नृत्य के बारे में बताया, गायन की क्लास में आशीष शर्मा ने गाने का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में

समाजसेवी राजेश पुजारी अध्यक्ष , महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति ने कहा कि कला समाज को देता अपनी सभ्यता से जुड़ने का अवसर देती है वो नृत्य नाटक संगीत आज समाज की जरूरत है जो इंसान को मशीन बना रही है। वही कार्यक्रम में कांशी राम पूर्व पार्षद, एडवोकेट परशुराम कनौजिया, हाईकोर्ट आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

मदर सेवा संस्थान के सचिव व चबूतरा थियेटर पाठशाला के संस्थापक महेश चंद्र देवा ने बताया ग्रीष्मकालीन की छुट्टियों में नियमित वाल्मीकि पार्क तकरोही, इंदिरा नगर, और एक्सपर्ट किड्स पब्लिक स्कूल जानकीपुरम लखनऊ में किया जाएगा । इस माह संस्थान अपने नया चबूतरा थियेटर पाठशाला को कबीर मठ सरसोंधी नर्तला गांव, बाराबंकी में खोलने की तैयारी कर रहा है। संस्थान का उद्देश्य बच्चों और युवा में थियेटर गीत संगीत नृत्य से उनके अंदर अपनी सांस्कृतिक संस्कृति को जानना, आत्मविश्वास और स्टेज फियर को दूर करना। संस्थान अपना तीन दिवसीय नाट्य समारोह जून को अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में किया जाएगा। ये जानकारी संस्थान की अध्यक्षा किरन लता ने दी।

संक्षेप

## लगी आग ,फसल और पराली खाक

**नसीराबाद, रायबरेली।** खेत में आग लगने से गेहूं और सरसों की कई बीघे खड़ी फसल जल कर राख हो गई। इसके अलावा लगभग 40 बीघे से अधिक की पराली भी जलकर नष्ट हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर पूरे सदा मजरे कांटा के समीप राजबहादुर खान निवासी पूरे धनई के खेत में मशीन द्वारा भूसा बनाया जा रहा था। मशीन गरम हो जाने से अचानक चिंगारी निकलने लगी और उससे उठी आग ने देखते-देखते कई खेतों को गिरफ्त में ले लिया। आग में आनंद नारायण का ढाई बीघा गेहूं और कल्लू मिश्र पूरे सदा की एक बीघा खड़ी सरसों जल गई। इसके अलावा आशिक जमा का खड़ा गेहूं तथा ग्राम पंचायत डीघा के कई किसानों की खड़ी फसल और लगभग 40 बीघा पराली जल गई। सूचना मिलते ही दोनों गांवों के लेखपाल शेष कुमार वार्ष्णेय व प्रदीप कुमार साहू मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट तहसील को भेजी। पुलिस और दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू किया।

## दबंगों ने महिला उसके भाई व नातिन को पीटा 4 के खिलाफ केस दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली।** पहले की रंजिश मे एक महिला व नातिन और उसके भाई को दबंगों ने न सिर्फ बुरी तरह मारा-पीटा बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता से मिली तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओ मे केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक को सौपी गयीं है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे पलिहार मजरे बेढौना निवासी साफिया बानो पत्नी स्वर्गीय अनवर घर पर बैठी थी तभी वहां गांव के ही महफूल तीन साथियों के साथ पहुंचे और पहले की रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए महिला को लात घूसो और धारदार हथियार से मारने लगे बीच बचाव करने दौड़ी माहिला की नातिन अलीना भाई असलम को भी दबंगों ने जमकर मारापीटा। और उन्हे जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में पीड़िता ने चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी । पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर महफूल व हसनैन पुत्रगण जाहिद निवासी ग्राम पूरे पलिहार मजरे बेढौना व इरशाद पुत्र अज्ञात निवासी पूरे लेजी थाना जामों जनपद अमेठी तथा जाहिद पुत्र सरीफ निवासी अज्ञात के खिलाफ सम्बंधित धाराओं मे केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अशोक कुमार पाठक को सौपी गयी है।

## विशाल भंडारा आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र बबुरिहा धाम स्थित पावन तपोस्थली पर विराजमान स्वामी हरिदास कुटी के तृतीय महंत पूज्य लक्ष्मण दास की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और परंपरागत विधि-विधान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नीलू सिंह के संयोजन में कुटी प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज के जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के समस्त अभिलेखों में प्रार्थी का नाम ILTAF AHAMAD व पिता का नाम GULJAR अंकित है, जबकि प्रार्थी के पासपोर्ट न. K4483278 में प्रार्थी का नाम त्रुटिवश ILTAF AHMED व पिता का नाम GULZAR हो गया। जबकि प्रार्थी का सही नाम ILTAF AHAMAD व पिता का सही नाम GULJAR है। जिसको संसोधित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। **इल्ताफ अहमद पुत्र गुलजार निवासी फुलवारी डीहढग्गूपुर पो. - डीहढग्गूपुर थाना-गोसाईगंज (228125) जनपद-सुलतानपुर।**

# विधायक अदिति सिंह ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं

## अधिकारियों को दिये त्वरित समाधान के निर्देश



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने लालपुर चौहान स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पहुंचे सम्मानित नागरिकों और आम जनता से उन्होंने आत्मीय संवाद किया तथा उनकी व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याओं को बड़े धैर्य और गंभीरता से सुना। जनता दर्शन के दौरान लोग अपनी रोजमर्रा की परेशानियों, विकास कार्यों में देरी, बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी मांगों को विधायक के समक्ष रखे। अदिति सिंह ने हर शिकायत को ध्यान से सुना और जनता की अपेक्षाओं एवं उनके प्रति विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए।

अदिति सिंह ने कहा जनप्रतिनिधि का कर्तव्य जनता की सेवा व उनकी समस्याओं का निस्तारण है। उन्होंने जोर दिया कि जनता का विश्वास बनाए रखना ही सुशासन की सबसे बड़ी ताकत है। इस कार्यक्रम में उन्होंने न केवल समस्याओं को सुनकर उनका समाधान का आश्वासन दिया, बल्कि कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए, जिससे लोगों में काफी संतुष्टि देखी गई। यह जनता दर्शन अदिति सिंह की निरंतर जनसंपर्क और जनसेवा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो रायबरेली सदर क्षेत्र में उनके लोकप्रियता का प्रमुख आधार बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने विधायक के इस सक्रिय रवैये की सराहना की और आशा जताई कि निर्देशित समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा होगा।

# हंसवा ड्रेन की पटरी पर खड़े बेशकीमती सरकारी पेड़ों की हो रही अवैध कटान

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के मोतीगंज मजरे मऊ गांव में हंसवा ड्रेन की पटरी पर खड़े बेशकीमती सरकारी पेड़ों की अवैध कटान का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ड्रेन खुदाई कार्य की आड़ में सक्रिय वन माफियाओं ने शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात दर्जनों हरे-भरे पेड़ों पर आरा चलाकर उन्हें ठिकाने लगा दिया। सूचना मिलते ही हरकत में आए वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर करीब 45 कुंतल लकड़ी (मोटा बोटा) बरामद कर कब्जे में ले लिया है, जबकि बड़ी मात्रा में लकड़ी पहले ही खपाई जा चुकी है।

आपको बता दें कि, ग्रामीणों के अनुसार, हंसवा ड्रेन के किनारे वर्षों से खड़े जामुन, नीम, सफेदा व गूलर जैसे कीमती पेड़ों को निशाना बनाया गया। रात के अंधेरे में पेड़ों को काटकर तेजी से उनकी ढुलाई की गई, ताकि किसी को भनक न लगे। हालांकि सुबह जब पटरी खाली दिखी तो ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई और उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। शनिवार को मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच के दौरान 45 कुंतल लकड़ी बरामद की। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, करीब 54 कुंतल लकड़ी अमेठी जनपद के सेमरौता कस्बे में एक व्यापारी को बेचे जाने की बात भी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

इस घटना ने वन विभाग की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि, इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटान बिना मिलीभगत के संभव नहीं है। वहीं, पर्यावरण प्रेमियों ने इसे क्षेत्र के हरित संतुलन के लिए गंभीर खतरा बताया है। वन रेंजर नावेद सिद्दीकी ने बताया कि, मामला गंभीर है और विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लकड़ी को कब्जे में ले लिया है। वन माफियाओं की पहचान के लिए जांच तेज कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि, जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**बलपूर्वक हरे पेड़ काटने को लेकर विवाद :** कोतवाली क्षेत्र के ओथी गांव में बलपूर्वक हरे पेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासिनी सुखदेई पत्नी सहवददीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही राम अवध पुत्र मोहललाल जबरन उसकी जमीन पर लगे पेड़ काटकर रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, विपक्षी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और पेड़ काटना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर जब वह अपने परिजनों व ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची तो आरोपी पक्ष करीब 30 साथियों के साथ भाग निकला।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** मिशन शक्ति 5 द्वितीय चरण के अंतर्गत रविवार को गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम चपरहवा फतेहपुर संगत में पुलिस द्वारा चैपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। चौपाल के दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी समस्या पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अपराध निरीक्षक अखिलेश सिंह, उपनिरीक्षक दयाराम मिश्रा, उपनिरीक्षक सुरेश चंद, कांस्टेबल दीपक कुमार व महिला कांस्टेबल रिंकू यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश प्रो हैंडबॉल लीग में सुलतानपुर के चार खिलाड़ियों का चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के चार हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन प्रो लीग के लिए हुआ जिसमें सुमित गौड़ गोरखपुर राउडीज निहाल जायसवाल मथुरा ब्रिज स्टार जय सिंह और मो. कामरान बर्बरीक वारियर्स का चयन अलग-अलग टीमों में प्रतिष्ठित उत्तर प्रदेश प्रो हैंडबॉल लीग के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 9 से 14 अप्रैल तक लखनऊ में आयोजित की जा रही है जिसमें ये प्रतिभाग कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और मेहनत के दम पर इस बड़े मंच तक पहुंच बनाई है। सभी खिलाड़ी सुल्तानपुर के पंत स्टेडियम में नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जहां उन्हें कोच प्रवीण मिश्रा द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिले के लिए बेहद गर्व का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी खिलाड़ी लीग में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। सुलतानपुर के कृष्ण कुमार जो सेना में हवलदार के पद पर तैनात हैं लीग की एक टीम बर्बरीक वॉरियर्स के कोच के रूप में टीम के साथ जुड़े है। खिलाड़ियों के चयन से खेल प्रेमियों और परिजनों में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम सिंह, राष्ट्रीय चयनकर्ता अनुपम शुक्ला, उदय सिंह, मुनेंद्र मिश्र ने बधाई दी।

## गोसाईगंज पुलिस ने 4 अभियुक्त गिरफ्तार किये

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार गोसाईगंज पुलिस ने चार एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में मोबीन व मोइन पुत्रगण इब्राहिम निवासी ग्राम सेहूपारा, सूरज गौतम पुत्र धर्मराज निवासी कटकाखानपुर तथा राजेश कुमार मिश्रा पुत्र देवनारायण मिश्रा निवासी गड़ौरा शामिल हैं। ये सभी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से जारी वारंट के तहत वांछित चल रहे थे। गोसाईगंज पुलिस ने सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया।

# सैय्यद शाह बाबा के सालाना उर्स शरीफ का हुआ उदघाटन

**बछरावां,रायबरेली।** हिंदू मुस्लिम कौमी एकता का प्रतीक सैय्यद शाह बाबा के उर्स शरीफ का उद्घाटन शनिवार की रात्रि को पूर्व में विधायक रामलाल अकेला व बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। वहीं इसके साथ ही इस मौके पर उर्स मेला कमेटी के सदर निजामुद्दीन के द्वारा पूर्व विधायक रामलाल अकेला व चेयरमैन बछरावां शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी का स्वागत किया गया। इस मौके पर सेक्रेटरी निजामुद्दीन, खजांची शहाबुद्दीन, नायब सेक्रेटरी भैय्यन हुसैन, नायब खजांची रेशू मंसूरी, अनस मंसूरी, इमरान मंसूरी, प्रचारक तुषार मंसूरी, प्रचार मंत्री राजू मंसूरी व डॉक्टर सी.एम. त्रिपाठी मौजूद रहे। वहीं उर्स मेला कमेटी के आयोजक निजामुद्दीन मंसूरी के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, सभासद कुंवर वीरभान सिंह को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि बछरावां का उर्स क्षेत्र में ही नहीं अपितु जनपद में हिंदू मुस्लिम एकता का साक्षात प्रतीक है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि मुझे यह देखकर अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है कि इस कार्यक्रम में जितने मुस्लिम भाई मंच पर मौजूद नहीं है उससे कहीं अधिक हिंदू भाई मौजूद है। वही या क्षेत्र का ऐतिहासिक उर्स कमेटी के सरपरस्त निजामुद्दीन मंसूरी की देखरेख में 10 अप्रैल को ईद मिलादुन्नबी के साथ मेले का शुभारंभ हुआ व 11 अप्रैल को शनिवार को महफिले शमा जवाबी शबनम वारसी बहराइच व आसिफ साबरी बदायूं के बीच जवाबी कव्वाली का आयोजन हुआ। वहीं 12 अप्रैल दिन इतवार को भी महफिलें शमा सोफिया चिश्ती बरेलवी व शरीफ परवाज कानपुर के बीच आयोजित किया जाएगा ।बाराबंकी, उन्नाव, लखनऊ, सुल्तानपुर सहित कई जनपदों के जायरीनों ने विशाल उर्स मेले का लुफ्त उठाया।

# नरहरपुर में फोर्स तैनात, बवाल करने वाले 19 नामजद

● 40-50अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज,नौ जेल भेजे गये

**अमेठी।** रामगंज थाने के नरहरपुर गांव में जानवरों की खाल निकालने के लिए सुरक्षित जमीन पर जबरन बाबा डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर हुए बवाल और पत्थरबाजी के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान धनंजय यादव सहित 19लोगों को नामजद करते हुए 40-50अज्ञात लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक सम्पत्ति के नुकसान सहित भारतीय न्याय संहिता की नौ धाराओं के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस ने शनिवार को 14लोगों को हिरासत में लिया था। रविवार को नौ लोगों को जेल भेजा गया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सर्वानन टी के निर्देश पर पी ए सी तैनात की गई है। घटना स्थल के वीडियो के आधार पर पुलिस की ओर से शुरू की गई गिरफ्तारी से गांव के लोग डरे हुए हैं। ग्राम प्रधान धनंजय यादव का मोबाइल लगातार बंद है। शनिवार को दोपहर बाद से ही ग्राम प्रधान परेशान हैं, पुलिस अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

नरहरपुर के लोगों ने 22 मार्च को ग्राम प्रधान धनंजय यादव के साथ आपस में पंचायत करके गाटा संख्या - 197/0.0630हे पर बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने के लिए एस डी एम से अनुमति मांगी थी ।एस डी एम ने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई ।स्थल जानवरों की खाल निकालने के लिए सुरक्षित होने की बात सामने आने पर एस डी एम ने अनुमति देने से मना कर दिया।

सूत्रों का कहना है कि पंचायत चुनाव की राजनीति के चलते ग्राम प्रधान धनंजय यादव ने दलित परिवारों के युवकों और महिलाओं को जबरन प्रतिमा लगाने के लिए उकसाया । 11अप्रैल को पुलिस की ओर से मना करने के बाद भी दलित परिवारों ने गोलबंद होकर जबरन बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने की कोशिश की। पुलिस के मना करने पर महिलाएं ईंट पत्थर मारने लगीं ।एस एच ओ और एक दरोगा को चोंटे भी आईं। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर किया। एसडीएम आशीष सिंह के निर्देश पर अन्य थानों की फोर्स और पी ए सी मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण किया ।एस डी एम शनिवार को शाम तक गांव में ही कैम्प करते रहे ।स्थिति शांतिपूर्ण होने पर पुलिस ने 14लोगों को हिरासत में लिया। इसमें कुछ नाबालिग लड़के भी थे। पूछताछ और जांच के बाद रविवार को रामगंज पुलिस ने नौ लोगों को जेल भेजा है।

**ये लोगजेल भेजे गये -** रमेश यादव पुत्र शोभनाथ, बृजेश यादव पुत्र दयाराम, विजय शंकर पुत्र दयाराम, विजय कुमार पुत्र राजाराम, अखिल कुमार कोरी पुत्र सुरेश कुमार, सूरज कुमार पुत्र कल्लू राम,सूरज कुमार पुत्र कमलेश , जगन्नाथ पुत्र रामनाथ , उमेश कुमार पुत्र रामनरेश।

**पुलिस ने इनको नामजद किया :** दिनेश कुमार पुत्र रामनाथ, श्री राम पुत्र बुद्धि लाल, बबलू पुत्र रामनरेश, रामकुमार पुत्र सुखी राम,अच्छे लाल पुत्र बरसाती, दीपक पुत्र छोटे लाल, विजय कुमार पुत्र राजाराम , दीपक पुत्र छेदीलाल, अखिलेश कुमार कोरी पुत्र सुरेश कुमार,सूरज पुत्र कल्लू,सूरज कुमार पुत्र कमलेश कुमार, जगन्नाथ पुत्र रामनाथ, उमेश कुमार पुत्र रामनरेश,सोनू कुमारी पत्नी दिनेश कुमार,राजपती पत्नी गया प्रसाद,माला पत्नी बरसाती ,कुसुम पत्नी सूरज,धनंजय यादव पुत्र अज्ञात।

## मंझवारा में महिलाओं ने लाश को कंधा दिया



**अमेठी/जामों ।** बामसेफ की विधानसभा संयोजक कंचन बौद्ध की मां के निधन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। मंझवारा - भटगंवा में अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पुरानी रुढ़िवादी परम्पराओं को तोडते हुए यहां पुरुषों के पहले महिलाओं ने लाश को कंधा दिया। द बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सावंत और मृतका के दामाद राजू बौद्ध के साथ अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती,बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज कोरी,राम सजीवन कोरी, धर्मेंद्र कुमार बौद्ध,हरिनाथ प्रधान, शीतला प्रसाद दाढ़ी,राम मिलन भारती, जगदीश प्रसाद,ध्रुव राज, श्री राम, रमेश कुमार बौद्ध आदि निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# अल्फा कॉन्वेंट में वार्षिकोत्सव आयोजित




**सलोन, रायबरेली।** अल्फा कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे, अभिभावक और समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आई ए एस केएस सिंह, स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर जावेद खान, प्रधानाचार्य शोएब अहमद खान व शिक्षक श्रद्धा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथि व अभिभावकों का स्वागत बच्चों ने वेलकम स्पीच और वेलकम डांस से किया। वार्षिकोत्सव समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ मेडल व शील्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें कक्षा 6 सेक्शन ए के अमृता अग्रहरि प्रथम, मानस वर्मा द्वितीय व ऋषभ घनश्याम गुप्ता तृतीय स्थान पे रहे, तो वहीं पर कक्षा 6 सेक्शन बी के माही केशरवानी प्रथम, हर्षित जायसवाल द्वितीय व शगुफ्ता बानो तृतीय स्थान पे रहे। कक्षा 7 सेक्शन ए के अखिल मौर्य प्रथम, नम्रा खान द्वितीय तो नैतिक अग्रहरि तृतीय स्थान पे रहे, कक्षा 7 सेक्शन बी के राहिल खान प्रथम, मुहम्मद मदनी द्वितीय तो लायबा फातिमा तृतीया स्थान से पास हुए। कक्षा 8 सेक्शन ए के अभी रस्तोगी प्रथम, रोशनी द्वितीय व अशरा बानो तृतीय स्थान पे रहे, कक्षा 8 सेक्शन बी के शौर्य सिंह प्रथम, अंश गुप्ता द्वितीय व अजरा बानो तृतीय श्रेणी से पास हुए।

कक्षा 9 सेक्शन ए के इशिता प्रथम, अक्षरा द्वितीय व अब्दुल्लाह सलमानी तृतीय श्रेणी , तो वहीं पर कक्षा 9 सेक्शन बी के नैतिक सोनी प्रथम, जिया रिजवान द्वितीय तो रेहान अहमद तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, संगीत, कला, नाटक व संस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ हिस्सा लिया, जिसमें दिव्यम व लक्ष्मी ग्रुप ने चक दुम दुम, माहिरा व अलीना ग्रुप ने आँखें खुली हों या हो बंद, नशरा वहुदा ग्रुप ने राइट तो एजुकेशन, ओमैजा अख्तर ने हंसी बन गए हो तुम, रवींद्र और आदर्श ग्रुप ने अनपढ़ नेता, एंजेल और खदीजा ग्रुप ने अपने मां बाप का तू दिल न दुखा, मदनी और कशफ अख्तर ग्रुप ने ऑपरेशन सिंदूर, आरुषि और सेजल ग्रुप ने गर्ल्स एजुकेशन पर मनमोहक व शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन मो.अतहर जी के निगरानी में राहिल खान, ओमैजा अख्तर, आलिया, जैनब खान, कत्यानी कौशल, एंजेल वर्मा, स्कूल की शिक्षिका श्रद्धा श्रीवास्तव व लुबना आफरीन ने किया।

## डॉ.भीमराव आंबेडकर निःशुल्क शिविर में हजारों मरीजों ने इलाज करवाया

**रायबरेली।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा सेवा भारती हुआ नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन के तत्वाधान में आठ स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 1461 मरीजों ने अपना इलाज करवाया। संघ के सह जिला सेवा प्रमुख राकेश तिवारी ने बताया कि आरएसएस की 10 शाखा के 87 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में डॉ. आंबेडकर के चित्र के साथ भारत माता का चित्र लगाया गया, विभाग प्रचारक डॉ. अमित रजावत, विभाग कार्यवाह ऊधम जायसवाल, विभाग संघ चालक अमरेश बहादुर सिंह, बलराम अवस्थी जिला कार्यवाह अमित नगर कार्यवाह शिवा नन्द नगर प्रचारक अनुज ने अलग अलग स्थानों पर पुष्प अर्पित कर शिविर का उद्घाटन कर डॉ.अम्बेडकर को याद किया गया।

## एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए सुलतानपुर के खिलाड़ियों का चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद के लिए गर्व का क्षण है कि यहां के कई होनहार खिलाड़ियों का चयन एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026, बैंकॉक (थाईलैंड) के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर विश्वास जताया कि वे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन देने का आश्वासन भी दिया। चयनित खिलाड़ियों में शुभम धुरिया (67 किग्रा, साउथ एशियन गेम्स गोल्ड), प्रियात धुरिया (36 किग्रा), कु. राज नांदनी सोनकर ($65 किग्रा), विवान कुमार (19 किग्रा, साउथ एशियन गेम्स गोल्ड) और अर्पित निषाद (51 किग्रा) शामिल हैं। ये खिलाड़ी जयसिंहपुर और सुलतानपुर क्षेत्र से संबंधित हैं। टीम का नेतृत्व आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर नसीरुद्दीन के निर्देशन में किया जाएगा, जिनका खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खिलाड़ियों की इस सफलता से जिले में उत्साह का माहौल है और सभी को उनसे बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।




# डलमऊ थाना क्षेत्र में अवैध कोयला भट्ठियों का खेल उजागर

● डलमऊ रेंज में मानकों के विपरीत धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं भट्ठियां, वन विभाग की भूमिका पर उठ रहे गंभीर सवाल



**रायबरेली।** गंगा नदी के किनारे पर्यावरणीय नियमों को धता बताते हुए अवैध कोयला भट्ठियों का एक बड़ा नेटवर्क उजागर हुआ है। रायबरेली जिले के डलमऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा तट पर स्थित डलमऊ रेंज में दर्जनों भट्ठियां बिना किसी अनुमति के दिन-रात चल रही हैं। इन भट्ठियों से निकलने वाला घना काला धुआं न सिर्फ गंगा के पानी को प्रदूषित कर रहा है, बल्कि आसपास के वातावरण और कृषि भूमि को भी भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन अवैध भट्ठियों का संचालन लंबे समय से चल रहा है। भट्ठियां गंगा किनारे बनाई गई हैं, जहां कोयला बनाने के लिए लकड़ी और अन्य सामग्री का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है। परिणामस्वरूप, रात के समय पूरे इलाके में घना धुआं छा जाता है, जिससे सांस की बीमारियां बढ़ गई हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है।

स्थानीय लोगों ने वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रशासनिक अधिकारियों पर सीधे मिलीभगत का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना विभागीय छूट और निगरानी के इतनी बड़ी संख्या में भट्ठियां कैसे चल सकती हैं? एक स्थानीय किसान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ह्लहमने कई बार शिकायत की, लेकिन हर बार अधिकारी कहते हैं कि जांच करेंगे। जांच होती भी है तो कुछ नहीं होता। साफ है कि भट्ठा मालिक और अधिकारी एक दूसरे के साथ मिले हुए हैं ।ह्व

वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। गंगा किनारे वन क्षेत्र में अवैध कटाई और भट्ठा संचालन को लेकर विभाग की नाकामी स्पष्ट दिख रही है। पर्यावरणविदों का कहना है कि ऐसी गतिविधियां न सिर्फ वन्य जीवों के लिए खतरा हैं, बल्कि गंगा की जैव विविधता को भी नष्ट कर रही हैं। ये अवैध भट्ठियां पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रही हैं। भट्ठों से निकलने वाला धुआं और रसायनिक कचरा सीधे गंगा में जा रहा है, जिससे नदी का जल प्रदूषित हो रहा है। आसपास की फसलों पर भी इसका असर पड़ रहा है। किसान बताते हैं कि धुएं से पेड़-पौधे सूख रहे हैं और मिट्टी की उर्वरता घट रही है।

गंगा तट पर रहने वाले लोगों का कहना है कि सुबह-शाम सांस लेना मुश्किल हो गया है। कई परिवार बीमार पड़ चुके हैं। एक महिला निवासी ने बताया, ह्लरात में खिड़की खोलना मुश्किल है, धुआं घर के अंदर घुस जाता है। बच्चे लगातार खांसी और सांस की तकलीफ से परेशान हैं।

स्थानीय लोगों ने कई बार थाना डलमऊ, जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की इस चुप्पी से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इलाके में कई बार विरोध प्रदर्शन भी हो चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य।

## सीएचसी पर 15 दिन से रखा डिजिटल एक्सरे मशीन, इंस्टॉलेशन का इंतजार



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सामुदायिक स्वास्थ्य जयसिंहपुर केंद्र (सीएचसी) में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यहां लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई डिजिटल एक्सरे मशीन लगभग 15 दिन पहले पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक इसका इंस्टॉलेशन नहीं हो सका है। मशीन के शुरू न होने से मरीजों को फिलहाल इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सेवाराम यादव ने बताया कि मशीन के इंस्टॉलेशन के लिए संबंधित तकनीशियन से संपर्क किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि आगामी सप्ताह में मशीन को स्थापित कर संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके चालू होने के बाद क्षेत्र के मरीजों को एक्सरे जांच के लिए जिला मुख्यालय या निजी केंद्रों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। डिजिटल एक्सरे मशीन के शुरू होने से न केवल जांच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी, बल्कि मरीजों का समय और खर्च भी बचेगा। खासतौर पर दुर्घटना और गंभीर बीमारियों के मामलों में त्वरित जांच की सुविधा मिलने से उपचार में भी तेजी आएगी। स्थानीय लोगों और मरीजों ने मशीन के शीघ्र संचालन की मांग की है, ताकि क्षेत्रीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम माना जा रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-11.04.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- मलिकपुर, विकास खण्ड- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर मे राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 13.04.2026 से दिनांक-17.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- मलिकपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 17.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सब्बू के घर से इस्तियाक के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.20 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | इंटरलाकिंग से गोबिंद महेंद्र के घर होते हुए अजय वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.30 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- मलिकपुर, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर।**

संक्षेप

## चंदौसी के व्यापारियों ने गोवर्धन में किया देशी घी का भंडारा

मथुरा। चंदौसी के व्यापारियों द्वारा पावन तीर्थ नगरी गोवर्धन में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ देशी घी का भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा कर रहे भक्तों को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सेवा, सहयोग और आध्यात्मिक भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर भक्ति का माहौल देखने को मिला। व्यापारियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और देश की उन्नति की कामना की। आयोजन में चंदौसी के अनेक व्यापारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने सेवाभाव के साथ भंडारे को सफल बनाया। इस दौरान कमल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अजय जैन, अनुज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, महेंद्र वर्मा, अजय अग्रवाल, डॉ. जगदीश श्रीवास्तव, राहुल पाठक, जगन्नाथ खुराना, गुरुवत सिंह, डॉ. पीयूष राघव, डॉ. अनिल चैहान, अभिषेक अग्रवाल, नवीन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## दो जुआरी गिरफ्तार

टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 18,400 रुपये एवं 52 पत्ता ताश बरामद किए गए हैं। रविवार को थाना पचोखरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नगला गंगाराम से पहले निमार्णाधीन कॉलौनी से 02 अभियुक्तों आकाश पुत्र निजाम निवासी लालऊ थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद, व फकीरा पुत्र आमीन निवासी मनीगढ़ी थाना जनपद फिरोजाबाद को जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया, अभियुक्तों के कब्जे से 400 रुपये माल फड़ व 18,000 रुपये जामा तलाशी में कुल 18,400 रुपये व 52 पत्ता ताश बरामद किये गये हैं। थाना पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में 13 जी0 एक्ट जुआ अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## पं. दीनदयाल प्रशिक्षण के तहत चल रहे कार्यकर्ता प्रशिक्षण कैंपों का समापन

लालगंज, रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के सरेनी और बेनीमाधव गंज मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के तहत कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया है। सरेनी के प्रशिक्षण कैंप में बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि भाजपा का इतिहास गौरवशाली रहा है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश प्रगतिशील विकास के पथ पर चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत शनिवार रविवार को 6 सत्रों का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रभारी विनय विक्रम सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर सिंह, परीक्षित सिंह, विनय तिवारी, संजय जाटव, मुन्ना त्रिवेदी, अवधेश भदौरिया, सधन कुमार, सौरभ शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूदरहे।

# पर्यटन मंत्री ने किया 7.41 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



फिरोजाबाद। जनपद में धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के विकास की चली आ रही श्रृंखला को नई दिशा देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ग्राम सैनावली में विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं पर कुल 7.41 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलेगी। पर्यटन मंत्री ने 4.53 करोड़ रुपये की लागत से प्राचीन पंचवटी मंदिर सैनावली, 1.54 करोड़ रुपये की लागत से प्राचीन शिव मंदिर पैगू तथा 1.34 करोड़ रुपये की लागत से प्राचीन शिव मंदिर करहरा में कराए गए पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अयोध्या, काशी, मथुरा और चित्रकूट, नैमिषारण्य जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश के पर्यटक उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण करना ही नहीं, बल्कि वहां स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना भी है। इससे पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को धार्मिक पर्यटन हब के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के नेतृत्व में फिरोजाबाद में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रही हैं और ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल का संकल्प धरातल पर साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में मंदिरों के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्यों से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मणिकंचन ने किया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजीव यादव बाले पूर्व चेयरमैन राघवेंद्र सिंह प्रधान श्वेता संदीप सेंगर पूर्व प्रधान राजीव सिंह अवनेन्द्र सिंह अमित सिंह प्रधानाचार्य पुनीत सिंह अंशु सिंह बिंदु सिंह अमित कुमार गौरव कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी ने बिना फूलबंगला में बैठकर दिये भक्तों को दर्शन

- सेवायतों की हठधर्मिता के चलते फिर नहीं सजा फूल बंगला

मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। वृंदावन ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में गत दिन सुबह व शाम को फूल बंगला नहीं सजाया गया। ऐसे में ठाकुरजी ने बिना फूल बंगले में बैठकर भक्तों को दर्शन दिए। सेवायत खुद मंदिर की परंपरा को तोड़ रहे हैं। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर फूल बंगला सजाने का शुल्क 1.51 लाख रुपये से घटाकर एक लाख एक हजार रुपये तय किया था। वहीं जगमोहन में सेवायतों को पूजा अधिकार भी बहाल कर दिया था। इसके बाद भीमदिन में फूलबंगला नहीं सजाया गया। शनिवार को नौवीं बार भी सुबह राजभोग व शाम को शयनभोग सेवा में दोनों ही सेवाधिकारियों ने फूलबंगला नहीं सजाया। इसके पीछे मात्र एक कारण है कि मंदिर के कोष में एक



में सेवायतों की हठधर्मिता कम नहीं हो रही। पहले सेवायत फूल बंगला सजाने के लिए मंदिर कोष में 15 हजार रुपये जमा करते थे। बीते दिनों मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने फूल बंगला सजाने के लिए 1.51 लाख रुपये

शुल्क निर्धारित किया था। इसका सेवायतों ने विरोध किया। तीन दिन पूर्व हुई बैठक में समिति ने लाख रुपया उन्हें जमा नहीं करवाना है। जबकि फूलबंगला की सेवा समर्पित करने वाले श्रद्धालु से वे दस से पंद्रह लाख रुपये की धनराशि लेते आए हैं। अब तक सेवायत 15 हजार रुपये भी नियमित रूप से जमा नहीं करवाते थे। सेवायत फूल बंगला के लिए पूर्व में निर्धारित धनराशि तय करने पर अडिग हैं।

## श्रमिकों के हितों से नहीं किया जायेगा कोई समझौता, डीएम



फिरोजाबाद। अन्य राज्यों विशेषकर हरियाणा सरकार द्वारा श्रमिकों के मानदेय में की गई उल्लेखनीय वृद्धि के दृष्टिगत जनपद के श्रमिकों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास की मुख्य धारा में श्रमिकों का योगदान अतुलनीय है और उनके हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक श्रमिक को उसका जायज हक और सम्मान मिले, श्रमिकों की समस्याओं के निदान हेतु श्रम विभाग और संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए है, उन्होंने उपस्थित उद्यमियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि श्रमिकों का कल्याण ही उद्योगों की प्रगति का मूल मंत्र है, हरियाणा सरकार की वेतन वृद्धि मामले के बाद जनपद में श्रमिकों की जायज मांगों और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने और श्रमिकों से निरंतर संवाद बनाए रखने का निर्देश दिया है, साथ ही जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर एक रेस्ट रूम भी बनाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य अपर जिलाधिकारी विशु राजा सहायक श्रमायुक्त आदि उपस्थित रहे।

## आत्महत्या से पहले महिला ने सोशल मीडिया पर लिखा नोट, ऑडियो में दो लोगों के ले रही है नाम

शिकोहाबाद। देर रात आवास विकास कॉलोनी में महिला के आत्महत्या के मामले में देर रात फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य का संकलन किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर रविवार को शव को उसके परिजनों के हवाले कर दिया। इसी दौरान मृतिका के एक सोशल अकाउंट पर एक लेख प्रकाशित हो रहा है जिसमें वह दो लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार बता रही है। पुलिस विवाहिता के आत्महत्या की हर एंगल से जांच कर रही है। शनिवार की देर रात शिवानी पत्नी मनीष निवासी आवास विकास कॉलोनी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। घटना से विवाहिता के परिवार में कोहराम मच गया था। इसी दौरान मृतिका के सोशल अकाउंट पर एक लिखित बयान वायरल हो रहा था जो उसने मौत से कुछ समय पहले ही पोस्ट किया था। जिसमें वह दो लोगों को अपनी मौत के लिए दोषी मान रही थी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि मृतिका की मौत के मामले में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। सोशल मीडिया पर क्या वायरल है उसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। अगर उनके संज्ञान में मामला आता है तो जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। महिला ने लिखा है में अब रिकॉर्डिंग करेगी। वीडियो क्यों बनाके रख रहे हो मोबाइल में, ओह उठा अब वीडियो कॉल अब फांसी इंसान ने बहुत परेशान कर दिया है। मेरी पूरी फैमिली को मरवा देने की धमकी दी जा रही है। और में बहुत परेशान हू। मेरी आत्महत्या सिर्फ बीटू और एक दोस्त की बजह से कर रही हू। उठा वीडियो काल और में एक वीडियो बनाकर अपने फोन में रख रहा हू।

## चोरी के आभूषणों सहित शातिर चोर गिरफ्तार

टूंडला। थाना रजावली पुलिस टीम ने ग्राम भैंसाबृजपुर में मकान की छत तोडकर चोरी की घटना करने वाले नामजद अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी गये चांदी के आभूषण करीब 465 ग्राम व एक अवैध तंमचा एवं दो जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं। दिनांक 27.03.2026 की रात्रि को ग्राम भैसाबृजपुर थाना रजावली जिला फिरोजाबाद में मकान की छत तोडकर अभियुक्त के द्वारा चोरी की घटना को अन्जाम दिया गया था उक्त घटना के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना रजावली पर दीपक उर्फ दीपू पुत्र खजान सिंह के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना पुलिस द्वारा लगातार सुरागरसी पतारसी करते हुए दिनांक 11.04.2026 को मुखबिर की सूचना पर वांछित नामजद अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू पुत्र खजान सिंह निवासी विशाना थाना चन्दपा जिला हाथरस उम्र को अभियुक्त के कब्जे से वादी के मकान से चोरी किये गये चांदी के आभूषण एवं एक अवैध तमन्चा मय दो जिन्दा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

# यमुना नाव हादसे में 13 शव बरामद, 3 अब भी लापता

- सुरक्षा के लिए 419 लाइफ जैकेट नाविकों को दी जायेंगी: डीएम

मथुरा। वृंदावन केसीघाट यमुना में हुए दर्दनाक नाव हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान दो और श्रद्धालुओं के शव बरामद किए गए हैं जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। तीन श्रद्धालु अब भी लापता हैं। उनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि रविवार सुबह यमुना नदी से एक युवक का शव बरामद हुआ है। उसकी पहचान लुधियाना के जगतांव निवासी प्रसभ शर्मा के रूप में हुई है। उसका शव हादसे की जगह से तीन किलोमीटर दूर अकूर घाट के पास मिला है। वहीं, एक महिला का शव देवरहा बाबा घाट के पास मिला है। महिला की पहचान अर्बन एस्टेट डुगरी निवासी 21 वर्षीय डिंकी बंसल के रूप में हुई है। हादसे में डिंकी बंसल की मां मीनू बंसल की मौत पहले ही हो चुकी थी, जिनका शव शुक्रवार को ही निकाल लिया गया था। तीन लोग लापता हैं, उनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। शुक्रवार दोपहर को हुए दर्दनाक मोटरबोट हादसे में लापता श्रद्धालुओं की तलाश जारी है। हादसे के बाद श्रद्धालुओं के घरों में मातम पसरा है। मथुरा से लेकर पंजाब तक लापता श्रद्धालुओं के फेटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हादसे का शिकार हुए अधिकांश श्रद्धालु पंजाब के लुधियाना और जगरांव के रहने वाले थे। लापता श्रद्धालुओं में पंकज मल्होत्रा, यश भाषा, मोनिका शामिल हैं। पंजाब और मथुरा के सोशल मीडिया ग्रुपों पर इन श्रद्धालुओं की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें लोग उनके सुरक्षित होने की



दुआएं मांग रहे हैं। अपनों की तलाश में परिजन पंजाब से वृंदावन पहुंच चुके हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन और स्थानीय पुलिस के साथ साथ एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें भी लापता श्रद्धालुओं की तलाश में जुटी हुई हैं। यमुना के तेज बहाव और गहरे घाटों के कारण बचाव कार्य में काफी मुश्किलें आ रही हैं। जिलाधिकारी सीपी सिंह के निर्देश पर वृन्दावन, मथुरा और गोकुल क्षेत्र के नाविकों को 419 लाइफजैकेट वितरित की जा रही हैं, ताकि नाव संचालन के दौरान तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा सुनिशित की जा सके। जिलाधिकारी के अनुसार अभी भी दो से तीन लोग लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। बचाव दल नदी के विभिन्न हिस्सों में सधन खोजबीन कर रहे हैं। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि लापता लोगों की खोज के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## समाज सेवी संगठनों ने श्रद्धालुओं की मौत पर जताया शोक

मथुरा। वृन्दावन के केसी घाट पर विगत दिनों यमुना में अद्धालुओं से भरे स्टीमर पलटने से हुयी दर्दनाक घटना पर विभित्र समाजसेवी संगठनों व क्षेत्रीय लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त कर मृतको को अद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि अखिल अग्रवाल महावाघेश्वरी देवी मेला कमेटी अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल संदीप गर्ग शौरभ गर्ग रामलीला कमेटी अध्यक्ष अभिषेक पाराशर युवा ब्राह्मण संगठन के विशाल पाराशर ब्राह्मण सभा अध्यक्ष अरविंद शर्मा अग्रवाल सभा के याद राकेश बंसल मनकामेश्वरी मेला कमेटी संचालक मनोज नागर राष्ट्रीय हनुमान दल प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेंद्र रावत देवेंद्र चैधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय समाजवादी पार्टी के सुभाष सैनी कोमलसिंह चितोरिया रमेशचंद्र बजाज चंद्रप्रकाश अग्रवाल रविकुमार श्रीवास्तव चंद्रशेखर सिंह उमेशचन्द्र सारस्वत कालीचरन अग्रवाल ललितमोहन गुप्ता पुनीत चैबे सभासद सरवन अहमद रंजीत शर्मा सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# विप्रा में शामिल होंगे 34 गांव: रुकेगा अवैध निर्माण, बढ़ेगा विकास



मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की वर्ष 2024 वर्ष में हुई बोर्ड बैठक में गोवर्धन और छाता विधानसभा क्षेत्र के 29 गांव शामिल करने का प्रस्ताव पास हुआ था। यह सभी गांव बरसाना क्षेत्र के हैं। बरसाना के महत्व को देखते हुए यह गांव शामिल किए जा रहे हैं।

इन गांव के शामिल होने से विकास कार्य में तेजी आएगी। वर्ष 2025 में जनवरी में हुई बोर्ड बैठक में फरह क्षेत्र के पांच गांव विप्रा की सीमा में शामिल करने का प्रस्ताव पास हुआ था। अभी विकास प्राधिकरण की सीमा करीब 1076 वर्ग किलोमीटर है। इन गांव के शामिल होने के बाद 174 वर्ग किलोमीटर और बढ़ जाएगी। इन गांव का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। अब शासन से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। इन गांव के विप्रा की सीमा में शामिल होने के बाद विकास की गति बढ़ेगी। अनाधिकृत कॉलोनियां विकसित होने पर रोक लगेगी। विप्रा सचिव आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष इन गांव को विप्रा की सीमा में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा। प्रस्तावित किए जाने वाले गांवों में छाता क्षेत्र के मानपुर, आजनौख, करहला, ब्रिजवारी, कमालपुर, पिसावा, मड़ोई, लौधोली, गोवर्धन क्षेत्र के ऊंचागांव, रूपनगर, चिकसौली, डभाला, खोर, कमई, हाथिया, डाहरौली, सींह, पलसों, मड़ौरा, भगौसा, सकरवा, रहेड़ा, ततारपुर, सहार, देवपुरा, भरनाकलां, डिरावली, पाली, भरनाखुर्द। सदर क्षेत्र के फरह के परखम, मुस्तफाबाद, धानाखेमा, मीरपुर, जमालपुर शामिल है।

## नारी शक्ति वंदन जागरूकता का महाअभियान

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा नारी सशक्तिकरण को समर्पित नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर जिला स्तर पर व्यापक कार्यक्रमों की तैयारी शुरू कर दी है। इस क्रम में पुष्पांजलि स्थित भाजपा कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में 12 से 20 अप्रैल तक जिले में व्यापक जनजागरण



अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में महिलाओं, छात्राओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरूआत 12 से 13 अप्रैल को पॉडकास्ट कार्यक्रमों के माध्यम से होगी, जिसमें प्रबुद्ध एवं प्रभावशाली महिलाएं अपने विचार रखेंगी। महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया 20 अप्रैल को महानगर में भव्य नारी शक्ति मार्च निकाला जाएगा, जिसमें डिग्री कॉलेज, प्रोफेशनल कॉलेज एवं इंटर कॉलेज की छात्राएं भाग लेंगी और लगभग 1 किलोमीटर की रैली निकालकर समाज में जनजागरूकता का संदेश देंगी। इस अवसर पर महानगर महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, विनीत शर्मा उपाध्यक्ष, रामकिशन पाठक, लालित गौतम, सुनीता उपाध्याय मंत्री कल्पना गर्ग नीलम पांडे पूजा चैधरी मनोज सौनोठ अंकुर गुर्जर पार्षद आदि मौजूद।

## कांच गोदाम से चोरी करने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार



फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा काँच के गोदाम से काँच से भरे हुए प्लास्टिक कट्टे चोरी करने वाले 04 अभियुक्तों को चोरी किये गये काँच से भरे 12 प्लास्टिक कट्टे चोरी में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा लोडर बरामदगी सहित गिरफ्तार किया है। थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कांच के गोदाम से काँच से भरे हुए 12 प्लास्टिक कट्टे चोरी करने के सम्बन्ध में थाना पर पंजीकृत मुकदमे में प्रकाश में आए चार अभियुक्तों मुजाहिद पुत्र इस्तकबाल, फारूख उर्फ बाबू पुत्र मौहम्मद आजम, अरसद पुत्र रहमत अली, मौहम्मद कैफ पुत्र नदीम को भीकनपुर तिराहा के पास से थाना रामगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 12 प्लास्टिक के कट्टे मय काँच भरे हुये तथा चोरी करने में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा लोडर बरामद हुए, थाना पुलिस ने अभियुक्तों को आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## रिफाइनरी पुलिस व एएनटीएफ ने महिला सहित 3 तस्कर किये गिरफ्तार, 30 लाख की ड्रग्स बरामद

मथुरा। थाना रिफाइनरी पुलिस और एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई में एक महिला समेत तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध नशीला पदार्थ एमडीएमए, एक लग्जरी कार और फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। रिफाइनरी पुलिस और एएनटीएफ टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध नशीले पदार्थों की खेप ले जाई जा रही है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दिल्ली आगरा मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस ने एक टोयोटा ग्लैंजा कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें सवार दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के पास से 154 ग्राम अवैध एमडीएमए बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने टोयोटा ग्लैंजा कार संख्या यूपी 80 एफसी 0777 और 15920 रुपए की नगदी, तीन मोबाइल फोन व अन्य पहचान पत्र, बैंक कार्ड आदि बरामद किये हैं। पकड़े गये आरोपियों में विजय सिंह पुत्र जनवेद सिंह निवासी रसुतपुर, फतेहाबाद आगरा और आशीष सिंह पुत्र अटल सिंह निवासी बिजुलपुरा व एक महिला शामिल है। बरामद फर्जी पुलिस आईडी के मामले में भी जांच की जा रही है कि इसका उपयोग आरोपी कहां और किस लिए करते थे। पुलिस अब इन तस्करों के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रग्स की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी जयबिंद कुमार गुप्ता, एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा निरीक्षक हरवेन्द्र मिश्रा, थाना रिफाइनरी के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विक्रांत तोमर, महिला उपनिरीक्षक मोनालिसा आदि शामिल रहे।

# 3 मई को निकलेगी भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

मथुरा। श्रीजी बाबा आश्रम में भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान भगवान परशुराम शोभायात्रा के कार्ड का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को चैक बाजार स्थित गांधी पार्क के लक्ष्मीदास हॉल में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव प्रातः 10 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके पश्चात 3 मई (रविवार) को शाम 5 बजे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा बाटी वाली कुंजी से प्रारंभ होकर लाल दरवाजा, चैक बाजार, डोरी बाजार, स्वामी घाट, विश्राम घाट, होली गेट, भरतपुर गेट, घीया मंडी, मंडी रामदास होते हुए डीगेट के पास संपन्न होगी। राष्ट्रीय महामंत्री



बंसीलाल शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा के अवसर पर पूरे शहर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल रहेगा। बैठक का संचालन ललित स्वामी ने किया। इस अवसर पर के.के. शर्मा, गौरव कांत शर्मा, गजेंद्र शर्मा, लब्बू पंडित, संजय हरियाणा, श्याम शर्मा, अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा, राजा दीक्षित, अजय शर्मा लाला, सुनील गौड़, अखिलेश गौड़, ओपी उपाध्याय, विनोद दीक्षित, ललित मोहन शर्मा, राहुल शर्मा, राजवीर दीक्षित, दीपक कौशिक, पिंकी द्विवेदी, गुंजन शर्मा, रामदास आचार्य, वृषभान गोस्वामी, संजय पाराशर, अभिषेक शर्मा, रुचि द्विवेदी, राजीव राजपाठक गुड्डा, मुकेश शास्त्री, सीमा शर्मा, पवन दुबे, आचार्य निर्मल, विवेक शर्मा, नरेश शर्मा बब्बू, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मृदुलकांत शास्त्री पर हमले की निंदा, धर्म रक्षा संघ ने बृजवासियों की सुरक्षा पर जतायी चिंता

वृन्दावन। धर्म रक्षा संघ की एक बैठक आचार्य बद्रीश महाराज की अध्यक्षता में श्री भागवत मंदिरम में आयोजित की गयी। बैठक में भागवत प्रवक्ता आचार्य मृदुलकांत शास्त्री के साथ दिल्ली के कुछ अराजक तत्वों के द्वारा हिंसक रूप से की गयी मारपीट पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि मृदुलकांत शास्त्री के साथ दिल्ली के अराजक तत्वों द्वारा की गई मारपीट की यह घटना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि जिस प्रकार से वृन्दावन में बाहरी लोगों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है यह अत्यंत चिंताजनक है। धर्म रक्षा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि वृन्दावन में अनेकों असमाजिक तत्व श्रृद्धालुओं के रूप में आकर कभी बांके बिहारी मंदिर में कभी सड़कों पर बेखौफ होकर गुण्डागिर्दी करते हैं इन्हें पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि आचार्य मृदुल कांत शास्त्री जैसे सौम्य शील और विनम्र व्यक्ति के साथ ऐसा जानलेवा हमला हो सकता है तो वृन्दावन में कोई भी वृजवासी सु?क्षित नहीं है। बैठक में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद गिरि महाराज, स्वामी अतुल कृष्ण दास महाराज, महंत देवानंद वन महाराज, रविकांत गौतम ब्रजकिशोर पचैरी, मुकेश शर्मा, घनश्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भारत-बांग्लादेश संबंध

बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इस सप्ताह नये प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर के साथ भारत का दौरा किया। उम्मीद है कि इस दौरे से ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाली नयी सरकार और भारत सरकार के बीच संबंधों में सुधार होगा। विदेश मंत्री के रूप में रहमान का यह पहला विदेश दौरा नहीं है। पिछले महीने वह इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईएस) की बैठक के लिए सऊदी अरब गए थे, जहां उन्होंने पाकिस्तान सहित कई देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। खबरों के अनुसार, भारत में हुई उनकी बैठक में बांग्लादेश ने अपनी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग रखी, जो इस समय भारत में निर्वासन में हैं। फिर भी, भारत को इस महत्वपूर्ण रिश्ते को फिर से मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।
अतीत में कई गलतियां हुई हैं। बांग्लादेश की घटनाओं और चुनावों के कारण मजबूर होने से पहले ही उसे बीएनपी के साथ संबंध सुधारना शुरू कर देना चाहिए था। असम और पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनावों के प्रचार के दौरान व्याप्त तनावपूर्ण माहौल से इस प्रक्रिया में और भी बाधा आ रही है, जहां कथित घुसपैठ एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा है। बांग्लादेश में भी विरोध प्रदर्शन और कट्टरपंथी गतिविधियां हुई हैं, जिनमें अखबारों समेत कथित भारत समर्थक हितों और गतिविधियों को निशाना बनाया गया है। कूटनीति इस कठिन राजनीतिक माहौल को नजरअंदाज नहीं कर सकती, बल्कि इससे पार पाने के लिए उसे प्रयासरत रहना चाहिए। सहयोग के लिए एक व्यावहारिक एजेंडा है जिस पर दोनों पक्षों को काम करना चाहिए। कनेक्टिविटी अवसंरचना, व्यापार सुगमता और ऊर्जा नीति ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें प्रभावी रूप से



राजनीति से मुक्त किया जा सकता है और जिनसे ऐसे समाधान निकल सकते हैं जिनमें दोनों पक्ष अपनी जीत का दावा कर सकें। इस तरह के ठोस परिणाम सौहार्द पैदा कर सकते हैं और साथ ही किसी भी सरकार को कठिन राजनीतिक सवालों का तुरंत सामना करने से बचा सकते हैं। यह निर्विवाद है कि बांग्लादेश में चीन की बढ़ती रणनीतिक उपस्थिति स्वाभाविक रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है। इससे इस सहयोग में तत्परता आएगी, लेकिन भारत को निश्चित रूप से बांग्लादेश को चीन के साथ अपनी रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में मोहरे के रूप में इस्तेमाल करने के प्रलोभन से बचना चाहिए। न ही बांग्लादेश को पाकिस्तान के अधीन माना जाना चाहिए, भले ही वह उस देश के साथ संबंधों को सुधारने का प्रयास कर रहा हो। इसके बजाय, उसे निरंतर, उच्च स्तरीय सहयोग बनाये रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो यह संकेत दे कि भारत बांग्लादेश को एक ऐसे पड़ोसी के रूप में गंभीरता से लेता है जिसके अपने वैध हित हैं और जो राजनीतिक बदलाव से गुजरा है। बीएनपी नेतृत्व को यह संकेत देने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे कि वह समावेशी शासन करना चाहता है और अपने राजनीतिक गठबंधन में अल्प संख्यक-विरोधी और भारत-विरोधी तत्वों पर लगाम लगाएगा। उसे यह समझना होगा कि यदि उसे क्षमा करना और भूलना कठिन लग रहा है, तो भारत के साथ भी ऐसा ही है। पार्टी के पिछले कार्यकाल ने भारत में कड़वाहट का गहरा असर छोड़ा है। लेकिन यह दशकों पहले की बात है, और तब से बहुत कुछ बदल गया है। दोनों देशों ने आर्थिक विकास किया है और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर वे समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सहयोग करने के लिए वे बहुत कुछ कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय नेतृत्व बांग्लादेश की नई सरकार को यह स्पष्ट करे कि वह उसे सत्ता से हटाने या हेरफेर करने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि उसे बांग्लादेश का जनादेश स्वीकार है और सह-अस्तित्व और सहयोग का एक नया स्वरूप खोजना चाहता है। पड़ोसी देशों के संबंध एक ही यात्रा से नहीं सुधर सकते, लेकिन यह कम से कम एक अच्छी शुरूआत है। इसे दोनों को और आगे बढ़ाना होगा।

### विचार

निंदा करने वाले व्यक्ति को तो अपने आंगन में कुटी छवाकर अपने पास रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना साबुन पानी के ही हमारा स्वभाव निर्मल कर देता है।
–संत कबीर.

मनुष्य का अनुमान कभी भी उसकी त्रुटियों से नहीं लगाना चाहिए। त्रुटियां तो मानवता की सामान्य दुर्बलताएं हैं। महान सद्गुण ही मनुष्य के अपने होते हैं।
–स्वामी विवेकानन्द.

जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार जब मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींच लेता है, तभी उसकी बुद्धि स्थिर होती है।
–महाभारत.

सबसे अच्छा व्यक्ति वह है जो अपनी प्रगति के लिए सबसे अधिक परिश्रम करता है।
–सुकरात.

बाद में उत्पन्न होने वाली समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
–फ्रेंकलिन.

# आतंकपरस्त पाक को चौधरी बना रहे ट्रंप!



मनोज बाजपेयी



अमरीका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। इस बात में शायद ही किसी को कोई संदेह हो। अमरीका और ईरान के बीच कोई सैन्य संतुलन भी नहीं बनता। इसके बावजूद अगर अमरीका-इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ युद्ध में इतने बड़े विध्वंस करने के बाद भी अपने घोषित लक्ष्यों में से एक भी पाने में सफल नहीं हुआ, तो इसके पीछे ट्रंप की अस्थिर मानसिकता, कूटनीतिक अज्ञानता और सब कुछ फायदे-नुकसान वाली डील तक सोचने-समझने की मनःस्थिति जिम्मेदार है। फिलहाल अमरीका ने ईरान के साथ 15 दिनों का युद्ध विराम घोषित किया है। युद्ध विराम की इस अवधि में दोनों पक्ष संघर्ष का समाधान निकालने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, यह अच्छी बात है। हालांकि इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता फेल हो गयी है, लेकिन कूटनीतिक दुनिया में जो सामने दिखता है उससे कहीं अधिक चीजें पर्दे के पीछे घटती हैं। इसलिए भले ही इस्लामाबाद से उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स और ट्रंप के दो खास निगोसिएटर कुशनर और विटकॉफ अमरीका लौट गये हैं, लेकिन फिर भी किसी न किसी स्तर पर निगोसिएशन चल रहा होगा।

अगर आज अमरीका की यह स्थिति है कि पाकिस्तान जैसे आतंकी देश की चौधराहट स्वीकार कर इस्लामाबाद वार्ता करने आना पड़ा, तो यह एक तरह से अमरीका के पराभव की शुरूआत है। ईरान युद्ध के दौरान ट्रंप की मानसिक अस्थिरता, बेहूदा बयानों, नाटो सहयोगियों के पल्ला झाड़ने और सब कुछ एक डीलर के नजरिए से देखने-समझने की ट्रंप की संकुचित बौद्धिक क्षमता के कारण, ब्रॉड अमरीका की छवि बहुत धूमिल हुई है। भविष्य में स्थायी युद्ध विराम होता है या फिर विध्वंस, यह तो समय बतायेगा लेकिन एक बात सीसे की तरफ स्पष्ट है अमरीका जैसा महान देश अगर युद्ध विराम के लिए याचक की मुद्रा में पाकिस्तान आता है आता है, तो यह उसकी मनोवैज्ञानिक हार है। युद्ध विराम से ठीक पहले अमरीका के राष्ट्रपति ने धमकी दी कि कल दुनिया की एक पुरानी सभ्यता विश्व के इतिहास से समाप्त हो जाएगी। वह फिर कभी लौट नहीं सकती। मैं नहीं चाहता कि वह सभ्यता समाप्त हो जाये, लेकिन अब मेरे पास कोई चारा नहीं है। डोनाल्ड ट्रम्प ईरान की पुरानी सभ्यता को खत्म करने की बात कर रहे थे। स्वाभाविक है कि इससे सारी दुनिया में हलचल मची। सभी ने अमरीका के इस इरादे की निन्दा ही नहीं की, बल्कि अमरीका के स्वभाव और प्रकृति को लेकर चिन्ता होने लगी।

**अमरीका-ईरान वार्ता**

ऐसा भी अन्देशा था कि कहीं अमरीका एक बार फिर हिरोशिमा-नागासाकी तो दोहराने नहीं जा रहा। दुनिया में पहली बार परमाणु बम का प्रहार भी अमरीका ने ही अपने विरोधी के खिलाफ किया था। इससे एक दूसरा सवाल भी खड़ा हो गया। अमरीका का कहना था कि उसने ईरान पर हमला इसलिए किया है क्योंकि ईरान जैसा गैर जिम्मेदार देश परमाणु बम बनाने जा रहा था। लेकिन अपने व्यवहार से अमरीका स्वयं यह सिद्ध कर रहा है कि परमाणु बम को लेकर अमरीका से गैर जिम्मेदार देश कोई दूसरा नहीं है। लेकिन अचानक अमरीका के राष्ट्रपति एक दूसरी सूचना देते हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से सूचना दी कि मुनीर और शहबाज शरीफ ने उनसे अपील की कि आप कृपया इस प्रकार ईरान के साथ व्यवहार न करें। मैंने उनकी इस अपील को ध्यान में रखते हुए अपना निर्णय बदल दिया है और ईरान को सोचने समझने के लिए दो सप्ताह का समय और दे दिया है। ऐसा लगता है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावों का जिस तरह बार-बार खंडन किया, वह व्यक्तिगत रूप से ट्रम्प को अच्छा नहीं लगा होगा, यह तो एक बात है। इससे बड़ी बात यह है कि अमरीकी नीति-नियंताओं को यह बात अधिक स्पष्टता से समझ में आ गई कि नये भारत को अपनी शर्तों पर अब नहीं चलाया जा सकता। अमरीका की कुढ़न तब और बढ़ गई जब अमरीकी टैरिफ की एकतरफा घोषणाओं के बाद विश्व के अधिकांश देश घुटने पर आ गये, लेकिन तब भी भारत ने घुटने टेकने से मना कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर की तथाकथित मध्यस्थता और टैरिफ संबंधी हथियार के अप्रभावी होने के बाद अमरीका ने पाकिस्तान के बारे में अपनी नीति में बड़े बदलाव किए हैं। शांति बहाली संबंधी उसके दावों को न केवल स्वीकार कर उसे वैश्विक स्तर पर वैधता प्रदान करने की कोशिश की, बल्कि आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस बुलाकर यह संकेत भी दिया कि उभरते भारत को संतुलित करने के लिए वह लोकतांत्रिक संरचनाओं और मूल्यों को भी दरकिनार कर सकता है।

इस संदर्भ को लेकर यदि ट्रम्प के मुनीर और शहबाज संबंधी हालिया बयान को समझा जाये तो तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाती है। 2014 में नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद भारतीय मानस अपनी जड़ों की तरफ जिस तरह जुड़ रहा था, सभ्यतागत मूल्यों के प्रति आकर्षित हो रहा था, उसके कारण उपभोक्तावाद आधारित पश्चिमी विकास मॉडल के सामने एक बड़ी चुनौती पैदा होती जा रही थी। यह चुनौती किसी एक देश के लिए नहीं बल्कि पूरी पश्चिमी सभ्यता के लिए थी। ईरान भी ऊपरी तौर पर चाहे जैसी मुद्रा, अपनाये हुए हो, अपनी सभ्यतागत जड़ों के प्रति उनका आकर्षण भी कम नहीं है। इसीलिए, ईरान पर हमले को केवल राष्ट्रीय हितों के टकराव के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इस युद्ध में कई मामलों में सभ्यतागत पक्ष में सम्मिलित है। अमरीका की दिक्कत यह है कि ईरान पर प्रत्यक्ष हमला करने का जोखिम वह उठा सकता है, लेकिन भारत के संबंध में वह ऐसी हिमाकत नहीं कर सकता। इसलिए भारतीय उभार को मंद करने के लिए उसने पाकिस्तान को वैश्विक पटल पर स्थापित करने और उसे वैधता प्रदान करने की नई मुहिम छेड़ी हुई है। इसके लिए पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक मूल्यों और संरचनाओं के तथाकथित संरक्षक होने के अपने दावे को भी दांव पर लगाने के लिए तैयार दिखता है। प्रश्न यह कि भारत इस स्थिति का सामना कैसे करे? भारत सरकार तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस स्थिति का बेहतर ढंग से सामना कर रही है। ट्रम्प ने पिछले कुछ महीनों में इतने अधिक विरोधा भासी बयान दिए हैं कि विश्व बिरादरी ने उनके बयानों को बहुत गम्भीरता से लेना बंद कर दिया है। इसलिए, यदि उनकी पाकिस्तान को वैधता प्रदान करने की हालिया कोशिश को दुनिया में बहुत गंभीरता से लिया जाएगा, इसकी संभावना कम ही है। रही सही कसर, पाकिस्तान की माली हालत, आतंकी कृत्यों में उसकी संलिप्तता, मानवाधिकारों की गंभीर स्थिति जैसे गंभीर मुद्दों के कारण शांति का पुजारी बनाने का कोई भी अभियान स्वतः ही औंधे मुंह गिर जाएगा।

ईरान से भी जैसी खबरें आ रही हैं, उससे संघर्ष विराम को लेकर एक संदेह की स्थिति बनी हुई है। वैसे भी यह संघर्ष विराम अल्पकालीन है, इसलिए इसके श्रेय को लेकर दुनिया बहुत गंभीर होगी, ऐसा लगता नहीं। ट्रंप ने पाकिस्तान को सिर आंखों पर बिठाकर भारत को सतर्क होने का मौका दिया है। ईरान-अमरीका के बीच संघर्ष विराम या युद्ध का क्या भविष्य होगा, यह वह जाने। लेकिन भारत को अब अमरीका पर भरोसा नहीं करना चाहिए। अमरीका अब भारत को प्रतिद्वंद्वी समझता है। अतः भविष्य में चुनौती भी खड़ा करेगा। इसलिए भारत को अपना आर्थिक और सैन्य सशक्तीकरण तेज करने के साथ ही ऊर्जा आत्म निर्भरता के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

> अमरीका अब भारत को प्रतिद्वंद्वी समझता है। अतः भविष्य में चुनौती भी खड़ी कर सकता है। इसलिए भारत को अपना आर्थिक और सैन्य सशक्तीकरण तेज करने के साथ ही ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए।

### सोशल मीडिया

भाजपा के वरिष्ठ नेता, यूपी सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद श्री हरि नारायण राजभर जी के निधन का समाचार अति दुखद है, शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। केशव प्र. मौर्य.



बदलता हुआ गोरखपुर आज स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी एक नयी पहचान स्थापित कर रहा है, माफिया मुक्त यूपी में व्यापारी सुरक्षित हैं, बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रहीं। सीएम योगी.



नॉर्थ 24 परगना और नादिया ने आज जोरदार और साफ आवाज में अपनी बात कह दी है। उनका फैसला पहले ही आ चुका है। बंगाल के लोग झूठे के आगे नहीं झुकेंगे। ममता बनर्जी.



## विज्ञान के निष्कर्ष

### अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्त्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है।

भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

## लक्ष्मण रेखा न लांघें तो अच्छा

### व्यंग्यलोक

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते।

आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं।

दरअसल पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो। अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?

## छात्रों को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ उद्यमिता भी सिखायें




उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार

किसी भी समाज, देश या प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक उन्नयन में शिक्षा की महती भूमिका होती है और इसलिए उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और बहुआयामी राज्य को भी विकसित बनाने की प्रक्रिया में शिक्षा की भूमिका केंद्रीय और निर्णायक है। विकास केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसमें सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक समृद्धि, नैतिक मूल्यों और पर्यावरणीय संतुलन का समावेश भी आवश्यक है। ऐसे में शिक्षा को ज्ञानार्जन का माध्यम बनाने के साथ ही जीवन-दृष्टि निर्माण का सशक्त उपकरण बनाना होगा।



डॉ. लीना मिश्रा

सबसे पहला सुधार शिक्षा की गुणवत्ता में होना चाहिए। वर्तमान में अनेक विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षा परीक्षा-केन्द्रित होकर रह गई है, जहां रटने की प्रवृत्ति हावी है। इसे बदलकर शिक्षा को संवादात्मक, रचनात्मक और प्रयोगात्मक बनाना आवश्यक है। विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता और नवाचार की भावना विकसित की जानी चाहिए, ताकि वे केवल सूचना के उपभोक्ता न रहकर ज्ञान के सृजनकर्ता बन सकें। दूसरा महत्वपूर्ण आयाम शिक्षा में समानता और समावेशन का है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। इस अंतर को कम करने के लिए डिजिटल शिक्षा का विस्तार, पुस्तकालयों की सुलभता और स्थानीय संसाधनों का विकास आवश्यक है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, महिलाओं और हाशिए के समुदायों तक शिक्षा की समान पहुँच सुनिश्चित करना विकास की आधार शिला है। तीसरा और अत्यंत आवश्यक सुधार कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को तकनीकी, व्यावसायिक और उद्यमिता से जुड़े कौशल सिखाए जाने चाहिए। सूचना प्रौद्योगिकी, मशीन संचालन, नवीकरणीय ऊर्जा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जा सकता है। साथ ही, स्टार्टअप संस्कृति और वित्तीय साक्षरता को भी शिक्षा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, जिससे युवा स्वयं रोजगार सृजित कर सकें।

कृषि-प्रधान राज्य होने के कारण कृषि शिक्षा में नवाचार भी आवश्यक है। आधुनिक तकनीकों–जैसे जैविक खेती, सिंचाई प्रबंधन और कृषि-आधारित उद्योगों–का ज्ञान युवाओं को दिया जाना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन की समस्या में कमी आएगी इसके साथ ही नैतिक और सामाजिक मूल्यों का विकास भी शिक्षा का अभिन्न अंग होना चाहिए। ईमानदारी, सहिष्णुता, सहानुभूति और सामाजिक उत्तर दायित्व जैसे मूल्यों के बिना कोई भी समाज वास्तव में विकसित नहीं हो सकता। शिक्षा को विद्यार्थियों को एक संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। पर्यावरणीय चेतना का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। प्रदूषण, जल संकट और वन क्षय जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करनी होगी। विद्यालयों में पर्यावरणीय परियोजनाओं और जागरूकता अभियानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों में इसकी समझ बढ़े। इसके सामानांतर ही अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन देना भी जरूरी है। विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने की दिशा में कार्य करना चाहिए। साथ ही, स्थानीय संस्कृति, भाषा और परंपराओं को शिक्षा में स्थान देकर विकास को अपनी जड़ों से जोड़े रखना होगा क्योंकि शिक्षा गुणवत्तापूर्ण, समावेशी, कौशल-आधारित और मूल्यपरक होगीतो उत्तर प्रदेश न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी एक विकसित राज्य के रूप में उभर सकता है। यही शिक्षा का लक्ष्य और विकास की सही दिशा है।

(लेखिका प्रख्यात शिक्षाविद हैं)

## आप की बात

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### साइबर ठगी पर लगायें लगाम

देश में साइबर ठगी के मामले दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। हर दिन एक-दो खबर ऐसी पढ़ने को मिल जायेगी जिसमें कोई डॉक्टर, शिक्षक या सेवानिवृत्त जीवन बिता रहे वरिष्ठजनों के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने की खबर पढ़ने को मिल जायेगी। साइबर क्राइम देश में बड़ा संकट बन गया है। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण ठगी हो रही है।

**राघवेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक गेहूं की मड़ाई करने के बाद ट्रैक्टर से घर वापस लौट रहा था।तभी पंचायत भवन के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा पलटा। हादसे में युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पहुंचाया, जहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान धुर्वेंद्र कुमार सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम कंदई कला, थाना खंडासा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना करीब दोपहर 3 बजे के आसपास की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।मृतक अपने परिवार में दो भाइयों में से एक था। स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नगर निगम अयोध्या बोर्ड की बैठक में 736 करोड़ रुपये का बजट पास




अयोध्या। मंडलायुक्त परिसर स्थित गांधी सभागार में रविवार को आयोजित नगर निगम अयोध्या बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 736 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। इससे पहले कार्यकारिणी के छह नए सदस्यों का चुनाव किया गया। इन्होंने

**● संतोष उपसभापति निर्वाचित, छह नए सदस्यों को कार्यकारिणी में मिली जगह**

कार्यकारिणी के कार्यकाल पूरा कर चुके सदस्यों अनुज दास, सुल्तान अंसारी, उपसभापति राजेश गौड़, हरिशचंद्र अग्रहरि, अभिनव पांडे एवं गरिमा मौर्य का स्थान ग्रहण किया। कार्यकारिणी ने संतोष सिंह को नया उपसभापति चुना। उन्होंने वर्तमान उपसभापति राजेश गौड़ का स्थान ग्रहण किया। इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्त एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार मौजूद रहे।महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित सदन की बैठक में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भाजपा के संतोष सिंह, रामशंकर निषाद, गायत्री देवी एवं मनीषा यादव के नाम का प्रस्ताव नेता सदन बृजेन्द्र सिंह ने रखा। निर्दलीय विकास कुमार एवं आभा पांडेय के नाम का प्रस्ताव सूर्यकुमार तिवारी सूर्या ने रखा, जिसे सदन में सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इसी तरह संतोष सिंह को सर्वसम्मति से उपसभापति का दायित्व सौंपा गया। सचेतक अनुज दास, उप सचेतक अनूप कुमार एवं दीप कुमार को चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों एवं उपसभापति का सदन में करतल ध्वनि से स्वागत किया। महापौर, नगर आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों एवं पार्षदों ने बुके भेंटकर एवं माल्यार्पण कर बधाई दी। इसके बाद बजट को सदस्यों ने ध्वनिमत से पास किया। इस वित्तीय वर्ष में 735 करोड़ 66 लाख 35 हजार रुपये का प्रस्ताव रखा गया। प्रारंभिक अवशेष 121 करोड़ 55 लाख 63 हजार रुपये समेत कुल अनुमानित आय 798 करोड़ 81 लाख 98 हजार रुपये का आकलन किया गया। पार्षद अनुज दास ने बजट को सर्वसम्मति से पास करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर नेता विपक्ष विशाल पाल समेत सभी सदस्यों ने मेज थपथपा कर समर्थन किया। चर्चा के दौरान पूर्व उप सभापति जयनारायण सिंह रिंकू ने रायबरेली रोड स्थित कल्याण मंडपम का नाम अमर शहीद कैप्टन शशांक तिवारी के नाम पर रखने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका समर्थन जयनारायण यादव सहित सभी पार्षदों ने किया। जयनारायण ने शहीद राजकुमार यादव के नाम पर किसी स्मारक का नामकरण करने का मुद्दा उठाया, जिस पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सहमति जताई। उन्होंने बताया कि अमर शहीद के सम्मान में प्रकाश एवं हैंडपंप का प्रबंध नगर निगम की ओर से कराया गया है।

पार्षद विनय जायसवाल ने स्वच्छता के मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली संस्था की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा किया, जिसका समर्थन अंकित तिवारी समेत अन्य पार्षदों ने किया। सदन में पार्षद निधि निर्धारित करने का भी मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। बजट पर चर्चा में नेता सदन बृजेंद्र सिंह, नेता विपक्ष विशाल पाल, रामभवन यादव, निर्दलीय पार्षद दल के सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, वरिष्ठ पार्षद अनिल सिंह, चंदन सिंह, सुमन, मनीषा यादव, गरिमा मौर्या, अर्चना, अभिनव पांडे, अखिलेश पांडे, राशिद सलीम, मुकेश कुमार सहित कई पार्षदों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि हामिद जाफर मीशम, उपसभापति राजेश गौड़, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, मुख्य अभियंता सिविल पुनीत ओझा, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ल मौजूद रहे। संचालन मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने किया।

### मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण आज

-नगर निगम के मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण सोमवार को सुबह 11:00 बजे सर्किट हाउस के सभागार में कराया जाएगा। इस बात की घोषणा सदन में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने की। उन्होंने सभी मनोनीत पार्षदों एवं महानगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को सूचना देने तथा शपथ ग्रहण की तैयारी को व्यवस्थित करने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया।

## सत्ता, सदन, संगठन तीनो जगहों से सपा, कांग्रेस ने पसमांदा समाज को वंचित रखाः वसीम राईन



**बाराबंकी।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने पसमांदा मुस्लिम को कहीं का नही छोड़ा। वोटबैंक बनाकर जमकर इस्तेमाल करने के साथ ही नफरत भी इस कदर की कि आज इस समाज का नेतृत्व करने वाला भी कोई नही रहा। उक्त प्रतिक्रिया सट्टी बाजार स्थित ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाजी नूरुल हसन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने की। उन्होंने कहा कि सत्ता, सदन, संगठन तीनो जगहों से समाज को वंचित रखा। इस समाज की तरक्की की राह में रोड़ा सिर्फ कांग्रेस व सपा ने ही अटकाया। और धार्मिक पाबंदी लगाकर दलित मुसलमानों और ईसाइयों के साथ ना इंसाफी की है। नेहरू सरकार ने आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबंध लगाकर दलित से बदत्तर बना दिया। लोकसभा 2024 में संविधान संशोधन की झूठी अफवाह फैला कर जनता को गुमराह किया था। ठकबंधन ने एक भी पसमांदा मुस्लिम को टिकट नहीं दिया यह सबसे बड़ी हिस्सेदारी की चोरी है। जब भी बात पसमांदा के हक और बुनियादी जरूरतों की हुई कांग्रेस सबसे पीछे खड़ी दिखाई दी यही हाल वर्तमान के भी हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन आगे कहा कि योगी सरकार ने बुनकर की बात की। कुरैशी, राईनी, मंसूरी, फकीर, दलित मुस्लिम के लिए कौन बोलेगा एक मंत्री से काम नही चलेगा आबादी के हिसाब से और हिस्सेदारी देना पड़ेगा। इस अवसर पर नूर मोहम्मद राईन, निसार राईन, वाजिद शाह, तय्यब राईन, जावेद राईन, अब्दुल कलाम, शफीक राईन, इमरान राईन, मौलाना मकबूल, सिराज जोगी, नईम सिद्दीकी, सिराज राईन, इमरान अंसारी, शब्बीर अहमद, सलमान राईन, महमूद चैधरी, अशफाक राईन आदि मौजूद रहे।

## धर्मसेवको ने रेल यात्रियो मे बांटा मिष्ठान व जल

**बाराबंकी।** पैंतीपुर रेलवे स्टेशन पर रेलमेध यज्ञ के अन्तर्गत धर्मजागरण धाम उ0प्र0 संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व मे धर्मसेवको राधेश्याम मौर्य, राजेश सिंह, सुजीत पाठक, हिमांशु यादव, नीलेश निगम, दिनेश प्रसाद मिश्र, सौरभ मिश्र, राजकुमार मौर्य, रामसेवक, देवेंद्र सिंह ने पैसेंजरो सीतापुर से गोंडा व गोंडा से सीतापुर आने जाने वाली टेज्नो के यात्रियो मे मिष्ठान व जल का वितरण किया। इसके साथ ही दासगणु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित द्वारिका माई डेंटल हॉस्पिटल द्वारा दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मरीजो ने निःशुल्क दंत परीक्षण करवाया।

## पुलिस बल और सशस्त्र सीमा बल के साथ हुई वार्ता



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक, विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस बल एवं सशस्त्र सीमा बल (रइ) के साथ भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। इस दौरान सीमावर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों में गहन निगरानी रखते हुए आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। एसपी द्वारा सीमा पर स्थापित चेक पोस्टों, पिकेट ड्यूटी, रात्रि गश्त एवं निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण कर सतर्कता बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया एवं उनसे सतर्क रहने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की गई। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा नेपाल पुलिस के साथ समन्वय संवाद स्थापित कर सीमा सुरक्षा, अवैध आवागमन, तस्करी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के मध्य बेहतर तालमेल एवं संयुक्त कार्रवाई को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। महोदय द्वारा स्थानीय पुलिस एवं एसएसबी बल को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र में प्रभावी निगरानी बनाए रखें तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखें। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (क्ळढ) का निरीक्षण किया गया, जहां पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश/निकास नियंत्रण, चेकिंग प्रक्रिया, यातायात प्रबंधन एवं तैनात कार्मिकों की ड्यूटी का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अंतरराष्ट्रीय आवागमन को सुगम बनाते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें।

## ईंट गांव में भीषण अग्निकांड, दस घर जलकर राख



मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील के इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ईंट गांव में रविवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। इस दर्दनाक अग्निकांड में लगभग 10 घरों

**● लाखों का नुकसान, कई परिवार बेघर**

की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग से प्रभावित परिवारों का अनाज, भूसा, लकड़ी-कंडा और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।ग्रामीणों के अनुसार, आग की शुरूआत गांव निवासी राम शंकर के छप्पर से हुई।

देखते ही देखते धुआं और आग की तेज लपटें उठने लगीं। उस समय चल रही तेज हवा ने आग को और भड़का दिया, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में राम सुमेर, राजकुमार, चंद्रभान, नईम धोबी, वीरेंद्र, रामनाथ और सावित्री समेत कई परिवारों के छप्पर जल गए। वहीं अली राजा के घर में रखा अनाज, भूसा, साइकिल और अन्य घरेलू सामान भी पूरी तरह खाक हो गया। कुछ ही समय में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक अधिकांश नुकसान हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञान प्रकाश दुबे मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने शासन स्तर से आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## सनी टोयेटा के नवीन शोरुम का हुआ उद्घाटन, जनप्रतिनिधियो ने की शिरकत



**बाराबंकी।** वाहन उपभोक्ताओ को बेहतर सर्विस देने के उद्देश्य से जनपद मे सनी टोयेटा ने अपने नये शोरुम का विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर शुभारम्भ किया। नये शोरुम के शुभारम्भ के अवसर पर जनप्रतिनिधियो सहित समाजसेवियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जरनल मैनेजर अनिल बाजपेई, जरनल मैनेजर सर्विस आशीष प्रजापति, राघवेन्द्र बाजपेई, आशीष मिश्रा, वरुण सिन्हा सहित ब्रान्च मैनेजर सेल्स बलजीत सिंह सलूजा ने सभी अतिथियो का स्वागत किया। तथा कहा कि यह एक आधुनिक शोरूम है जहां ग्राहकों को टोयोटा की नई गाड़ियों के साथ-साथ बेहतरीन सर्विस और आकर्षक ऑफर मिलने की बात कही गई है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, सदर विधायक धर्मराज सिंह, सपा नेता ज्ञान सिंह यादव, समाजसेवी पंकज गुप्ता पंकी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह मोनू, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन, बार अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, पवन सिंह सहित आदि लोगो ने नये शोरुम के उद्घाटन पर पहुंचकर बधाई प्रेषित की।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक आयोजित



बहराइच। आज की बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की [illegible]युवा बहराइच 5 निर्धन कन्याओ का सामूहिक विवाह कराएगा, जिसका कार्यक्रम संयोजक नगर प्रदेश महामंत्री अभिषेक ने बताया की वैश्य समाज हमेशा से ही अपने व्यापार के साथ देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करता रहा है और यही वजह है की जगह जगह पर वैश्य समाज के दवरा राहगीरों के लिए पानी का पियाऊ, धर्मशाले, मंदिर, गरीब बच्चो के लिए स्कूल स्थापित किये गए है और इसी क्रम मे चिकत्सा शिविर और सामूहिक विवाह का आयोजन भी समय समय पर किया जाता है अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा बहराइच टीम दवरा अपने पूर्वजों की स्थापित परम्परा को आगे बढ़ाते हुए बहराइच मे 5 निर्धन कन्याओ के विवाह का निर्णय लिया है और वैश्य समाज के सहयोग से इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ किया जायेगो आज की बैठक मे युवा के प्रदेश महामंत्री अभिषेक कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष युवा प्रदीप ड्रोलिया, जिला महामंत्री जिला मंत्री सत्य प्रकाश जायसवाल, जिला मंत्री कसौधन महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री जगदीश ठेकेदार, उपस्थित रहे।

## एसपी नेपैरोकारों और कोर्ट मोहर्रिरों के साथ समीक्षा बैठक

बहराइच। आज पुलिस लाइन सभागार, बहराइच में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समस्त थानों के न्यायालय पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिरों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।प

ुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे प्रकरणों में अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव किया जाए, गवाहों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर मामलों की प्रभावी पैरवी की जाए, जिससे प्रकरणों का शीघ्र एवं न्यायोचित निस्तारण हो सके ।

इसके अतिरिक्त लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए गए बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा उपस्थित रहे।

## सिविल सर्विसेज में एलपीएस छात्रो के शानदार प्रदर्शन पर चेयरमैन ने की प्रेस वार्ता




**बाराबंकी।** सिविल सर्विसेज जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्रो का शानदार प्रदर्शन होने पर असैनी मोड़ स्थित एलपीएस स्कूल सभागार मे चैयरमैन व

**● 2 छात्र यूपीएससी व 8 छात्र का यूपीपीएससी मे चयन विद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषयः डॉ. एसपी सिंह**

सांसद डा0 एस0पी सिंह ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता मे चैयरमैन व सांसद डा0 सिंह ने कहा कि लखनऊ पब्लिक स्कूल प्रत्येक वर्ष नई उपलब्धियों के साथ अपनी उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ कर रहा है।

जिसमे 2 छात्रो का चयन यूपीएससी व 8 छात्रो का चयन यूपीपीएससी मे हुआ है। छात्र योगेंद्र कुमार का यूपीएससी में 286वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस, लखीमपुर खीरी सचिन वर्मा का चयन यूपीएससी तथा पीसीएस दोनों में हुआ हैं जो अत्यंत प्रेरणादायक उपलब्धि है। अक्षय कुमार का चयन पीसीएस, अतिथि कुमार का चयन रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिय में ग्रेड-बीह्व प्रबंधक पद पर हुआ है। पीसीएस में अभिषेक दीक्षित, सचिन वर्मा, निधि वर्मा, सौरभदीप, अमित कुमार, प्रिया गुप्ता का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त एसएससी क्वालीफाई कर आयुष पटेल व मोहम्मद अमन का चयन इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में ऑफिस सुपरिर्टडेंट पद पर हुआ है। प्रेस वार्ता मे जरनल मैनेजर शिखर पाल सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार इन सभी मेधावी छात्र-छात्राओं की इस ऐतिहासिक सफलता पर हर्ष व्यक्त करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रबन्ध निदेशक सुशील कुमार, पूर्व एमएलसी व मुख्य प्रशासिका कांति सिंह, प्रधानाचार्य रितु सिंह, मीड़िया प्रभारी विजय मिश्रा, प्रदीप सांरग आदि मौजूद रहे।

## जनपद प्रभारी व पूर्व मंत्री ने सपा कार्यालय पर की समीक्षा बैठक



**बाराबंकी।** जिस संगठन ने हमें मान सम्मान स्वाभिमान पद प्रतिष्ठा दी है उसको मजबूत करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। क्योंकि संगठन वही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है जिसका एक-एक कार्यकर्ता हर प्रकार के त्याग तपस्या बलिदान से गुजर कर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करता है। उक्त बात समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता मे आयोजित स्वागत बैठक मे जनपद में विधानसभा ब्लाक एवं बूथ कमेटियों के सत्यापन हेतु नामित प्रभारी व पूर्व मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड सिद्धार्थ सिंह ने कही। बैठक से पूर्व सपा कार्यकर्ताओ ने जनपद प्रभारी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक मे जनपद प्रभारी श्री सिंह ने विधानसभा, ब्लॉक, बूथ कमेटियों के सत्यापन एवं आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को संपादित करने के लिए विधायक, पूर्व विधायक, प्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों से तैयार की कमेटियों का अवलोकन कर सभी से विस्तार से कार्य करने में आ रही परेशानियों एवं जरूर पर विस्तार से चर्चा की। बैठक मे सदर विधायक धर्मराज सिंह, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में आकाश निगम, दानिश सिद्दीकी, जिला महासचिव हिमांशु यादव, प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू, ज्ञान सिंह यादव, धीरज गुलसिया, आशीष सिंह आर्यन, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान मौजूद रहे।

## एसपी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षकविश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद के थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी सहित जिला साइबर टीम- साइबर क्राइम थाना/सेल के अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे बहराइचबैठक के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, तकनीकी जांच की गुणवत्ता एवं विभिन्न पोर्टलों के उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी साइबर हेल्प डेस्क कर्मी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराएं। विशेष रूप से वित्तीय साइबर अपराधों (जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, यूपीआई/नेट बैंकिंग धोखाधड़ी आदि) के मामलों में तत्काल रिस्पॉन्स देते हुए संबंधित बैंकों एवं नोडल एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम धनराशि होल्ड/रिकवर कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 1930 हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया कि डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं विधिक रूप से संकलन सुनिश्चित करें, जिससे विवेचना सुदृढ़ हो सके। आईटी एक्ट एवं संबंधित धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# आल इंडिया मुशायरे का पूर्व कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ

### शायरों ने देशभक्ति नज्मों, प्रेम भरे कलाम पेश कर माहौल बनाया खुशनुमा व साहित्यिक




**बाराबंकी।** नगरपालिका परिषद प्रागंण मे आयोजित बाराबंकी महोत्सव मे आल इण्ड़िया मुशायरे का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप दीप प्रज्जवलित

**● मुशायरे और सांस्कृतिक संध्याएं भारतीय विरासत को जीवंत रखने का प्रयासः अरविन्द सिंह गोप**


कर किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री को महोत्सव ऑर्गेनाईजिंग कमेटी अध्यक्ष फरहान आमीन सिद्दीकी, कार्यक्रम कोर्डिनेडर सहर जावेद फारुकी, बाराबंकी चैपाल ग्रुप प्रबन्धक शहाना इरफान, समाजसेवी सोमैय्या किदवाई, मीड़िया प्रभारी फराज अहमद खान व श्रीनिवास त्रिपाठी, रंगमंच कलाकार व अभिनेता शरद राज सिंह ने संयुक्त रुप से बूके व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री गोप ने कहा कि ऐसे मुशायरे और सांस्कृतिक संध्याएं न केवल मनोरंजन का साधन हैं। बल्कि उर्दू भाषा और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का भी प्रयास कर रहे हैं। मुशायरे मे आये शायरो कमल हालवी, रामप्रकाश बेखुद, उस्मान मिनई, श्वेता शुक्ला, कुलदीप कलश, फैज खुमार, सौरभ जायसवाल, अमीर फैसल द्वारा पेश किये देशभक्ति की नज्मों और प्रेम भरे कलाम ने माहौल को खुशनुमा और साहित्यिक बना दिया।

महोत्सव मे सांस्कृतिक संध्या मे विशेष रुप से लखनऊ से आई वंदना श्रीवास्तव ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। तो वही लखनऊ से आये गायक सलीम अब्बासी, विजय, साजिद अब्बासी ने गीतो के माध्यम से श्रोताओ के दिल को छुआ। इसके साथ्ज्ञ ही फर्स्ट स्टेप स्कूल के नन्हे बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। मुशायरे मे शायर लोकेश त्रिपाठी ने पढ़ा मतलब नहीं किसी को यहाँ तेरे हाल से, उलझा हुआ है हर कोई अपने सवाल से, रूपयों के इंतिजाम में हूँ मैं लगा हुआ, लेनी है उसकी लाश अभी अस्पताल से।

शायर फैज खुमार ने पढ़ा गजल ने जहाँ अपनी जुल्फें सवारी, तेरा फैज ऐसा है वाहिद घराना। ओम शर्मा ओम ने पढ़ा वोट की बात वो करेंगे पर, तुम सिलेंडर की बात मत करना। लखनऊ से कुलदीप कलश ने पढ़ा दिल पर किसका बस होता है स, दिल तो बस बेबस होता है स, नरक चतुर्दश जैसा जीवन, तुमसे धन तेरस होता है स। श्वेता शुक्ला ने पढ़ा खता क्या हो गई हमसे बताने भी नहीं आया, हमारे हाल पे आँसू बहाने भी नहीं आया, पलट कर देख लेता तो तसल्ली दिल को हो जाती, बिछड़ने की रवायत ये निभाने भी नहीं आया। कार्यक्रम मे सभी कलाकारों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जीबीटीसी सुपर 60 के छठे बैच का हुआ शुभारंभ



अयोध्या। स्वयंसेवी संस्था जीबीटीसी ट्रस्ट के प्रमुख कार्यक्रम प्रोजेक्ट सुपर 60 के छठे बैच का शुभारंभ रविवार को को जेबी अकादमी में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पवन जीवनी डॉ अभय कुमार सिंह डॉ वी के त्रिपाठी विमल जोशी प्रतिभा शुक्ला वंदना उपाध्याय अतिथि के रूप में उपस्थिति रही इस अवसर पर चयनित छात्रों को 46 लैपटॉप एवं 16 मोबाइल वितरित किए गए जो उनकी डिजिटल शिक्षा यात्रा की नींव बनेंगे। जीबीटीसी ट्रस्ट के सह-संस्थापक देवेश मोहन ने बताया कि अयोध्या जिले के 11 ग्रामीण विकासखंडों के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 5 में अध्ययनरत 12,000 से अधिक बच्चों में से कठिन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से 62 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया गया है। इन्हें 11 माह की गहन मेंटरशिप एवं डिजिटल शिक्षा के माध्यम से नवोदय विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय एवं विद्याज्ञान जैसी प्रतिष्ठित आवासीय संस्थाओं में प्रवेश के लिए तैयार किया जाएगा। संस्था की संस्थापिका किरण दीप संधू की दूरदर्शिता एवं तकनीक के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग को शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने की प्रेरणा से यह कार्यक्रम निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनकी यह सोच कि डिजिटल शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है आज हजारों ग्रामीण बच्चों के जीवन में बदलाव ला रही है।

## संक्षेप

### एलपीजी की 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि पूरे देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर और पर्याप्त है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में ज्यादा खरीदारी न करें और जिम्मेदारी के साथ एलपीजी का इस्तेमाल करते रहें मौजूदा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की मजबूती का जिक्र करते हुए, मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की उपलब्धता पर निगरानी रखी जा रही है और इसका प्रबन्धन किया जा रहा है, ताकि देश भर के परिवारों तक बिना किसी रुकावट के एलपीजी पहुँचती रहे मंत्रालय ने एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल पर भी जोर दिया। अब लगभग 95 फीसदी उपभोक्ता आईवीआरएस, एसएमएस, व्हॉट्सऐप और मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग करते हैं। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे इन आसान और प्रभावी डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करते रहें, ताकि डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर भीड़ न लगे और उन्हें बिना किसी रुकावट के सेवा मिलती रहे।

### एजीआई इंफ्रा को जीएमडीए लाइसेंस प्राप्त हुआ

नयी दिल्ली। एजीआई इंफ्रा लिमिटेड जो आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट विकास में विशेषज्ञता रखने वाली एक अग्रणी कंपनी है, ने घोषणा की है कि उसे ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी से अपनी ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी, यूटोपिया बाय एजीआई के विकास के लिए लाइसेंस संख्या LDC-101/2026 दिनांक 31 मार्च, 2026 प्राप्त हुआ है, जो न्यू चंडीगढ़ में कंपनी के पहले प्रोजेक्ट का प्रतीक है। लाइसेंस कंपनी द्वारा 1 अप्रैल, 2026 को प्राप्त किया गया था।

### फोक्सवैगन इंडिया ने की नयी टाइगुन प्रीमियम एसयूवी पेश

मुंबई। फोक्सवैगन इंडिया ने आज नई टाइगुन प्रीमियम एसयूवी पेश की। उत्कृष्ट ड्राइविंग अनुभव, सुरक्षा और व्यावहारिक डिजाइन को महत्व देने वाले ग्राहकों के लिए इस गाड़ी को तैयार किया गया है। नई टाइगुन में आकर्षक डिजाइन, उपयोग में आसान तकनीक, बेहतर आराम और कंपनी की पहचान रही सुरक्षा का संगम है। इससे गाड़ी चलाते समय रोमांचक अनुभव मिलता है और यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए भी उपयुक्त साबित होती है। गाड़ी के अगले हिस्से का नया दमदार डिजाइन, इस सेगमेंट में पहली बार दिया गया प्रकाशित लोगो और नए सिरे से सजाया गया इंटीरियर, इन सबके माध्यम से नई टाइगुन वैश्विक स्तर की फोक्सवैगन डिजाइन की झलक पेश करती है। जर्मन इंजीनियरिंग, उच्च स्तर की सुरक्षा और टर्बो इंजन की ताकत, ये फोक्सवैगन ब्रांड की पहचान रहे प्रमुख गुण इस एसयूवी में बरकरार रखे गए हैं।

### मई के दूसरे सप्ताह में लागू हो सकता है भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार करार

नयी दिल्ली। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मई के दूसरे सप्ताह से लागू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते पर पिछले साल जुलाई में हस्ताक्षर किए गए थे। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार करार (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात शून्य शुल्क पर ब्रिटेन के बाजार में जाएगा। वहीं भारत कार और शराब जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क दरें घटाएगा। अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह समझौता मई के दूसरे सप्ताह से लागू हो जाएगा। दोनों देशों ने दोहरा योगदान संधि (डीसीसी) करार पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के अस्थायी कर्मियों को सामाजिक शुल्क को दो बार नहीं देना पड़ेगा।

### एनसीएलएटी का आदेश, दिवाला प्रक्रिया सिर्फ संबंधित परियोजना तक सीमित रहेगी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ शुरू की गई कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया केवल उसी परियोजना तक सीमित रहनी चाहिए, जिसमें चूक हुई है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इसे कॉरपोरेट देनदार की अन्य परियोजनाओं तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। न्यायाधिकरण ने कहा कि किसी रियल एस्टेट कंपनी की सभी परियोजनाओं को दिवाला कार्रवाई के तहत लाना न तो चूक वाली परियोजना के घर-खरीदारों और न ही अन्य परियोजनाओं के हितधारकों के हित में है।

# महंगाई के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के अलावा कच्चे तेल की कीमतें भी इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगी। यह सप्ताह अवकाश के कारण छोटा रहेगा, क्योंकि मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहेंगे। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने के कारण शांति समझौता नहीं हो सका। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, ईरानी पक्ष ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद बने रहे। पिछले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद बाजार में जोरदार तेजी आई थी। कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया था। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 4,230.7 अंक और एनएसई निफ्टी 1,337.5 अंक चढ़ा था। निफ्टी-50 इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। 24,000 अंक के स्तर को फिर से हासिल करने के बाद बाजार में सतर्क आशावाद दिख रहा था, लेकिन वार्ता विफल होने से निकट अवधि का परिदृश्य बदल गया है। बिना किसी समाधान के वार्ता समाप्त होने से बाजार में फिर से उतार-चढ़ाव बढ़ने की आशंका है, जैसा संघर्ष के शुरुआती चरणों में देखा गया था। उनके अनुसार, सोमवार को प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ खुल सकते हैं। इस सप्ताह बाजार पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का भी असर रहेगा। विप्रो, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर निवेशकों की नजर रहेगी। इसके अलावा 13 अप्रैल को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और 14 अप्रैल को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े भी जारी होंगे।

# भारत में पेटेंट आवेदनों की संख्या 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख हुई : गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि देश में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के कारण पेटेंट आवेदन दाखिल करने की संख्या 2025-26 में 30.2 प्रतिशत बढ़कर 1,43,729 हो गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह संख्या 1,10,375 थी।



उल्लेखनीय है कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। गोयल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, वित्त वर्ष 2025-26 में हमारे पेटेंट आवेदन ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 1.43 लाख से अधिक हो गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत की वृद्धि है। इसमें से 69 प्रतिशत से अधिक पेटेंट घरेलू स्तर पर दाखिल किए गए हैं, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवोन्मेषकों की अग्रणी भूमिका है। आवेदनों की संख्या में 2016-17 से लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जब यह संख्या 45,444 थी। इसके बाद यह वित्त वर्ष 2017-28 में 47,894, वित्त वर्ष 2018-19 में 50,660, वित्त वर्ष 2019-20 में 56,268, वित्त वर्ष 2020-21 में 58,503, वित्त वर्ष 2021-22 में 66,440, वित्त वर्ष 2022-23 में 82,208 और वित्त वर्ष 2023-24 में 92,163 रही। सरकार ने देश में पेटेंट तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो विशेष रूप से स्टार्टअप, एमएसएमई और शैक्षणिक संस्थानों को लक्षित करते हैं। इन कदमों में स्टार्टअप, छोटी इकाइयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शुल्क में कटौती, पेटेंट आवेदनों की त्वरित जांच का प्रावधान और भारतीय स्टार्टअप को पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिजाइन आवेदनों को दाखिल करने तथा उनकी प्रक्रिया के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करना शामिल है।

## कार्बन-प्रधान क्षेत्रों में अधिक ऋण देने वाले बैंकों पर बढ़ सकता है जोखिम

नयी दिल्ली। कार्बन-प्रधान क्षेत्रों को अधिक कर्ज देने वाले बैंकों को समय के साथ अधिक ऋण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है, जिससे निगरानी और वसूली की लागत बढ़ सकती है। आईआईएम लखनऊ के शोधकर्ताओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

संस्थान के शोधकर्ताओं की टीम ने इस अध्ययन के जरिए यह समझने का प्रयास किया कि कार्बन-प्रधान क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋण का बैंकों की दीर्घकालिक वित्तीय स्थिति और कार्यकुशलता पर क्या प्रभाव पड़ता है। इसमें कहा गया है कि स्थिरता और वित्तीय प्रदर्शन आपस में जुड़े हुए हैं और वैश्विक स्तर पर कम-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर हो रहे बदलाव के साथ वित्तीय रणनीतियों का तालमेल जरूरी है। बैंक सीधे कार्बन उत्सर्जन नहीं करते, लेकिन जीवाश्म ईंधन और भारी उद्योग जैसे अधिक प्रदूषण वाले क्षेत्रों को वित्तपोषण देकर अप्रत्यक्ष रूप से इसमें भूमिका निभाते हैं। वित्तीय संस्थान ऐसे परिवर्तन संबंधी जोखिमों का सामना कर रहे हैं, जो पारंपरिक जोखिम आकलन में तुरंत दिखाई नहीं देते। यह शोध इस बात पर जोर देता है कि बदलती जलवायु नीतियों के संदर्भ में दीर्घकालिक दृष्टिकोण से क्षेत्रीय जोखिमों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

# कंपनियों की पूंजी 4.13 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 4,13,003.23 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ।

पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,230.7 अंक या 5.77 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 1,337.5 अंक या 5.88 प्रतिशत के लाभ में रहा। अमेरिका-ईरान के बीच अस्थायी युद्धविराम को लेकर बाजार की धारणा मजबूत बनी रही। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक



(एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 91,282.67 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,478.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 76,036.36 करोड़ रुपये बढ़कर 9,46,741.85 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 60,980.35 करोड़ रुपये बढ़कर 5,75,206.47 करोड़ रुपये हो गई। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 47,624.97 करोड़ रुपये बढ़कर 5,44,736.59 करोड़ रुपये रहा, जबकि भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 45,873.43 करोड़ रुपये बढ़कर 10,66,293.69 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 43,614.67 करोड़ रुपये बढ़कर 9,84,629.98 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मूल्यांकन 26,303.49 करोड़ रुपये बढ़कर 9,13,331.92 करोड़ रुपये रहा।

## पश्चिम एशिया संघर्ष ऊर्जा सुधारों, उद्योग के लिए बिजली की लागत घटाने का बड़ा अवसर

मुंबई। पश्चिम एशिया संघर्ष ने जहां ऊर्जा के मोर्चे पर भारत की कमजोरी को उजागर किया है, वहीं यह वृद्धि के लिए जरूरी क्षेत्रों में सुधार शुरू करने और उद्योग के लिए बिजली की दरें घटाने का अच्छा अवसर है।

एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री ने यह बात कही है। भविष्य की वृद्धि के लिए ऊर्जा का इस्तेमाल सावधानी से करने की जरूरत है। हमारे पास दुनिया की सबसे सस्ती ऊर्जा है। घरों और किसानों के लिए दुनिया की सबसे सस्ती बिजली है, और हमारे पास उद्योग और वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए दुनिया की सबसे महंगी बिजली है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश, जिसके पास ऊर्जा की कमी है, उसे सबसे पहले उसकी कीमत ठीक करनी चाहिए, जिससे भविष्य की वृद्धि का मार्ग सुनिश्चित हो सके। मिश्रा ने कहा कि मैं सरकार से बार-बार कह रहा हूं कि देखिये, यह जरूरी है कि उद्योग को सस्ती बिजली मिले क्योंकि तब आप नौकरियां पैदा करते हैं। लोगों को मुफ्त बिजली देने के बजाय उन्हें बिजली के दाम देने में सक्षम बनाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि एक महीने से ज्यादा समय से चल रहा पश्चिम एशिया संघर्ष ऊर्जा की सही कीमत तय करने का एक बड़ा मौका है।

# कोल इंडिया खुद उठा रही है लागत का बोझ

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) उपभोक्ताओं को कोयले की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए बढ़ती कच्चे माल की लागत खुद वहन कर रही है।



औद्योगिक डीजल जैसे प्रमुख कच्चे माल के खर्च में पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद तेज बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इस अतिरिक्त लागत को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा रहा है, क्योंकि ऐसा करने से कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ सकता है। कंपनी अपनी खदानों में काम कर रहे ठेकेदारों को बढ़ी हुई डीजल कीमतों का मुआवजा भी दे रही है। खुले खनन में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के प्रमुख घटक अमोनियम नाइट्रेट की कीमत एक अप्रैल तक 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इसके कारण विस्फोटकों की औसत लागत मार्च के अंत तक लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर करीब 49,800 रुपये प्रति टन हो गई। कंपनी की अनुषंगी इकाइयां हर साल करीब नौ लाख टन विस्फोटकों का उपयोग करती हैं और इस पूरी अतिरिक्त लागत को कोल इंडिया खुद वहन कर रही है। डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो मार्च के मध्य में लगभग 92 रुपये प्रति लीटर थी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने करीब 4.19 लाख किलोलीटर डीजल का उपयोग किया। लागत में बढ़ोतरी के बावजूद कोयले को किफायती बनाए रखने के लिए कंपनी ने कई कदम उठाए हैं। इनमें कुछ ई-नीलामी में आरक्षित मूल्य कम करना, नीलामी की संख्या बढ़ाना और बाजार में अधिक मात्रा उपलब्ध कराना शामिल है। इन उपायों का उद्देश्य उद्योगों और उपभोक्ताओं को बढ़ती ऊर्जा लागत के प्रभाव से बचाना है, ताकि कोयले की कीमतें स्थिर बनी रहें। अधिकारियों के अनुसार, यदि बढ़ती लागत को सीधे उपभोक्ताओं पर डाला गया, तो इसका व्यापक और क्रमिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट से पहले अगस्त, 2025 से जनवरी, 2026 तक अमोनियम नाइट्रेट की कीमतें स्थिर थीं, लेकिन इसके बाद इनमें तेजी आई, जिससे विस्फोटकों की लागत बढ़ गई।

# उच्च भंडार, मजबूत वैश्विक कीमतों के बीच फरवरी में कोयला आयात 8.5 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। देश में घरेलू कोयले के रिकॉर्ड भंडार और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में मजबूती के कारण फरवरी में भारत का कोयला आयात 8.5 प्रतिशत घटकर 1.65 करोड़ टन रह गया।



फरवरी 2024-25 में यह आयात 1.81 करोड़ टन था। वहीं, जनवरी 2026 के 1.66 करोड़ टन के मुकाबले फरवरी में आयात लगभग स्थिर रहा। एमजंक्शन सर्विसेज एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच है। यह टाटा स्टील और सेल का संयुक्त उद्यम है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि घरेलू कोयले का भंडार अधिक होने और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों के ऊंचे बने रहने से तापीय कोयले के आयात में कमी आई है। उन्होंने कहा कि घरेलू खनन कंपनियां अपने भंडार को कम करने की कोशिश कर रही हैं, इसलिए, इस महीने भी आयात कमजोर रह सकता है। फरवरी में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले का हिस्सा 98 लाख टन रहा, जो पिछले साल के 1.1 करोड़ टन से कम है। वहीं, कोकिंग कोयले का आयात 39 लाख टन रहा, जो पिछले साल के 37.9 लाख टन से थोड़ा अधिक है। अप्रैल से फरवरी, 2025-26 के दौरान गैर-कोकिंग कोयले का आयात 13.76 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 15.22 करोड़ टन से कम है। वहीं, कोकिंग कोयले का आयात 5.43 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष के 4.96 करोड़ टन से अधिक है। कोयला आयात में यह गिरावट देश में कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के प्रयासों के बीच आई है।

## पेज एक का शेष

### दिग्गज गायिका

प्रेमियों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। वह पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों के जीवन में गूंजते रहेंगे। आशा ने अपनी बहन लता के साथ मिलकर सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। बॉलीवुड में फिल्मी अभिनेत्रियों के लिए रिकॉर्ड किए गए लगभग हर फिल्मी गाने में उन्होंने अपनी आवाज दी। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने अविश्वसनीय रूप से 12,000 गाने रिकॉर्ड किए। उनका पहला गाना 1943 में 10 वर्ष की आयु में मराठी फिल्म माझा बल के लिए था। उन्होंने 2010 के दशक के अंत तक और उसके बाद भी गायन जारी रखा, जिससे वह वैश्विक संगीत इतिहास में सबसे लंबे समय तक गायन करने वाली गायिका बन गईं।

### अमेरिका-ईरानी

पिछले 24 घंटे में कई दौर की गहन और रचनात्मक चर्चाओं में मध्यस्थता की। डार ने प्रगति की उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों पक्षों को स्थायी शांति और क्षेत्रीय स्थिरता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। यह संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ था, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हुआ और व्यापार बाधित हुआ। ईरान ने वार्ता के लिए 10 सूत्री योजना रखी थी, जिसमें पश्चिम एशिया से अमेरिकी सेनाओं की वापसी, ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाया जाना और उसे होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण की अनुमति देना शामिल था।

### माफिया व गुंडों

आचरण इससे उलट है। बंगाल में मां रो रही है, माटी घुसपैठियों के कब्जे में जा रही है, मानुष भयभीत है। बंगाल में राजनीतिक हत्याएं, हत्या के प्रयास और बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ हो रहा है। सीएम ने टीएमसी मतलब तुष्टिकरण, माफियाराज व कट-मनी/करप्शन बताया।

### तृणमूल व

आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बंगाल की जनता उर्दू नहीं, बांग्ला ही बोलेगी। यहां कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलने दी जाएगी।

सीएम योगी ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है। हमारे कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई, सुशोभन का हाथ काट दिया गया। कई कार्यकर्ताओं के घर उजाड़ दिए गए। तृणमूल की गुंडागर्दी के ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं। सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली में मोदी जी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर ममता दीदी मौन रहीं। भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए। वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्राफी को बदलना चाहते हैं। मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर, नादिया, बीरभूम व हावड़ा जैसे जिलों में सामाजिक संतुलन बिगाड़ने की चेष्टा हो रही है। लगभग 570 किमी सीमा पर फेंसिंग जरूरी है, ताकि अवैध गतिविधियों व घुसपैठ पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस ने भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जा सकती। ये लोग नवरात्र पूजा में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं। मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की दुर्दशा को देखकर दुख होता है। बंगाल भारत के अध्यात्म, संस्कृति, कला-शिक्षा की धरती है। इस धरती ने उच्चकोटि के आध्यात्मिक साधक दिए हैं। अपनी उद्यमिता, परिश्रम, कल-कारखानों, युवाओं की प्रतिभा, श्रमिकों के श्रम से बंगाल एक समय भारत की जीडीपी का बड़ा हिस्सा उपलब्ध कराता था। लेकिन पहले कांग्रेस, फिर वामपंथ और 15 वर्ष से तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को कंगाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उत्तर प्रदेश में आलू उत्पादक किसानों को 15-16 रुपये किलो का दाम मिल रहा है, जबकि यहां सिर्फ एक से डेढ़ रुपये। यहां किसान कर्ज लेने को मजबूर है। टीएमसी सरकार बंगाल को फिर से उसी त्रासदी की ओर ले जा रही है, जिसका उल्लेख आनंद मठ के माध्यम से बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने किया था। उस समय अकाल था, लेकिन आज सरकार द्वारा पाले गए गुंडे शोषण कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि तृणमूल ने बंगाल की पहचान को संकट में लाकर खड़ा कर दिया। पीएम मोदी गरीबों के मकान, राशन, स्वास्थ्य, किसान, गांव के विकास के लिए जो पैसा भेजते हैं, वो पैसा टीएमसी के गुंडे हजम कर जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आज पश्चिम बंगाल में है, 9 वर्ष पहले यही स्थिति उत्तर प्रदेश में भी थी। वहां त्योहारों के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। गुंडे-माफिया समानांतर सत्ता संचालन करते थे। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में जनता-जनार्दन ने डबल इंजन सरकार बनाई तो आज यूपी में तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है।

### घाटी में लश्कर

के अनुसार, आतंकियों में से एक, जिसकी पहचान उमर उर्फ खरगोश के रूप में हुई है, ने पासपोर्ट हासिल कर लिया था और इसके बाद वह इंडोनेशिया फरार हो गया। माना जा रहा कि वहां से उसने एक और फर्जी यात्रा दस्तावेज का इस्तेमाल किया और फिलहाल वह किसी खाड़ी देश में छिपा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कराची निवासी उमर ने 2012 के बाद भारत में घुसपैठ की थी और राजस्थान के जयपुर से प्राप्त जाली पासपोर्ट का इस्तेमाल करके 2024 में भाग गया था।

### नशे के खिलाफ

कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने रन फॉर अवेयरनेस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। एमबी इंटर कॉलेज मैदान से शुरू हुई इस रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सकारात्मक सोच को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहते हुए स्वस्थ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण जीवन अपनाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि राज्य सरकार नशे की समस्या से निपटने के लिए बहुस्तरीय रणनीति पर कार्य कर रही है। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सशक्त किया गया है, जो अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने और उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए हुड़दंगिया क्लबड्ड जैसी पहल शुरू की गई है, जिससे उन्हें अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाने का अवसर मिल रहा है और वे नशे से दूरी बना पा रहे हैं।

### सीएम योगी के

सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहयोग हमेशा मिलता रहा है, जिसकी वजह से लखनऊ में लगातार विकास हो रहा है। हालांकि, कुछ समस्याएं ऐसी हैं जिन्हें दूर करना मुश्किल होता है। राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में भारत की स्थिति को भी रेखांकित किया। उन्होंने पश्चिमी एशिया की संकटपूर्ण स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, आज दुनिया में अमेरिका और इजराइल एक तरफ हैं और ईरान दूसरी तरफ, सभी देशों के बीच तनाव है। लेकिन सबसे बड़ी सूझबूझ की भूमिका भारत ने निभाई है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि कई देशों में एलपीजी गैस और पेट्रोल की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है, लेकिन भारत में यह स्थिर बनी हुई है। कुछ लोगों ने होल्डिंग लगाकर दुष्प्रचार करने की कोशिश की थी, लेकिन कीमतें भारत में अभी भी स्थिर हैं। उन्होंने भारत की विदेश नीति को लेकर कहा, आज भारत का प्रभाव बढ़ा है, खासकर पश्चिमी एशिया में। भारत के रिश्ते अमेरिका और अन्य देशों के साथ मजबूत हुए हैं। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि लखनऊ, पहले की अपेक्षा आज बेहतर हो गया है।

### 9वीं पुण्यतिथि

और भंडारे का प्रसाद वितरण भी किया। इसी क्रम में एनसीसी के कैडेट्स द्वारा क्लॉथ डोनेशन बैंक-बीबीडी जनसिटी जंक्शन द्वारा किया गया। एनएसएस छात्रों द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 100 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तरधौना गांव में लीगल अवेयरनेस कैंप, साइबर फ्रॉड अवेयरनेस-डिजिटल शिक्षा से सुरक्षा तक एवं महिला सशक्तिकरण पर लोगों को जागरूक किया गया। ग्रीन एन्थम डोनेशन ड्राइव द्वारा समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को गेहूं, चावल दाल, रिफाइंड, ग्रोसरी आइटम एवं कपड़े दिये गये। बीबीडी कैम्पस में स्थित ऑडिटोरियम में इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन एआई इन डिजिटल ग्रोथ का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत डॉ.अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल पर लेक्चर हुआ, जिसके मुख्य वक्ता डॉ. निश्चल कुमार वर्मा, आईआईटी,कानपुर थे। उन्होंने उनके सामाजिक, शैक्षिक एवं खेल के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान एआई इन डिजिटल ग्रोथ विषय पर पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ. निश्चल कुमार वर्मा,आईआईटी कानपुर,ने एआई के विविध उपयोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई हम सबको मदद करने के लिए है, जिससे हम अपने जीवन में अच्छे से काम कर सकें। एआई का सुरक्षित उपयोग बहुत जरूरी है। डॉ जगदीश चंद्र बंसल, साउथ एशिया यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली कि ड्रोन एवं टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने ड्रोन टेक्नोलॉजी में एआई के उपयोग पर बात की। सभी वक्ताओं ने एआई पर विस्तार से बताकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अन्त में डीन,स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग ने कहा कि यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ। सभी पैनल वक्ताओं एवं उपस्थित लोगों को धन्यवाद प्रेषित कर आभार प्रकट किया। इसी क्रम में बीबीडी कैम्पस में श्रद्धाभोज का आयोजन किया,जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बीसीपीएल टीम द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन टाइम्स स्क्वायर में किया गया। कॉरपोरेट आफिस व सेंट्रल स्टोर बीबीडी ग्रीन सिटी में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। ओल्ड एजहोम- वेलनेस एंड हेल्थ, डिजिटल अवेयरनेस, स्टोरीटेलिंग, शेयरिंग एंटरटेनमेंट एंड फन एक्टिविटिज, आस्था होम रिसॉर्ट रसूलपुर सादात लखनऊ का आयोजन किया गया। निःशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मे का वितरण राजेंद्र नगर पानी टंकी पार्क लखनऊ एवं नई बस्ती मैदान उदयगंज में किया गया। अखिल ज्योत निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर दंत परामर्श कल्याण मंडप, सुदर्शन पुरी कॉलोनी, ऐशबाग में किया। फल वितरण मदर टेरसा आश्रम सप्रू मार्ग, लखनऊ में भी किया गया। अखिलेश दास गुप्ता स्कूल द्वारा स्कूलों को सशक्त बनाने की पहल का आयोजन प्राइमरी स्कूल फैजुल्लागंज, बंकी, बाराबंकी में कर रहा है। फॉर्च्यून होटल द्वारा सीएसआर एक्टिविटी, श्रीराम उद्योग अनाथालय में आयोजित किया। यू.पी. बैडमिंटन एकेडमी गेट नं. 1 पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।




# बेंगलुरु ने मुंबई को 18 रन से हराया

## आईपीएल : सॉल्ट, कोहली और पाटीदार ने फिफ्टी लगायी, 4 बॉलर्स को एक-एक विकेट

एजेंसी

मुंबई। आईपीएल 2026 का 20वां मैच रविवार को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मैच में आरसीबी ने 18 रनों से जीत हासिल की। ये मैच मुंबई के वानखेड़े मैदान पर हुआ। जहां टॉस जीतकर मुंबई ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। आरसीबी ने रजत पाटीदार, कोहली और सॉल्ट की फिफ्टी के दम पर 240 रन बनाए थे। लेकिन इसके जवाब में मुंबई की टीम 222 रन ही बना सकी। 241 रनों के जवाब में उतरी मुंबई की पारी का आगाज रोहित शर्मा और रिकेल्टन ने किया। दोनों ने 72 रन जोड़े। लेकिन इससे पहले रोहित शर्मा रिटायर्ड आउट हो गए। वहीं, रिकेल्टन 37 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तिलक 1 रन बनाकर आउट हुए। 13वें ओवर में सूर्या 33 रन बनाकर आउट हो गए।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिन के दूसरे आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस को 241 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में टक ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 240 रन बनाए। फिल सॉल्ट ने 78, विराट कोहली ने 50 और रजत पाटीदार ने 53 रन बनाए। ट्रेंट बोल्ट, हार्दिक पंड्या, मिचेल सैंटनर और शार्दूल ठाकुर ने एक-एक विकेट लिए। 17वें ओवर में बेंगलुरु ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जितेश शर्मा ने बुमराह की आखिरी बॉल पर सिंगल लेकर टीम को 200 पार पहुंचाया। 16वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान रजत पाटीदार 53 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने दूसरा विकेट गंवाया।

यहां पर विराट कोहली 38 बॉल पर 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हार्दिक पंड्या ने सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में बेंगलुरु ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। शार्दूल ठाकुर ने ओवर की पहली बॉल वाइड डाली। दूसरी पर चौका पड़ा और तीसरे पर फिर वाइड बॉल डाली। इसी वाइड बॉल से बेंगलुरु का 150वां रन बना। शार्दूल के इस ओवर से 23 रन बनाए। 12वें ओवर में मयंक मार्कंडे ने 20 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में रजत पाटीदार ने लगातार तीन छक्के लगाए।



उन्होंने दूसरी, तीसरी और चौथी बॉल पर छक्का मारा। 11वें ओवर में बेंगलुरु ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर फिल सॉल्ट 36 बॉल पर 78 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शार्दूल ठाकुर ने हार्दिक पंड्या के हाथों कैच कराया। इसी के साथ 120 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप ब्रेक हुई।

9वें ओवर में बेंगलुरु ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। विराट कोहली ने मिचेल सैंटनर की बॉल पर चौका लगाकर टीम को ट्रिपल डिजिट तक पहुंचाया। इसी के साथ उन्होंने सॉल्ट के साथ शतकीय साझेदारी भी की। 8वें ओवर में फिल सॉल्ट ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने मयंक मारकंडे के खिलाफ ओवर की पहली ही गेंद पर चौका लगाया और 25 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। इस ओवर में उन्होंने लगातार 3 चौके के बाद एक छक्का भी लगाया। ओवर में 20 रन बने। आरसीबी ने शुरूआती 6 ओवर में बगैर नुकसान के 71 रन बना लिए। फिल सॉल्ट और विराट कोहली पिच पर मौजूद रहे। 5वें ओवर में लेफ्ट आर्म स्पिनर मिचेल सैंटनर बॉलिंग करने आए। उनके खिलाफ फिल सॉल्ट ने शुरूआती 3 गेंदों पर ही लगातार 3 छक्के लगा दिए।

चौथी गेंद पर सॉल्ट ने चौका लगाया। सैंटनर ने मिनी कमबैक किया और अगली 2 गेंदों पर कोई रन नहीं बनने दिया। ओवर से फिर भी 22 रन बन गए। इसी ओवर में टीम की फिफ्टी भी पूरी हो गई। तीसरे ओवर में फिल सॉल्ट चोटिल हो गए।

ओवर की तीसरी गेंद ट्रेंट बोल्ट ने शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी। बॉल सॉल्ट के पेट के निचले हिस्से में लग गई। कुछ देर दर्द में रहने के बाद उन्होंने फिर बैटिंग शुरू की। अगली बॉल बोल्ट ने शॉर्ट पिच फेंकी, सॉल्ट ने यहां सिक्स लगा दिया। मैच शुरू होने से पहले स्टेडियम में गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को उनका निधन हो गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी याद में सभी प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे। मैदान में आशा भोसले के गाने भी बजाए गए। आरसीबी के लिए फिल सॉल्ट और विराट कोहली ओपनिंग करने उतरे। मुंबई से ट्रेंट बोल्ट ने पहला ओवर फेंका। विराट ने ओवर की तीसरी गेंद पर स्क्वेयर लेग की दिशा में मैच का पहला सिक्स लगाया। वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज नितीश राणा पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना 19वें ओवर में घटी जब अंपायर ने ट्रिस्टिन स्टब्स के गीले दस्ताने बदलने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद राणा और अंपायर में तीखी बहस हुई। स्टब्स ने उमस भरे वातावरण में अत्यधिक पसीने के कारण अपने दस्ताने बदलने का अनुरोध किया था। राणा ने आउट होने के बाद चौथे अंपायर से भी बहस की, जिसके लिए उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया।

### चार ओवर में चार विकेट गिरना टर्निंग पॉइंट था: वेणुगोपाल राव

चेन्नई। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार चार ओवर में चार विकेट गिरना टर्निंग पॉइंट था जिससे उनकी टीम को 23 रन से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 61 रन बनाए थे, लेकिन केएल राहुल (18), पथुम निसांका (41), अक्षर पटेल (01) और समीर रिजवी (06) के आउट होने से स्कोर चार विकेट पर 76 रन हो गया। वेणुगोपाल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी में हमारी तरफ से कुछ कमी रह गई। चार ओवरों में चार विकेट गंवाना टर्निंग पॉइंट था। इस प्रारूप में लगातार विकेट गंवाने से टीम को नुकसान होता है।

# प्रसिद्ध की शानदार गेंदबाजी से टाइटंस ने सुपर जायंट्स को हराया



लखनऊ। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से शिकस्त दी। सुपर जायंट्स को आठ विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए।

सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (चार ओवर में 32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए। सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ज्षभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों ने रक्षात्मक नीति अपनाते हुए शुरुआती चार ओवरों में सिर्फ 25 रन बनाए। शुभमन गिल ने पांचवें ओवर में शमी के खिलाफ छक्का और तीन चौके लगाकर ओवर से 20 रन बटोरे। गिल ने इस दौरान आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए राठी ने पहली ही गेंद पर सुदर्शन को चलता किया। क्रीज पर आए बटलर ने इसी ओवर में चौके से टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। राठी के अगले ओवर में पंत ने बटलर का आसान कैच टपका कर उन्हें जीवनदान दिया। गिल ने दूसरे छोर से जॉर्ज लिंडे के खिलाफ चौका लगाया, तो वहीं बटलर ने जोखिम लिए बिना आवेश और राठी की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा। गिल ने 12वें ओवर में आवेश खान के खिलाफ एक रन चुराकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, तो वहीं बटलर ने ओवर का समापन हैट्रिक चौकों से किया।

उन्होंने लिंडे की गेंद पर एक रन दौड़कर 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। टी20 प्रारूप में यह बटलर का 100वां अर्धशतक है। प्रिंस ने गिल को, तो वहीं शमी ने बटलर को आउट कर टाइटंस को सात गेंद के अंदर दो झटके देकर टीम की वापसी कराने की कोशिश की, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 21) और राहुल तेवतिया (नाबाद 10) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने की औपचारिकता पूरी की। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मिचेल मार्श (चार गेंद में 11 रन) ने दूसरे ओवर में रबाडा का स्वागत लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर किया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के इस अनुभवी गेंदबाज ने धीमी गेंद पर उन्हें चकमा देकर गिल के हाथों कैच करा दिया। मारक्रम ने इस ओवर का अंत चौके से किया, जिससे टीम ने 19 रन बटोरे।

## संक्षेप

### खेलो इंडिया में केरल ने 35 पदक जीते

तिरुवनंतपुरम। केरल रविवार को यहां अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग दक्षिण क्षेत्र ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में कुल 35 पदक जीतकर चैंपियन बना। एक बयान के अनुसार शनिवार से कार्यवट्टम में आयोजित दो-दिवसीय इस प्रतियोगिता में मेजबान राज्य ने 11 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तमिलनाडु 14 पदक (सात स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कर्नाटक सात पदक (दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जबकि तेलंगाना पांच पदक (एक स्वर्ण और चार रजत) के साथ चौथे स्थान पर रहा। इस चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के खेलो इंडिया डिवीजन, भारतीय साइकिलिंग महासंघ और केरल साइकिलिंग संघ ने मिलकर कार्यवट्टम स्थित वेलोड्रोम में किया।

### अर्जुन और आदित्य ने अमेरिकी ओपन पिकलबॉल में जीता स्वर्ण

मुंबई। अर्जुन सिंह और आदित्य सिंह ने फ्लोरिडा के नेपल्स में अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में राइडर ब्राउन और सोली मेसिरी की शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन और आदित्य ने अंडर-18 लड़कों के युगल वर्ग में अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 11-1, 11-5 से जीत दर्ज की। भारत की नागा मोक्षा ने महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय पिकलबॉल संघ को मान्यता मिलने के बाद यह पहली बार है जब कोई भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है जो अपने 10वें सत्र का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में भारत की अंडर-18 लड़कों की तीन युगल टीम ने हिस्सा लिया। बाकी दो जोड़ियां जीत सूद और युवराज सिंह तथा पंथ ठक्कर और अथर्व सेठ की थी। ठक्कर और सेठ को अर्जुन और आदित्य के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जबकि जीत और युवराज का अभियान राउंड ऑफ 32 में खत्म हो गया था।

# हैंडबॉल : नोएडा ब्लास्टर्स ने काशी किंग्स को हराया

लखनऊ। नोएडा ब्लास्टर्स ने 'यूपी प्रो हैंडबॉल लीग' में रविवार को एक हाईवोल्टेज व तेज एक्शन भरे मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए होड़ को रोमांचक बना दिया। नोएडा ब्लास्टर्स ने चौथे दिन शानदार खेल दिखाते हुए अब तक अजेय चल रही काशी किंग्स को 36-24 के अंतर से शिकस्त दी। दिन के अन्य मुकाबलों में गोरखपुर राउडीज ने तीसरी जीत दर्ज की, जबकि मथुरा ब्रज स्टार ने गाजियाबाद को हराकर जीत की राह पर वापसी की। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में खेली जा रही लीग का टाइटल स्पांसर टाटा कैपिटल है। आज नोएडा ब्लास्टर्स ने काशी किंग्स के खिलाफ 36-24 से जीत दर्ज की। नोएडा के खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही आक्रामक तालमेल दिखाया। टीम की जीत में तौसीफ ने सर्वाधिक आठ गोल किए। जगमीत ने सात जबकि मिंटू व मनकेश ने 6-6 गोल किए। काशी की ओर से मोहित ने 6 जबकि विमलेश व विपुल ने पांच-पांच गोल किए।

> तीसरी जीत से गोरखपुर राउडीज का जलवा कायम, मथुरा ब्रज स्टार की जोरदार वापसी

नोएडा ने पहले हॉफ में 15-11 की बढ़त बना ली। हालांकि काशी किंग्स के खिलाड़ियों ने वापसी की कोशिश में कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन जीत फिर भी टीम से दूर रही। मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर नोएडा के ध्रुव जाधव चुने गए। वहीं गोरखपुर राउडीज ने बर्बरीक वारियर्स को 29-18 से हराकर लीग में तीसरी जीत अपने नाम की। गोरखपुर पहले हॉफ में 10-5 से आगे थी। टीम से क्रिशन ने सबसे ज्यादा नौ गोल किए जिन्हें मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर का पुरस्कार मिला। बर्बरीक वारियर्स से आमिर व अंशू ने चार-चार गोल दागे। एक अन्य मैच में मथुरा ब्रज स्टार ने गाजियाबाद पैंथर्स को 29-18 से हराकर दूसरी जीत हासिल की।

### भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण जीतकर साख बचायी

पुएबला (मेक्सिको)। भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और प्रगति की कंपाउंड महिला तिकड़ी ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में अमेरिका को 233-232 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। यह इस सत्र की शुरुआती प्रतियोगिता में भारत का पहला पदक है, जो बड़ी राहत बनकर आया, क्योंकि रिकर्व और पुरुषों के कंपाउंड वर्ग के कोई भी तीरंदाज अपने लक्ष्य को भेद नहीं पाए और खाली हाथ लौटे। भारत की कंपाउंड मिश्रित टीम प्रगति और ओजस प्रवीन देवताले को शनिवार को कांस्य पदक मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद अमेरिका की जोड़ी एलेक्सिस रूइज और स्टीफन हेंसन के हाथों 154-155 से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारतीय टीम का अभियान समाप्त हो गया। रिकर्व वर्ग का कोई भी प्रतिभागी पदक दौर तक नहीं पहुंच पाया, जिसमें पूर्व ओलंपियन तरुणदीप राय, अतनु दास, धीरज बोम्मादेवरा और दीपिका कुमारी शामिल हैं। भारतीय तीरंदाज प्री-क्वार्टरफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए। दास और धीरज अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से हारकर बाहर हो गए।

# इंटर काशी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को हराया

कोलकाता। मोहम्मद आसिफ के पहले हाफ में किए गए गोल की बदौलत इंटर काशी ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत से इंटर काशी आठ मैच में 11 अंक के साथ तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि मोहम्मडन सात मैच में बिना किसी अंक के सबसे निचले स्थान पर बना हुआ है।



इंटर काशी के लिए आसिफ ने 15वें मिनट में गोल किया। वहीं दूसरी ओर बायर्न म्यूनिख ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा में एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का अपना ही 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लियोन गोरेत्ज़्का का गोल बायर्न का लीग में इस सत्र का का 102वां गोल था जिससे उसने नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले का रिकॉड (101 गोल) भी बायर्न के नाम पर ही दर्ज था जो उसने 1971-72 में बनाया था। बायर्न ने इस मैच में सेंट पाउली को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से बायर्न ने रियाल मैड्रिड के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग मैच के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत भी पेश किया और बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 12 अंकों की बढ़त बनाकर बुंडेसलिगा में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। प्रतियोगिता में अभी पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। जमाल मुसियाला ने नौवें मिनट में हेडर से गोल करके फ्रैंज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर की मौजूदगी वाली बायर्न की 1971-72 की टीम के 101 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। गोरेत्ज़्का ने 53वें मिनट में वॉली से गोल करके रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इसके ठीक एक मिनट बाद माइकल ओलिस ने गोल संख्या को 103 तक पहुंचाया। निकोलस जैक्सन ने बायर्न के लिए चौथा गोल दागा और राफेल गुएरेइरो ने इस सत्र में उसकी गोल संख्या 105 कर दी। बायर्न 29 मैच में 76 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। डॉर्टमुंड 29 मैच में 64 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स की भिड़ंत सनराइजर्स से

एजेंसी



हैदराबाद। बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी। रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है। टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है।

जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है। तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए। कप्तान रियान पराग की अगुआई वाले मध्य क्रम की अब तक अधिक परीक्षा नहीं हुई है। हालांकि मध्य क्रम के बल्लेबाज अब तक मिले सीमित मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और शायद यह टीम के दमदार अभियान में एकमात्र चिंता की बात है। रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं। जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। वह नौ विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में सबसे ऊपर हैं जबकि रविंद्र जडेजा के टीम से जुड़ने से स्पिन विभाग को और मजबूती मिली है। इसके उलट सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है। टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है।

अपने चार में से तीन मैच हारने के बाद पूर्व चैंपियन टीम छठे स्थान पर हैं। टीम अपनी पुरानी रणनीति पर चल रही है। वे तेज शुरुआत के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी जोड़ी पर निर्भर हैं लेकिन दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कार्यवाहक कप्तान इशान किशन भी अपनी शुरुआती पारी के बाद खराब फॉर्म में हैं। रन बनाने की जिम्मेदारी अधिकतर समय हेनरिक क्लासेन ने निभाई है जिन्होंने चार पारियों में 184 रन बनाए हैं और सनराइजर्स को कछ मौकों पर वापसी दिलाने में सफल रहे हैं। गेंदबाजी हालांकि टीम का कमजोर पक्ष है और नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी ने टीम की परेशानियों को बढ़ा दिया है। गेंदबाजी आक्रमण विरोधी बल्लेबाजों को रोकने में जूझ रहा है विशेषकर बल्लेबाजी के अनुकूल हालात में जिससे बल्लेबाजों पर और दबाव पड़ रहा है। सनराइजर्स को अगर रॉयल्स की लय बिगाड़नी है तो शुरुआती विकेट और चटकाने होंगे तथा गेंदबाजी में एकजुट प्रदर्शन करना होगा। समयः मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

### शिवराज व कमाली मूर्ति बने राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियन

नयी दिल्ली। शिवराज बाबू और कमाली मूर्ति ने रविवार को यहां हुए लिटिल अंडमान प्रो 2026 टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का ओपन सर्फिंग खिताब जीत लिया। शिवराज 13.63 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय चैंपियन बने। उन्होंने श्रीकांत डी को सिर्फ 0.30 अंक के अंतर से हराया, जिनका स्कोर 13.33 रहा। किशोर कुमार 12.87 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे रहे जबकि संजय सेल्वमणि ने एक कड़े मुकाबले में 9.30 अंक बनाए। महिलाओं के ओपन सर्फिंग फाइनल में कमाली का दबदबा देखने को मिला जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव किया। कमाली ने 15.83 का शानदार स्कोर बनाया और शुगर शांति बनारसे (11.64) को 4.19 के अंतर से हराया।

### झारखंड ने सब-जूनियर हॉकी में जीता स्वर्ण

रांची। झारखंड ने डिविजन ए के रोमांचक फाइनल में रविवार को यहां मध्य प्रदेश को 2-1 से हराकर हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में ओडिशा ने उत्तर प्रदेश को 4-2 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। सुगन सांगा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर झारखंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन नाम्मी गीताश्री ने 37वें मिनट में गोल करके दूसरे हाफ में मध्य प्रदेश को बराबरी पर ला दिया।

### अमन व मुकुल को रजत पदक

बिश्केक। ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि मुकुल दहिया भी रविवार को अपना फाइनल हार गए जिससे भारत ने 17 पदक (दो स्वर्ण सहित) से अपने अभियान का समापन किया। भारत ने कुल दो स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य पदक जीते। गैर ओलंपिक पुरुषों के फ्रीस्टाइल 61 किग्रा वर्ग में मुकाबला करते हुए अमन को फाइनल में कोरिया के क्वांग म्योंग किम के हाथों 10-13 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पुरुषों के 86 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में मुकुल को ईरान के कामरान जी घासेमपोर के हाथों 0-7 से हार मिली जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# सावन बरवाल ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी

रोटरडैम (नीदरलैंड)। सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया।

हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दूसरे भारतीय धावक गोपी थोनकल ने 42.195 किलोमीटर की दूरी दो घंटे 13 मिनट और 16 सेकंड में पूरी करके 23वां स्थान हासिल किया। बरवाल




की उपलब्धि इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि रोटरडैम में आयोजित यह मैराथन उनकी पहली मैराथन थी। जनवरी में अमेरिका में आयोजित विश्व एथलेटिक्स कॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद यह इस सत्र की उनकी दूसरी प्रतियोगिता थी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंदर नगर के एक गांव से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय बरवाल ने कई वर्षों तक कड़ी मेहनत की है और खुद को एक बेहतर लंबी दूरी के धावक के रूप में स्थापित किया है। बरवाल ने कहा कि आखिरी पांच किलोमीटर की दौड़ के दौरान मौसम काफी ठंडा था, जिससे सामंजस्य बिठाने में उन्हें परेशानी हुई।

उन्होंने कहा, मौसम काफी ठंडा था। पानी के स्टेशन पर मैंने गलती से अपने सिर पर पानी डाल लिया। उन्होंने कहा, 37 किलोमीटर तक मैं आराम से दौड़ रहा था, लेकिन आखिरी दो किलोमीटर काफी मुश्किल भरे थे, क्योंकि मुझे फिनिश लाइन पार करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की याद में जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास


राजेन्द्र नगर में आई चेकअप कैंप का निरीक्षण करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास


उदयगंज में आई चेकअप कैंप में लोगों का अभिवादन करते विराज सागर दास और देवांशी दास


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर नमन करते वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि पर मदर टेरेसा आश्रम में फल का हुआ वितरण


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करतीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास


बीबीडी ग्रीन सिटी सेंटर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद बांटते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास


ऐशबाग सामुदायिक केन्द्र पर हुआ डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विराज सागर दास व देवांसी दास


बीबीडी कर्मचारियों के लिए आयोजित भोज में प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं अन्य


ऐशबाग सामुदायिक केन्द्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

फोटो : समीर भटनागर

इंटरटेनमेंट...

# आशा भोसले के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर




नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख विजया रहाटकर ने रविवार को प्रख्यात गायिका आशा भोसले को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से संगीत जगत खामोश हो गया। रहाटकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दशकों तक भोसले की आवाज ने लाखों दिलों को छुआ और कई पीढ़ियों को अनगिनत यादगार गीत दिए। एनसीडब्ल्यू प्रमुख ने उनकी आवाज को महज संगीत से कहीं अधिक बताते हुए कहा कि यह भावनाओं की गहराई, ऊर्जा और जीवन के उत्सव दर्शाती है। उन्होंने कहा, रसिया ओ रसिया और दम मस्त कलंदर से लेकर ये क्या हुआ, जो वादा किया और अनगिनत गीत, उनकी सदाबहार आवाज कई पीढ़ियों के दिलों को छुएगी और भले ही वह अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन संगीत की दुनिया में खामोशी छोड़ रही उनकी आवाज हमेशा हमारे दिलों में बसी रहेगी। भोसले का 92 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। उन्हें सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण शनिवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं दूसरी ओर दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर फिल्म उद्योग से जुड़े कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में शरीर के कई अंगों के काम बंद करने के बाद भोसले का 92 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। अनुभवी अभिनेत्री-नेता हेमा मालिनी, अभिनेता अक्षय कुमार, फिल्मकार करण जौहर, अभिनेता जेआर एनटीआर और विक्की समेत कई हस्तियों ने सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दीं। हेमा मालिनी ने कहा कि उनका भोसले के साथ गहरा भावनात्मक जुड़ाव था और इतनी जीवंत शख्सियत के चले जाने पर विश्वास करना मुश्किल है।



उन्होंने लिखा, उनकी अनोखी आवाज़ और अंदाज़ ने मेरे कई गीतों को लोकप्रिय बनाया। मेरा लता मंगेशकर और आशा जी दोनों के साथ बेहद खास रिश्ता था, जिन्होंने फिल्म उद्योग में मेरे सफर में अहम योगदान दिया। यह महाराष्ट्र और पूरे भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। अक्षय कुमार ने लिखा, आशा भोसले जी के निधन से जो क्षति हुई है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उनकी सुरीली आवाज हमेशा अमर रहेगी। ओम शांति।



करण जौहर ने कहा कि उनकी आवाज बेमिसाल थी। उन्होंने कहा, आपका संगीत हमेशा जीवित रहेगा और हम खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि हमने आपका जादू महसूस किया। अभिनेत्री काजोल ने याद किया कि उन्होंने 19 साल की उम्र में आशा भोसले को रिकॉर्डिंग करते देखा था। उन्होंने लिखा, आशा ताई एक महान शख्सियत थीं, हैं और हमेशा रहेंगी एक गायिका, एक व्यक्तित्व और एक इंसान के रूप में। उनकी जिंदगी, खाने और हास्य के प्रति प्रेम और सबसे बढ़कर उनकी गायकी अद्भुत थी उन्हें वर्णित करने के लिए एक ही शब्द है- शानदार। तेलुगु अभिनेता जूनियर एनटीआर ने कहा कि उनकी जादुई आवाज़ दशकों तक भारतीय सिनेमा की धड़कन रही। उन्होंने कहा, वह एक ऐसी विरासत छोड़ गई हैं, जो पीढ़ियों तक जीवित रहेगी। अभिनेता विक्की कौशल ने लिखा, आपकी धुनें, आपकी दयालुता और आपकी गर्मजोशी हमेशा जीवित रहेंगी। अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा कि वह उनकी आवाज़ सुनते हुए बड़े हुए हैं। बाजपेयी ने कहा, उनकी आवाज़ में एक जादू था, जो सहजता से अनेक भावनाओं को व्यक्त कर सकती थी। उनका संगीत कालातीत है। फिल्मकार जोया अख्तर ने उनकी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, अविस्मरणीय आशा जी। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा भोसले अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती थीं।







उन्होंने रोमांटिक गीतों से लेकर गजलों तक कई यादगार नगमे गाए। साथ ही कई ऐसे गीत भी गाए, जिन्होंने लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों में अभी न जाओ छोड़ कर, इन आंखों की मस्ती, दिल चीज क्या है, पिया तू अब तो आजा, दुनिया में लोगों को और जरा सा झूम लूं मैं जैसे गाने शामिल हैं। महान गायिका दिवंगत लता मंगेशकर की छोटी बहन आशा भोसले के परिवार में उनका बेटा आनंद भोसले और पोती जनाई भोसले हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। उन्होंने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी। भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने यह जानकारी दी थी। आशा का विवाह 16 वर्ष की आयु में 1949 में गणपतराव भोसले से हुआ था और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी एवं संगीतकार आर डी बर्मन से विवाह किया। उनके परिवार में बेटे आनंद और पोते-पोतियां हैं। उनके बेटे आनंद ने बताया कि अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांडे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा ने चैन से हम को कभी में खोए हुए प्यार का शोक मनाने के साथ ही आजा, आजा पर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया था और उनकी बहन लता ने सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। बॉलीवुड में महिला मुख्य किरदारों के लिए रिकॉर्ड किए गए लगभग हर फिल्मी गाने में मंगेशकर बहनों की आवाज होती थी। लता मंगेशकर का फरवरी 2022 में 92 वर्ष की आयु में निधन हुआ था। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने अविश्वसनीय रूप से 12,000 गाने रिकॉर्ड किए।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com